तापमान
अधिकतम :33° C
न्यूनतम : 17° C

सेंसेक्स
77,606.43
निफ्टी
23,591.95

सोना 91,085
चांदी 1,02,000

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 28 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 76 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com
चैत्र कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082
27 रमजान 1446 हिजरी
नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## देश धर्मशाला नहीं: अमित शाह

### लोकसभा में आव्रजन बिल पास, गृह मंत्री की लोस में दो टूक

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य होगा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पर चर्चा के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने बिल के प्रावधानों पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य होगा।

बिना कागजात के भारत में प्रवेश करने पर कानून सम्मत तरीके से सख्त कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री ने सख्ती से कहा कि जाली दस्तावेजों के लिए कड़ी सजा के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वीजा की अवधि खत्म होने पर भी देश में रहने वालों को ट्रैक किया जाएगा। शाह ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि जिस तरह के सवाल पूछे गए हैं, उनसे काफी हैरानी होती है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को वोट दिया। हमने बहुमत की सरकार बनाई है। ऐसे में सरकार के पास विदेशी लोगों की घुसपैठ, भारत आने वाले लोगों के पास वैध कागजात हैं या नहीं, इसकी जांच करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि देश धर्मशाला नहीं, यहां आने वालों पर रहेगी पैनी नजर। गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के बाद गुरुवार शाम करीब 6.20 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विधेयक पारित होने का ऐलान किया। पहले स्पीकर बिरला ने विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों पर मतदान की औपचारिकताएं पूरी कीं। विपक्षी सांसदों की तरफ से पेश अधिकांश संशोधन खारिज हो गए। विधेयक पारित होने से पहले लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इमिग्रेशन कोई आइसोलेटेड मुद्दा नहीं है। देश की सीमा में कौन आता है, कब आता है, कितनी अवधि तक आता है और किस उद्देश्य से आता है, यह जानने का अधिकार देश की सरकार के पास है। ऐसा करना सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है।

## शाह के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन के प्रस्ताव का नोटिस खारिज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश का विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस गुरुवार को खारिज कर दिया और कहा कि यह दुर्भावनापूर्ण, बदले की भावना वाला और मीडिया में चर्चा कराने के लिए है। श्री धनखड़ ने सुबह सदन में आवश्यक दस्तावेज रखवाने के बाद सदन को बताया कि श्री शाह के वक्तव्य से किसी के विशेषाधिकार का हनन नहीं हुआ है, इसलिए यह नोटिस अस्वीकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि मीडिया में चर्चा पाने के लिए जल्दबाजी में विशेषाधिकारों से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया गया है, जो दुखद है। सदन को सदस्यों की प्रतिष्ठा को बर्बाद करने का मंच नहीं बनने दिया जाएगा।

## आठ वर्ष में साढ़े आठ लाख नौकरी दीं: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग के 283 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**लखनऊ।** सीएम योगी ने राजधानी लखनऊ में गुरुवार को आयुष विभाग के 283 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनका चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा किया गया है।

लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आठ वर्ष में साढ़े आठ लाख नौकरी दी गई हैं। ये पूरी तरह से सूचितापूर्ण हैं, अन्यथा मामला कोर्ट में हुआ। 163 चिकित्सकों, तीन प्रोफेसर, 96 लैब टेक्नीशियन को पत्र दिया जा रहा है। इसके लिए आयोग को भी बधाई। जिन्हें नियुक्ति पत्र मिल रहा है, उन्हें बधाई। उन्होंने कहा कि किसी भी युवा के लिए शासकीय नौकरी मिलना उसके सपने को उड़ान देने जैसा है। अभिभावकों, मित्रों ने जो सपना देखा वह पूरा हो रहा है। आठ वर्ष पहले यही आयोग भर्ती बोर्ड की क्या स्थिति थी किसी से छिपा नहीं है। अनेक याचिका लंबित थीं। हाईकोर्ट ने भी सरकार के कामकाज पर सवाल उठाया था। सीएम योगी ने आगे कहा कि विभागीय टेक्नोलॉजी से कामकाज को गति दी जा सकती है। हमने महाकुंभ में यही किया। आयुष का अब नया मंत्रालय बन चुका है। हम योग को आगे बढ़ा रहे हैं।

## 27वां रोज़ा

### माहे रमज़ान की रुखसत का पैगाम



आज सत्ताईसवां रोज़ा है। कल छब्बीसवां रोजा और शबे-कद्र (सत्ताईसवीं रात) साथ-साथ थे। यहां यह बात जानना ज़रूरी है कि छब्बीसवां रोज़ा जिस दिन होगा, उसी शाम गुरुबे-आफताब के बाद सत्ताईसवीं रात यानी शबे-कद्र भी शुरू हो जाएगी। छब्बीसवें रोज़े के साथ ताक रात यानी शबे-कद्र आएगी ही। सत्ताईसवां रोज़ा, तो वैसे भी दोज़ख से निजात के अशरे में अपनी अहमियत रखता ही है। सत्ताईसवां रोज़ा दरअसल रोज़ेदार को दोहरे सवाब का हकदार बना रहा है। इस्लाम मजहब में जुमा (शुक्रवार) इबादत और इज्तिमाई नमाज खास दिन माना जाता है। हदीस-शरीफ में है कि जुमे के दिन ही हजरत आदम (अलैहिस्सलाम) को जन्नत से दुनिया में भेजा गया। उन्हें वापस जन्नत भी जुमे के दिन मिली।

# कॉलेजियम की सिफारिश वापस होगी!

## जस्टिस वर्मा के तबादले को लेकर CJI ने दिया बार एसोसिएशन को आश्वासन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अलग-अलग राज्यों की हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सीजेआई से मिले

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले को लेकर गुरुवार को अलग-अलग राज्यों की हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मुख्य न्यायाधीश से मिलने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। उन्होंने मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने आश्वासन दिया है कि वे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश वापस लेने की वकीलों की मांग पर विचार करेंगे। उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ पीठ, गुजरात, केरल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश की जबलपुर पीठ के बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार दोपहर को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना समेत न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ से मुलाकात की। बैठक के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश ने बार निकायों के ज्ञापन पर विचार-विमर्श किया और उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर विचार करेगा। अलग-अलग राज्यों के हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। साथ ही मामले में पारदर्शिता अपनाने, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की रिपोर्ट और अन्य सामग्री को सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के लिए मुख्य न्यायाधीश के फैसले की सराहना की गई।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में लगातार तीसरे दिन भी हड़ताल जारी

**प्रयागराज।** दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के फैसले के खिलाफ बार एसोसिएशन ने धरना प्रदर्शन करते हुए जस्टिस वर्मा गो बैक के नारे लगाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट गेट नम्बर तीन पर हुई सभा में पदाधिकारियों संग अधिवक्ताओं ने दोहराया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का हाईकोर्ट में स्थानांतरण मान्य नहीं है। गुरुवार को अधिवक्ताओं के हड़ताल का लगातार तीसरा दिन था अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक न्यायमूर्ति वर्मा के तबादले की सिफारिश कॉलेजियम द्वारा वापस नहीं ली जाती है तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की गरिमा पर कुत्सित कुठाराघात का प्रयास बर्दाश्त नहीं होगा।

### तुगलक रोड थाना सदर समेत आठ पुलिसकर्मियों के मोबाइल जब्त

■ दिल्ली जज कैश कांड में बड़ा एक्शन, वीडियो की भी होगी जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर नोट जलने के मामले में दिल्ली पुलिस ने तुगलक रोड थाना सदर समेत 8 पुलिस कर्मियों के मोबाइल जब्त किए गए हैं। तुगलक रोड थाने के एसएचओ उमेश मलिक, हवलदार रूपचंद, सब इंस्पेक्टर रजनीश, मोबाइल बाइक पेट्रोलिंग पर मौके पर पहुंचे थाने से दो पुलिसकर्मियों और तीन पीसीआर कर्मियों के फोन सीज किए गए हैं।

इन सभी के फोन को सीज करके फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिए गए हैं। दरअसल, अब यह जानने की कोशिश की जा रही है कि क्या आग लगने के दौरान जब ये पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे, तो उनके मोबाइल फोन से कोई वीडियो बनाई गई थी या नहीं और अगर वीडियो बनाई गई थी तो उसे किसी तरह की छेड़छाड़, तो नहीं की गई। इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने इन सभी पुलिसकर्मियों के बयान भी दर्ज किए हैं। इस पूरे मामले में जस्टिस वर्मा ने जांच समिति के समक्ष पेश होने से पहले वकीलों से सलाह ली। बुधवार को उन्होंने वकीलों की एक टीम से मुलाकात की थी। इस मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की थी। कमेटी ने मंगलवार को जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास का दौरा किया था।

## वक्फ बिल के खिलाफ तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पारित

चेन्नई, वार्ता



■ सीएम स्टालिन ने प्रस्ताव के विरोध में कहा- ये बिल मुसलमानों के अधिकारों को खत्म कर देगा

**तमिलनाडु की डीएमके** सरकार ने गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रस्ताव के विरोध में कहा कि ये बिल मुसलमानों के अधिकारों को खत्म कर देगा। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार बिल वापस ले। स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार ऐसी योजनाएं ला रही है, जो राज्य के अधिकारों, संस्कृति और परंपरा के खिलाफ हैं।

वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के अधिकारों को नष्ट कर रहा है। केंद्र सरकार ने कभी मुसलमानों के कल्याण और उनके अधिकारों के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि संशोधन में कहा गया है कि दो गैर मुस्लिम लोगों को वक्फ का हिस्सा होना चाहिए। मुसलमानों को डर है कि यह सरकार का वक्फ संपत्तियों को हड़पने का एक तरीका है और यह धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है। वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ राज्य सरकार के विधानसभा से प्रस्ताव पारित करवाने पर भाजपा विधायक वनथी श्रीनिवासन ने कहा कि भाजपा इस प्रस्ताव का विरोध करती है। केंद्र सरकार के पास संशोधन लाने का अधिकार है। वक्फ से जुड़ी कई शिकायतें थीं, जिसके बाद इसमें केंद्र सरकार संशोधन कर रही है। वहीं तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके के प्रवक्ता कोवई सत्यन ने कहा कि ऐसा लगता है कि डीएमके धर्म और भाषा के आधार पर एक नैरेटिव सेट करने की जल्दी में है। जिन पार्टियों के सदस्य जेपीसी में हैं, वे न्यायपालिका में वक्फ को चुनौती क्यों नहीं दे रहे हैं? विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने की जल्दी क्यों है? वोट बैंक की राजनीति के लिए लोगों को भड़काने की कोशिश करना बेहद निंदनीय है।

### कन्नड़ अभिनेत्री रान्या की जमानत अर्जी खारिज

**बेंगलुरु।** गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की जमानत याचिका गुरुवार को बेंगलुरु की सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। यह तीसरी बार है, जब कोर्ट ने रान्या को जमानत देने से इन्कार किया है। इससे पहले 12 और 14 मार्च को दो बार कोर्ट ने रान्या को जमानत नहीं दी थी। उधर, मामले में 26 मार्च को राजस्व खुफिया निदेशालय ने बेल्लारी से सोना व्यापारी साहिल सकारिया जैन को गिरफ्तार किया। यह तीसरी गिरफ्तारी थी। साहिल पर सोने को ठिकाने लगाने में रान्या की मदद का आरोप है। कोर्ट ने साहिल को 29 मार्च तक डीआरआई की कस्टडी में भेज दिया है।

### कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को तलब किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के पैरोडी सॉन्ग के बाद विवादों में घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। पुलिस अब तक उन्हें दो समन जारी कर चुकी है। उधर, अपने वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैरोडी करने की वजह से कुणाल को टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा है। खुद कुणाल ने एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसते हुए कहते हैं मुझको हवा हवाई... गाने पर पैरोडी सॉन्ग गाया था।




### सेना ने पूर्वी थिएटर में एकीकृत बहु-क्षेत्रीय अभ्यास किया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने संयुक्त संचालन क्षमता का जोरदार प्रदर्शन करते हुए अरुणाचल प्रदेश के अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाके में पूर्वी थिएटर में तीनों सेनाओं का एकीकृत बहु-क्षेत्रीय युद्ध अभ्यास किया है। सेना ने गुरुवार को बताया कि 'प्रचंड प्रहार' नाम का यह अभ्यास मंगलवार को शुरू हुआ था और तीन दिन तक इसमें सेना, वायुसेना और भारतीय सशस्त्र बलों के अन्य तत्वों को एक साथ लाया गया। पूर्वी कमान के तत्वावधान में हुए इस अभ्यास में उन्नत निगरानी, स्ट्राइक क्षमताओं और बहु-क्षेत्रीय परिचालन योजना के सहज एकीकरण का प्रदर्शन किया गया। संपूर्ण स्थितिजन्य जागरूकता और तेजी से लक्ष्य पर हमला करने के लिए लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान, सशस्त्र हेलीकॉप्टर, यूएवी, घूमने वाले युद्धक उपकरण और अंतरिक्ष- आधारित परिसंपत्तियों जैसे अत्याधुनिक प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल किया गया।

### जम्मू-कश्मीर में अंतिम सांसें ले रहा है अलगाववाद: शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो और गुटों जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकलाल और जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकामत के अलगाववाद को त्यागने और मुख्यधारा में विश्वास जताने के निर्णय का स्वागत किया है। श्री शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के शासन में अलगाववाद अंतिम सांसें ले रहा है और एकता की जीत पूरे कश्मीर में गूंज रही है।

## सम्भल जामा मस्जिद कमेटी के सदर की जमानत खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ केस डायरी न होने के कारण नियमित जमानत प्रार्थना पत्र पर अब दो अप्रैल को सुनवाई होगी

**चंदौसी।** सम्भल जामा मस्जिद के सदर जफर अली की अंतरिम जमानत अर्जी न्यायालय ने खारिज कर दी। नियमित जमानत अर्जी पर दो अप्रैल को सुनवाई होगी। दंगे भड़काने के आरोप में 23 मार्च से जफर अली जेल में बंद हैं। इसको लेकर जिले के अधिवक्ता आंदोलित हैं।

गुरुवार को भी अधिवक्ताओं ने केवल जफर अली की जमानत अर्जी की सुनवाई के लिए कार्य किया। अपर जनपद न्यायाधीश (एमपी एमएलए सेशन कोर्ट) निर्भय नारायण राय के न्यायालय में जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। जफर अली के अधिवक्ता आसिफ अख्तर ने नियमित जमानत अर्जी में कहा गया कि सम्भल हिंसा की घटना 24 नवम्बर 2024 की सुबह नौ बजे की दिखाई जा रही है। अभियोजन कानून के अनुसार जामा मस्जिद सर्वे की कार्रवाई चल रही थी। तब ही 700-800 व्यक्तियों की भीड़ इकट्ठी हो गई और सर्वे को बाधित करने की कोशिश की। इस मामले में दर्ज एफआईआर में जफर अली एडवोकेट का कोई रोल नहीं दिखाया गया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग किया। उनके खिलाफ केवल यह आरोप है कि 25 नवम्बर 2024 को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।

## जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़, तीन आतंकी ढेर, तीन जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू रीजन के कठुआ जिले में आतंकियों के खिलाफ लगातार चार दिन से बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। गुरुवार को राजबाग के घाटी जुथाना इलाके में जखोले गांव के पास सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई।

सुबह से जारी मुठभेड़ में डीएसपी धीरज सिंह समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। आतंकियों के खिलाफ इस ऑपरेशन में तीन जवान शहीद हुए हैं। शहीद तीन जवानों के नाम तारिक अहमद, जसवंत सिंह, बलविंदर सिंह हैं। जखोले गांव हीरानगर सेक्टर में रविवार को हुई मुठभेड़ वाली जगह से करीब 30 किलोमीटर दूर है। माना जा रहा है कि मारे गए आतंकी उसी ग्रुप का हिस्सा हैं, जिसके साथ सुरक्षाबलों की रविवार शाम हीरानगर में मुठभेड़ हुई थी। ये मुठभेड़ करीब 30 मिनट तक चली थी। इसके बाद आतंकी भाग निकले थे। इस आपरेशन को आगे बढ़ाते हुए सेना, पुलिस, सीआरपीएफ के साथ ही एनएसजी और बीएसएफ ने भी साथ में मोर्चा संभाल रखा है। इसी कड़ी में सान्याल से डिंग अंब और उससे आगे के इलाके में सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। सुरक्षाबलों की मदद और आतंकियों के खात्मे के लिए इस आपरेशन में हेलीकॉप्टर, यूएवी, ड्रोन, बुलेटप्रूफ वाहन और डाग स्क्वायड को भी उतारा गया है। बता दें कि रविवार को पाकिस्तान से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास सान्याल गांव में आतंकियों के एक समूह को रोका गया था। इसके बाद पुलिस, सेना, एनएसजी, बीएसएफ और सीआरपीएफ ने बड़ा सर्च आपरेशन चलाया गया था। इसमें हेलीकॉप्टर, यूएवी, ड्रोन, बुलेटप्रूफ वाहन और डाग स्क्वायड की भी मदद ली गई। सर्च आपरेशन के दौरान हीरानगर में मुठभेड़ स्थल के पास एम-4 कार्बाइन की 4 मैगजीन, 2 ग्रेनेड, एक बुलेटप्रूफ जैकेट, स्लीपिंग बैग, और आईईडी बनाने की सामग्री से भरे पालीथीन बैग मिले थे।

## राजस्थान की गर्म हवाओं से मप्र का पारा 40 के पार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी होगी
हरियाणा समेत 10 राज्यों में तूफान की आशंका



**नई दिल्ली।** राजस्थान समेत पश्चिम राज्यों से आ रही गर्म हवाओं ने मध्य प्रदेश का पारा बढ़ा दिया है। बुधवार को प्रदेश के कई हिस्सों में गर्मी का असर देखने को मिला। 6 जिलों में पारा 40 डिग्री पार पहुंच गया। राजधानी भोपाल में इस सीजन में पहली बार तापमान 38.8 डिग्री पर पहुंचा, जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक है।

इधर राजस्थान में भी बुधवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। हालांकि, एक्टिव पश्चिमी विक्षोभ के चलते सीमावर्ती जिलों में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। वहीं, दिल्ली-हरियाणा समेत 10 राज्यों में तूफान की आशंका है। इन राज्यों में 30-40 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। हल्की बारिश भी हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गर्मी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल उत्तर-पश्चिम भारत के राज्यों में हीटवेव के दिनों की संख्या लगभग दोगुनी रहेगी। इन राज्यों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के नाम हैं। आमतौर पर यहां हीटवेव 5-6 दिन चलती है, इस बार 10-12 दिन चल सकती है। मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन राय ने कहा कि पश्चिमी भारत और मध्य भारत में सामान्य से थोड़ी अधिक हीटवेव की स्थिति रहने की आशंका है। साल 2024 में देश में सबसे ज्यादा गर्म साल दर्ज किया गया था।



## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर में यूएपीए मामलों में छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में प्रतिबंधित संगठनों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने पुराने शहर बारामूला के जलाल साहिब इलाके में इरफान अहमद कबाबी के घर पर दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम (यूएपीए) के मामले में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान पोस्टर और मुस्लिम लीग के आई-कार्ड जैसी आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। इन सामग्रियों के स्रोत और उद्देश्य का पता लगाने के लिए जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि कबाबी प्रतिबंधित मुस्लिम लीग का सदस्य है। पुलिस ने यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले के सिलसिले में कनिसपोरा बारामूला में भी छापेमारी की। पुलिस की एक टीम ने कनिसपोरा के तौहीद कॉलोनी में अब्दुल रशीद गिलकर के आवास पर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने बताया कि गिलकर प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी का जिला अध्यक्ष है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यूएपीए के तहत दर्ज मामलों की चल रही जांच के तहत अलगाववादी नेताओं अब्दुल गनी भट, मसर्रत आलम और शब्बीर शाह के घरों सहित घाटी में कई स्थानों पर छापे मारे।

### कठुआ में गोलीबारी दो पुलिसकर्मी घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के राजबाग इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 23 मार्च को कठुआ जिले के हीरानगर के सान्याल गांव में आतंकवादियों और सेना, पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई थी, लेकिन आतंकवादी भागने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि राजबाग के जुथाना इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच आज सुबह मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने कहा कि छिपे हुए आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बीच-बीच में गोलीबारी जारी रही और इलाके की घेराबंदी कर दी गई। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि यह आतंकवादियों का वही समूह है, जिसकी संख्या पांच बताई जा रही हैं जिन्हें सान्याल गांव में देखा गया और जो इलाके में घनी वनस्पति का फायदा उठाकर राजबाग की तरफ बढ़ गया। इस बीच, डॉग स्क्वॉड, पैरा कमांडो, हेलीकॉप्टर और ड्रोन भी लगे हुए हैं।

### आंगनबाड़ी में बच्चों को बनाया जा रहा संस्कारवान: पटेल

**गोंडा।** उत्तर-प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश में कुल संचालित 31000 आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक संसाधनों से पूर्णतय: लैस कर छोटे बच्चों को भारतीय संस्कृति परम्परा और संस्कार मय बनाया जा रहा है। पटेल ने स्वशासी मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में यूपी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर चल रहीं प्रदर्शनी का अवलोकन कर आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को किट वितरण की। राज्यपाल नेकहा कि आंगनबाघी कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों को तैयार कर उनका कौशल विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के एक अच्छा इंसान बनने से ही विकसित राष्ट्र संभव हों सकेगा।

## ट्रम्प के टैरिफ लगाने का होगा नकारात्मक असर: विपक्ष

# महंगाई, बेरोजगारी से लोग परेशान

**नई दिल्ली, वार्ता**

विपक्षी सदस्यों विशेषकर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट की कड़ी आलोचना करते हुए गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि इसमें बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से निपटने के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं और राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है तथा अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाए जाने को देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



■ आठ सप्ताह पहले पेश किए गए बजट पर कोई चर्चा नहीं: चिदंबरम

कांग्रेस सदस्य एवं पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने विनियोग (संख्यांक तीन) विधेयक 2025 और वित्त विधेयक 2025 पर सदन में चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि बजट करीब आठ सप्ताह पहले पेश किया गया, लेकिन इसपर कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं, जहां भी बोलता हूं, कोई भी बजट को याद नहीं रखता, कोई भी इस पर चर्चा नहीं करता। उन्होंने मोदी सरकार की राजकोषीय नीति को सराहनायोग्य बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार के ऋण को सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में कम करने का इरादा अच्छा है, लेकिन जब मई 2014 में इस सरकार ने सत्ता संभाली थी, तो राजकोषीय घाटा 4.5 प्रतिशत था जो 2018-19 में कम होकर 3-4 प्रतिशत पर आ गया, लेकिन वित्त वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर फिर से 4-8 प्रतिशत पर पहुंच गया, जिससे साफ पता चला है कि सरकार अर्थव्यवस्था का सफलता पूर्वक प्रबंधन नहीं कर पा रही है। हर सरकार को संकट का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण अर्थव्यवस्था पर दवाब बना था और यह पूरी दुनिया के साथ हुआ था। अब उसके बाद जब वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, तो घरेलू स्तर पर आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती आ गई है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी से जहां आम लोग और युवा परेशान है वहीं बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य के आवंटन को कम कर दिया गया है। देश में वेतन के ठहराव की स्थिति बन गई है, जिससे नौकरीपेशा लोग भी महंगाई से परेशान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि संरक्षणवाद से अर्थव्यवस्था को नुकसान होता है। यह विश्व व्यापार के लिए सही नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रम्प द्वारा दो अप्रैल 2025 से भारतीय उत्पादों पर कर बढ़ाए जाने की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि बजट में अमेरिका के कई उत्पादों को ध्यान में रखकर टैरिफ कम किए जाने के बावजूद ट्रम्प मानने को तैयार नहीं है। अब सरकार ने गूगल कर को कल हटाने की घोषणा की है तथा कुछ और उत्पादों पर शुल्क को कम करने की तैयारी कर रही है। इससे देश को आर्थिक नुकसान होगा जबकि अमेरिका में शुल्क बढ़ाए जाने से आयात भी प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प द्वारा शुल्क बढ़ाए जाने का कनाडा ने पुरजोर विरोध किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब तक एक शब्द नहीं बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार को ट्रम्प की घोषणाओं से निपटने के उपायों से विपक्ष को भी अवगत कराना चाहिए क्योंकि टैरिफ युद्ध से व्यापार युद्ध शुरू हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के आर पी एन सिंह ने कहा कि बजट का मतलब आम लोगों की जेब पैसा देना होता है, जिससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ सके। सरकार का काम सिर्फ अपना खजाना भरना नहीं होता है। पांच साल तक विपक्ष सिर्फ एक ही चीज कहती रही है कि मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है, लेकिन अब जब सरकार ने मध्यम वर्ग के लिए काम किया है तो कह रहा है कि यह कुछ नहीं है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर का मानदेय बढ़ाया जाए

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को आंगनवाड़ी, आशा वर्कर्स और रसोइयों का मानदेय बढ़ाने की मांग की गई।

निर्दलीय सांसद राजेश रंजन शून्य काल में आंगनबाड़ी, आशा वर्कर्स और रसोइयों का मानदेय बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि सांसदों का वेतन तो बढ़ा दिया गया है, लेकिन आम लोगों के स्वास्थ्य और अन्य सेवाओं के लिए दिन-रात काम करने वाले इन कामगारों का मानदेय कब बढ़ाया जाएगा। उन्होंने इनका मानदेय तत्काल बढ़ाए जाने की मांग की। रंजन ने वृद्धावस्था पेंशन की राशि बढ़ाने की मांग के साथ ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधाओं में सुधार और उनका छात्रवृत्ति बहाल करने की भी मांग की।

कांग्रेस के वी के श्रीकंदन ने भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग की। उन्होंने उनका मानदेय बढ़ाने की मांग की और उनका स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दिलाने की भी मांग की। समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बदहाल होने का आरोप लगाते हुए उनके निर्वाचन क्षेत्र फैजाबाद के मिल्कीपुर इलाके में एक दलित महिला का घर गिराए जाने का मुद्दा उठाया और पीड़ित महिला को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों का उत्पीड़न किया जा रहा है, उन्होंने सरकार से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की।

### सांगा के अपमान का मामला लोकसभा में उठा

**नई दिल्ली।** महा प्रतापी राणा सांगा के बारे में राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के सदस्य की अपमानजनक शब्दावली का मामला गुरुवार को लोकसभा में उठा और इसकी कड़ी निंदा की गई। भारतीय जनता पार्टी सदस्य तथा महाराणा प्रताप के बंश की बहू महिमा कुमारी ने शून्यकाल में यह मामला उठाया और कहा कि राणा सांगा के बारे में सपा के सांसद ने बहुत ही हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया है। उनकी बहादुरी के बारे में किसी के प्रमाण की जरूरत नहीं है। उन्होंने दो बार इब्राहिम लोधी को हराया था और बाबर को भी एक बार धूल चटाई थी।

## एनसीआर में भी विकसित किए जाएंगे पर्यटन केन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश में अयोध्या, काशी, मथुरा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) अंतर्गत आने वाले अन्य पर्यटन स्थल भी शीघ्र ही पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेंगे। केंद्र सरकार की पहल पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने इसके लिए 85 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़ आदि जिलों के महत्वपूर्ण धार्मिक-आध्यात्मिक, ऐतिहासिक व अन्य स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) ने मुजफ्फरनगर में शुकतीर्थ के एकीकृत पर्यटन विकास- साउंड एंड लाइट शो के लिए लगभग 12.68 करोड़ रुपए, मेरठ में 1857 के क्रांति स्थलों और शहीद स्मारकों के पर्यटन विकास के लिए लगभग 4.53 करोड़ रुपए, हस्तिनापुर के समेकित पर्यटन विकास के लिए लगभग 15.04 करोड़ रुपए, सरधना के पर्यटन विकास के लिए लगभग 4.54 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह बुलंदशहर स्थित मां अवंतिका देवी मंदिर के पर्यटन विकास के लिए लगभग 11.37 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। गाजियाबाद के दूधेश्वर नाथ मंदिर के पर्यटन विकास के लिए लगभग

■ मुजफ्फरनगर में शुकतीर्थ के एकीकृत पर्यटन विकास- साउंड एंड लाइट शो के लिए 12.68 करोड़ स्वीकृत

5.52 करोड़ रुपए सहित एक अन्य योजना का पर्यटन विकास किया जाएगा। इसके अलावा, हापुड़ और मुजफ्फरनगर में पहले से निर्माणाधीन परियोजनाओं के लिए भी धनराशि जारी की गई है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐसे अनेक स्थल हैं, जिनका पर्यटन की कृष्टि से विशेष महत्व है। मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ स्थित वट वृक्ष के नीचे शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित को पहली बार श्रीमद्भागवत कथा सुनाई थी। इसी प्रकार गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, हापुड़ सहित अन्य जनपदों में ऐसे अनेक स्थल हैं जिनका अपना सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक महत्व है। पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में देश में पहले स्थान पर है। विदेशी पर्यटन में भी यह उपलब्धि हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी दृष्टिकोण से निरंतर पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

## चार मासूमों की हत्या कर की खुदकुशी

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना रोजा क्षेत्र में एक पिता ने अपने चार मासूम बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी है। बच्चों की हत्य कर पिता ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस में शवों को कब्ज में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अधिकारी ने गुरुवार को घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने गुरुवार को बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के गांव मानपुर चचरी के रहने वाला राजीव कुमार (36) ने अपने घर में ही बुधवार रात अपने चार बच्चे स्मृति (13) कीर्ति (9) प्रगति (7) तथा ऋषभ (5) की पहले धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी, जिसमें तीन बेटी और एक बेटा है। बच्चों की हत्या करने के बात बाद घर के दूसरे कमरे में जाकर खुद भी फांसी लगा आत्म हत्या कर ली। द्विवेदी ने घटनास्थल से मृतक बच्चों के बाबा पृथ्वीराज से पूछताछ कर बताया कि आज सुबह जब राजीव

■ शाहजहांपुर में एक पिता ने दिया घटना को अंजाम

कुमार के घर का दरवाजा नहीं खुला, तो उसके पिता पृथ्वीराज छत पर चढ़कर जीने के रास्ते से घर के अंदर गए ।तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। मृतक राजीव के पिता के पिता पृथ्वी राज ने बताया कि राजीव का एक साल पहले एक्सीडेंट हो गया था जिससे उसके सिर में काफी चोट आई थी जिसका अभी भी इलाज चल रहा है। इसी के चलते वह अक्सर आक्रोशित हो जाता था और कल बुधवार को राजीव की पत्नी भी अपने मायके चली गई थी कारण पूछने पर मृतक के पिता ने बताया कि वह अलग घर में रहते हैं क्यों गई थी यह जानकारी नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक राजीव ने बुधवार रात धारदार हथियार जिससे अपने चार मासूम तीन बेटी एक बेटा एक गला रेत हत्या की उससे पहले उसने रेती से धार भी लगाई थी।

## निर्वाण संस्था के चार बच्चों की मौत, 24 बच्चे अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में निर्वाण संस्था में बच्चों की तबीयत खराब होने से गुरुवार को एक और बच्चे की मौत हो गई। अस्पताल में भर्ती सूरज की इलाज के दौरान मौत हो गई।

अब तक कुल चार बच्चों की जान जा चुकी है। सुबह मंडलायुक्त रोशन जैकब और डीएम विशाख जी ने लोकबंधु अस्पताल पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मोहान रोड स्थित निर्वाण संस्था में चार दिन पहले 70 मानसिक मंदित बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी। आनन-फानन 24 बच्चों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां सोमवार को एक बालक और मंगलवार को दो बालिकाओं की मौत हो गई। वहीं गुरुवार की सुबह एक और बच्चे की मौत हो गई। अन्य का इलाज चल रहा है। छह बच्चों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। बुधवार को भी जिलाधिकारी टीम के साथ संस्था पहुंचकर निरीक्षण किया। संस्था संचालक, अधीक्षिका व कर्मचारियों से मामले की जानकारी ली। शनिवार 22 मार्च की रात को खाना खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी। एक के बाद एक बीमार हुए सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को 12 साल के शिवांक की मौत हो गई थी। मंगलवार को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती रेनू (15) और दीपा (12) ने भी दम तोड़ दिया। संस्था प्रशासन के मुताबिक शनिवार रात बच्चों को सामान्य भोजन दिया गया था।

## जीशान रिजवी ने संभाला मुख्य कार्यपालक अधिकारी का कार्यभार

### उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन ने दी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लखनऊ( मौ. अब्बास जैदी )।** गुरुवार को शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीशान रिजवी को उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने कार्यभार संभलवाया।

लखनऊ के इंदिरा भवन स्थित शिया वक्फ बोर्ड के कार्यालय में उच्च न्यायालय और यूपी शासन के आदेश क्रम में जीशान रिजवी को मुख्य अधिकारी के रूप में ज्वाइनिंग कराई गई। यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मीडिया प्रभारी ने इनकी जानकारी देते हुए बताया कि काफी लंबे समय के बाद पूर्णकालिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी मिलने से बोर्ड के कामों में तेजी आएगी और वक्फ संरक्षण और वक्फ हित में मजबूती के कार्य संभव होंगे और जीशान रिजवी का शासकीय अनुभव बोर्ड के कार्यों को मजबूती प्रदान करेगा। इस मौके पर शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड यूपी के चेयरमैन अली जैदी ने खुशी का इजहार करते हुए उनका स्वागत किया।

## अर्थ व्यापार

## लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप के वाहनों के आयात पर 25 फीसदी तक का टैरिफ लगाने से वाहन निर्माता कंपनियों की साढ़े पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बावजूद बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, एसबीआई और रिलायंस समेत बीस दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 317.93 अंक की छलांग लगाकर 77,606.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 105.10 अंक मजबूत होकर 23591.95 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 0.46 प्रतिशत चढ़कर 41,817.03 अंक और स्मॉलकैप 0.



90 प्रतिशत उछलकर 46,803.65 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4132 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2349 में गिरावट जबकि 1699 में तेजी रही, वहीं 84 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2978 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1537 में बिकवाली जबकि 1382 में लिवाली हुई, वहीं 59 के भाव स्थिर रहे। विश्लेषकों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों ने पूरे दिन सकारात्मक रुख बनाए रखा, जिसका मुख्य कारण निरंतर विदेशी फंड प्रवाह और ब्लूचिप शेयरों की खरीद रहा। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऑटो आयात पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ से ऑटोमोबाइल सेक्टर को झटका लगा, जिससे इस क्षेत्र के शेयरों में दबाव देखा गया। इसके साथ ही, फार्मा उद्योग में भी कुछ चिंताएं बढ़ी हैं। इसके बावजूद, बाजार ने लचीलापन दिखाया, जो कि मुद्रास्फीति में गिरावट और ब्याज दरों में नरमी के संकेतों से प्रेरित था। विश्लेषकों का मानना है कि वित्त वर्ष 2026 में कंपनियों की आय में दोहरे अंकों की वृद्धि संभव है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति और मजबूत होगी। अब निवेशकों की नजरें अमेरिका.भारत व्यापार बैठक पर टिकी हैं, जो बुधवार से शुरू हुई है।

## भारत में कोयले की मांग अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** आर्थिक विकास की तेज गति और औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ ही भीषण गर्मी में बिजली की जबरदस्त जरूरत से वर्ष 2024 में भारत में कोयले की मांग इसके पिछले वर्ष के मुकाबले 5.5 प्रतिशत बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की जारी 'वैश्विक ऊर्जा समीक्षा 2025' रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में वर्ष 2024 के दौरान कोयले की मांग में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो सर्वकालिक उच्चतम स्तर है। भारत के कोयले की मांग में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि और बिजली की बढ़ती मांग को माना गया है।

## उठाव कमजोर रहने से जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 116 रिंगिट उबलकर 47.04 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.11 सेंट की तेजी के साथ 42.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में



स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5450-5550, दाल चना 6450- 6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300- 8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल: 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में खर्च अधिक: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में कहा कि केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में प्रति किलोमीटर एक सौ करोड़ रुपए का खर्च आता है।

गडकरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि केरल में स्थितियां पूरी तरह अलग है। केरल में एक किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में एक सौ करोड़ का खर्च आता है। यहां भूमि अधिग्रहण की लागत 49 से 50 करोड़ प्रति किलो मीटर है। उन्होंने कहा कि केरल के मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि वह भूमि अधिग्रहण का पचास फीसदी हिस्सा देगें। राज्य सरकार ने पांच हजार करोड़ रुपए की राशि दी थी, लेकिन उसके बाद राज्य सरकार की ओर से रकम देना संभव नहीं हो पाया, क्योंकि राज्य सरकार का बजट कम है। उन्होंने कहा कि इसका समाधान निकालने की कोशिश की है। राजमार्ग के क्षेत्र में आने वाली सरकारी भूमि राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग को मुफ्त में दी जाएगी तथा निर्माण सामाग्री पर राज्य की ओर से लगाए जाने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को भी माफ करने के लिए कहा गया है। अब हम परियोजना पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि करीब दो लाख करोड़ रुपए के काम जम्मू-कश्मीर में किए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में 105 सुरंग बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एशिया की सबसे बड़ी जोजिला टनल की अनुमानित लागत बारह हजार कोड़ रुपए का था, जिसे 5500 करोड़ में पूरा किया जा रहा है जिसमें 70 फीसदी काम किया जा चुका है। यह कारगिल की पहाडी के नीचे है। उन्होंने कहा कि केवल जम्मू से कश्मीर के बीच 36 टनल बना रहे हैं, जिसमें 22 का काम पूरा हो चुका है। इससे जम्मू से श्रीनगर आने में आठ से नौ घंटे लगते थे वह तीन से साढे तीन घंटे में पूरा हो जाएगा।

## करनी सेना के आगे पुलिसकर्मी विफल: अखिलेश

**लखनऊ।** यूपी के आगरा में करणी सेना से जुड़े लोगों ने राणा सांगा के बारे में विवादित बयान देने वाले समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन के घर पर बुधवार को हुए हमले के मुद्दे को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी उठाया है। अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया के जरिए एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि अब बुलडोजर भी छिन गया क्या? अब बुलडोजर कोई और चलवा रहा है और कोई और चला रहा है। अब क्या विदाई की बेला में पद के साथ पहचान भी छीन लेंगे, ये अच्छी बात नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो कुबेरपुर से लेकर हरीपर्वत स्थित सांसद के आवास तक 20 किमी में प्रदर्शन करने वालों को रोकने में पुलिस नाकाम रही। सपा सांसद के आवास के अगल-बगल छिपकर बैठे करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की तैयारियों को नाकाम साबित कर दिया।

## पुलिस का फरमान आरवेलियन 1984 जैसा

### ईद की नमाज को लेकर जयंत चौधरी मुस्लिमों के समर्थन में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मेरठ।** यूपी में भाजपा की सहयोगी आरएलडी ने नमाज को लेकर मुसलमानों का समर्थन किया और यूपी पुलिस की निंदा की है। योगी सरकार ने हिंदुत्व के एजेंडे पर आक्रामक तेवर अपना रखा है, जिसे लेकर बीजेपी की सहयोगी आरएलडी बेचैन नजर आ रही है। जंयत चौधरी योगी प्रशासन की तरफ उठ रही आवाज हो या फिर बीजेपी नेताओं के मुस्लिम विरोधी बयान, जयंत चौधरी उन सभी का अपने अंदाज में जवाब दे रहे हैं?

यूपी में अलविदा की जुमे की नमाज और ईद उल फितर पर नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने मुसलमानों को सख्त चेतावनी जारी की है। मेरठ एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने कहा कि सड़क पर नमाज अदा करने पर पुलिस प्रशासन का रवैया सख्त रहेगा। सड़क पर नमाज पढ़ने वालों पर सिर्फ मुकदमा ही दर्ज नहीं किया जाएगा, बल्कि उनके पासपोर्ट और लाइसेंस भी रद्द होंगे। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सड़क पर नमाज अदा करने पर पिछली बार भी 200 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। सार्वजनिक सड़कों को धार्मिक समारोहों से मुक्त रखने के लिए ड्रोन और वीडियो कैमरों सहित अतिरिक्त निगरानी उपाय किए जाएंगे। ईद की नमाज को लेकर मेरठ प्रशासन के फरमान लेकर जयंत चौधरी ने सख्त अलोचना की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि



आरवेलियन 1984 की ओर पुलिसिंग'! जयंत चौधरी ने एक लाइन के ट्वीट से योगी सरकार के पुलिस व्यवस्था पर तगड़ा हमला किया है। जयंत चौधरी ने कहा है कि मौजूदा पुलिसिंग या शासन व्यवस्था वैसी हो गई है, जैसा कि जॉर्ज आरवेल के उपन्यास 1984 में बताया गया है, जिसमें एक निरंकुश सरकार होती है, जो लोगों की हर गतिविधि नजर रखती है और उनकी स्वतंत्रता को सीमित करने की कोशिश करती है। सच को दबाने वाली और आजादी का दमन करने वाली सरकार बताया गया है। इस तरह उन्होंने योगी सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। मेरठ पुलिस के फरमान पर आरएलडी के राष्ट्रीय सचिव डा. कुलदीप उज्जवल ने कहा कि प्रशासन का फैसला ओरवेलियन स्टेट की ओर बढ़ता कदम है, जो नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। धार्मिक स्वतंत्रता संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार है और इसे इस प्रकार से दबाने की कोशिश अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र को सभी धर्मों के त्योहारों को एक समान नजरिए से देखना चाहिए और बिना भेदभाव के व्यवस्था बनानी चाहिए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



**27 वां रोज़ा इफ्तार**

28 मार्च शुक्रवार

सुन्नी...................... 06:36

शिया...................... 06:42

**28 वां रोज़ा सहरी**

29 मार्च शनिवार

सुन्नी...................... 04:46

शिया...................... 04:44

**माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद**



**हाजी ज़ियाउर्रहमान**

**वरिष्ठ नेता लोकदल**

# सड़क हादसे में बाइक सवार की हुई दर्दनाक मौत, दो घायल

## ईंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से हुई भिड़ंत, आक्रोशित ग्रामीणों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बागपत जनपद के गांव खामपुर लुहारी के निवासीगण 28 वर्षीय रोहित पुत्र देशपाल सिंह आज बृहस्पतिवार के दिन अपनी माता 42 वर्षीया रीता देवी और अपनी 04 वर्षीया बेटी गुडिया के साथ एक शादी के समारोह में शामिल होने के लिए बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के गांव गोयला में बाइक पर बैठकर आया हुआ था। शाम करीब 04 बजे बाइक द्वारा वे तीनों अपने गांव वापस जा रहे थे। बुढ़ाना-खतौली मार्ग पर अलीपुर अटेरना गांव के पास तेजी से आए ईंट से भरे ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी।

इस घटना में ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलने के कारण रोहित की मौके पर मौत हो गई। मृतक की मां रीता व बेटी गुडिया गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में तथा ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया। गम्भीर अवस्था में मां व पोती को सीएचसी पर भर्ती करवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही रिश्तेदार व परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि घटना की तहरीर अभी तक प्राप्त नही हुई है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जाम लग गया तो मौके पर पहुंचे एसडीएम बुढाना राजकुमार भारती ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

# ईद पर मस्जिदों में नमाज के लिए टाइम टेबिल जारी

**■ शहर ईदगाह में सुबह सात बजे होगी ईद की नमाज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ईद उल फितर पर सुबह के समय पढ़ी जाने वाली नमाज का टाइम टेबिल जारी कर दिया गया है। शहर काजी तनवीर आलम द्वारा ईद-उल-फितर की नमाज को लेकर समय निर्धारित कर दिया गया है। ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी, जिसके लिए शहर की विभिन्न मस्जिदों का अलग-अलग समय तय किया गया है। जारी किए गए शेडडूल के अनुसार, ईदगाह में सुबह सात बजे सबसे पहले नमाज होगी। इसके बाद विभिन्न मस्जिदों में 7:15, 7:30 और 7:45 बजे तक अलग-अलग समय पर नमाज अदा की जाएगी। ईदगाह कमेटी और प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे समय से पहले अपनी निर्धारित मस्जिदों में पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा करें।

ईदगाह पर सुबह 7.00 बजे, मस्जिद फक्करशाह 7.15 बजे, मस्जिद पीरवाली मल्हूपुरा 7.15 बजे,मस्जिद लियाकतपुर चाड़ी गली लद्दावाला 7.15 बजे, मस्जिद हौजवाली सरवट गेट 7.15 बजे, मस्जिद हौजवाली खालापार 7.30 बजे, मस्जिद नुमाइश कैंप विकास भवन के सामने 7.30 बजे, मस्जिद मुहम्मदी पुजाये वाली रहमत नगर 7.45 बजे।

# कोतवाली से सटी मार्किट में हुई चोरी, पुलिस मौके पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली से सटी कॉस्मेटिक की दुकान में हजारों रूपये की नगदी चोरी कर ली गई। आरोपी दुकान में सामान की खरीदारी करने आया था और आंख झपकते ही युवक ने गल्ले में रखी हजारों रूपयें की नगदी साफ कर दी। आरोपी रूपये लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए उसमें कैद चोर की तलाश शुरू कर दी है। बताया जाता है कि शहर कोतवाली की तहसील मार्किट में सुपर सेल्स के नाम से कॉस्मेटिक की दुकान है। आज गुरूवार को दुकान पर त्यौहार के चलते कई ग्राहक इकट्‌ठा थे। दुकान ग्राहकों को सामान देने में लगा हुआ था। इसी बीच एक युवक सामान खरीदने के लिए आया और दुकानदार को बातों में उलझाकर गल्ले में रखी तीस हजार की नगदी लेकर फरार हो गया, जब दुकानदार ने दूसरे ग्राहक को पैसे देने व लेने चाहे तो गल्ले में रखी नगदी गायब देखी, तो इसी बीच चोरी का एहसास हुआ और उसने चोर की तलाश की। व्यापारी ने इस घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए। कैमरे में कैद युवक की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

# मोतीझील में मिले शव की सुंदर के रूप में हुई शिनाख्त

**■ दीमागी रूप से था परेशान, घर से अचानक हुआ था लापता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोती झील में पडे मिले शव की शिनाख्त हो गयी। मृतक बुढाना थाना क्षेत्र के मोहल्ला पछाला का रहने वाला है। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। वह पिछले 20 साल से मानसिक रुप से बीमार चल रह था।

बता दे कि बुधवार को शहर कोतवाली पुलिस ने मोती झील में एक शव पडा मिला था।

शव की शिनाख्त के लिए उसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कराया गया था। थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त सुंदर निवासी मोहल्ला पछाला थाना बुढाना के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि वह पिछले कई सालों से दिमागी रुप से बीमार चल रहा था। बुढाना में वह साईकिल मिस्त्री का काम करता था। मंगलवार शाम वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। तभी से परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे।

घटना के बाद से मृतक के परिजन भी उसकी तलाश में घूम रहे थे और सोशल मीडिया पर फोटो देखकर वह कोतवाली पहुंचे।

# मुख्यालय पर किसानों का घेराव आज

## पंजाब में किसान नेताओं की गिरफ्तारी से भाकियू में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन ने 28 मार्च को जिला मुख्यालय का घेराव करने की तैयारी कर ली है। भाकियू शीर्ष नेतृत्व ने पंजाब सरकार द्वारा किसान नेताओं को गिरफ्तार कराने के विरोध के साथ ही यूपी में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर इस आंदोलन की घोषणा की है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर प्रदेशव्यापी आंदोलन को देखते हुए जिला मुजफ्फरनगर में भी प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर पंजाब में सरकार द्वारा किसान आंदोलन को तानाशाहीपूर्ण तरीके से किसान नेताओं को गिरफ्तार कर खत्म करने के विरोध के साथ ही यूपी में किसानों के बिजली शेडडूल में परिवर्तन कर दो चरणों में बिजली आपूर्ति व बिजली की अन्य समस्याएं, फसल बीज प्रणाली, गन्ना किसान समस्या, भूमि अधिग्रहण, प्राकृतिक आपदा फसल हानि, छुट्टा पशु रोकथाम, एमएसपी गारंटी कानून, व अन्य किसान समस्याओं को लेकर 28 मार्च 2025 को समस्त मुख्यालयों के साथ-साथ जिला मुजफ्फरनगर मुख्यालय पर भी प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माधयम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वो अधिक संख्या में किसानों के साथ जिला मुख्यालय पर 28 मार्च को प्रातः 11.00 बजे तक पहुंचकर आंदोलन का सफल बनाए।



मुजफ्फरनगर: अलविदा जुमे के आते ही बाजारों में उमड़ पड़ी खरीदारों की भीड़।

# गरीब कल्याण के लिए काम करती है योगी-मोदी सरकार

## तीन दिवसीय मेले के अंतिम दिन राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सरकार की उपलब्धियों पर आयोजित मेला प्रदर्शनी का अवलोकन कर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दिव्यांगजनों को उपकरण व अन्य लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए और कहा कि भाजपा सरकार गरीब कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से संबंधित मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद मुजफ्फरनगर में मेरठ रोड स्थित नुमाईश ग्राउण्ड में लगी प्रदर्शनी में आज मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर विधायक और प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



इस प्रदर्शनी में सभी विभागों द्वारा अपनी-अपनी उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार व सरकार की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया और दिव्यांगजनों को बैटरी रिक्शा वितरित की। साथ ही, उन्होंने जनपद में शुरू हुई हेल्पलाईन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंत्री कपिल देव ने कहा कि योगी सरकार के बीते 8 वर्ष जनसेवा को समर्पित रहे हैं। गरीब, युवा, किसान और महिला सम्मान और सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था का जीवंत उदाहरण मिलता है, जो अन्य प्रदेशों के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं के अनुपालन और उनकी लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में भी उत्तर प्रदेश ने शानदार काम किया है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री कपिल देव ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर उनको शुभाकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब कल्याण को निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व विधायक विक्रम सैनी, अशोक कंसल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष पंकज महेश्वरी, दीपक मित्तल, अमित वत्स, नन्द किशोर, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नीलकमल पुरी चुने गए फेडरेशन ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष

**■ अभिषेक अग्रवाल बनाए गए फेडरेशन सचिव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री के द्विवार्षिक चुनाव वर्ष 2025-27 के पदाधिकारियों का चुनाव अशोक अग्रवाल, चुनाव अधिकारी व मनीष अग्रवाल सहायक चुनाव अधिकारी की देखरेख में फेडरेशन भवन पर सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से नीलकमल पुरी को अध्यक्ष, अश्वनी मित्तल को उपाध्यक्ष, राकेश जैन को उपाध्यक्ष, अभिषेक अग्रवाल को सचिव, आशीष गर्ग को सहसचिव, आशीष बंसल को कोषाध्यक्ष चुना गया व रोहन मित्तल को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीलकमल पुरी द्वारा कहा गया कि किसी भी सदस्य को इकाई सम्बन्धित कोई भी किसी भी विभाग की समस्या है तो उसको फेडरेशन के माधयम से प्राथमिकता के तौर पर सम्बन्धित विभाग से बातचीत कर हल कराने का प्रयास किया जायेगा। सचिव श्री अभिषेक अग्रवाल फेडरेशन के अब तक इतिहास में युवा सचिव निर्वाचित हुए है। उन्होने उद्यमियों को विश्वास दिलाया कि उद्यमियों का किसी विभाग द्वारा उत्पीडन नहीं होने दिया जायेगा। बैठक से पहले अंकित सिंघल अध्यक्ष, सचिव अभिनव स्वरूप द्वारा पिछले दो वर्षों के कार्यकाल से अवगत कराया तथा अरविन्द गुप्ता, कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में अंकित संगल, पंकज जैन, अंकुर गर्ग, के.एल. अग्रवाल, रविन्द्र सिंघल, रामअवतार गोयल, सुधीर गोयल, अमरपाल सिंह, विनित बालियान, श्रवण गर्ग, सागर वत्स, सतीश गोयल, मनीष अग्रवाल, नीरज कुमार, रोहन मित्तल, शारिक सुल्तान, आमिर सुल्तान, राधेश्याम शर्मा, योगेश कुमार, लोकेश तायल, नवनीत गोयल, व्यापक पुरी, सुनील तायल, सौरभ गोयल, निपुण मित्तल, विख्यात मित्तल, दीपक मित्तल, कुंज बिहारी अग्रवाल, राजीव वाधवा मौजूद रहे।

# अलविदा जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

**■ जिले में 126 ईदगाह व 1720 मस्जिदों में होगी अलविदा जुमे की नमाज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलविदा जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। जनपद में 126 ईदगाह व 1720 मस्जिदों पर अलविदा जुमे की नमाज अदा की जाएगी। शहर व देहात क्षेत्र में पुलिस को सभी ईदगाह व मस्जिदों पर तैनात किया गया है।

नमाज के दौरान पुलिस शहर व देहात क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहेगी। डीआईजी ने सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। रमजान माह में अलविदा जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला पुलिस ने पूरी तैयारियां कर ली है। जनपद में 126 ईदगाह व 1720 मस्जिदों पर अलविदा जुमे की नमाज अदा की जाएगी। डीआईजी अभिषेक सिंह ने शहर व देहात स्थानों पर सभी थाना प्रभारियों को नमाज के दौरान अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। नमाज के दौरान सभी ईदगाह व धार्मिक स्थलों पर पुलिस को तैनात किया गया है। जिला प्रशासन ने कहा कि ईदगाह व मस्जिद के अलावा सडक पर नमाज नहीं अदा की जाएगी। पुलिस ने इस संबंध में धर्म गुरु ओ से वार्ता भी की है। नमाज के दौरान सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहने के आदेश दिए है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस को लगातार गश्त करने के आदेश दिए गए हैं।










# सीसीटीवी कैमरे की मदद से तीन लाख के जेवर खाकी ने खोज निकाले

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली पुलिस ने सर्राफ के हाथों से गुम हुए तीन लाख रूपये के जेवरात को सीसीटीवी कैमरों की मदद से खोज लिया। सर्राफ गलती से इन जेवरों को ई-रिक्शा में छोड़ गया था। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक के घर से यह जेवरात बरामद कर सर्राफ के सुपुर्द कर दिए।

कोतवाल ब्रजेश शर्मा ने बताया कि खतौली के मौहल्ला बिदिवाड़ा संजय कुमार जैन ने पुलिस को मौखिक सूचना दी कि वह मेरठ से जेवरात लेकर खतौली आए थे। ई-रिक्शा में बैठकर अपने घर जाते समय गलती से दो थैले, जिनमें करीब 03 लाख की ज्वैलरी छूट गए। सूचना का संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी खतौली बृजेश कुमार शर्मा द्वारा खोये हुए सामान की तलाशी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने दो दिन तक सीसीटीवी कैमरों की मदद से उस चालक को खोज लिया, जिसकी ई-रिक्शा में जेवर से भरे थैले छुट गए थे। पुलिस ने जेवर बरामद कर ज्वैलरी स्वामी के सुपुर्द कर दिए। गुम ज्वैलरी को पाकर ज्वैलरी स्वामी व अन्य व्यापारियों द्वारा खुशी व्यक्त की गयी तथा थाना खतौली पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

# झांसी रानी पार्क सौन्दर्यकरण का काम अटका

## 15वें वित्त की बैठक में नहीं रखा गया प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका के निर्माण विभाग के द्वारा इस प्रस्ताव को 15वें वित्त की बैठक में नहीं रखा गया है। जिस कारण इस प्रस्ताव पर मोहर नहीं लग पायी है। जबकि नगर पालिका के द्वारा झांसी रानी पार्क का करीब डेढ करोड के खर्च से सौन्दर्याकरण कराया जाना था। इसके लिए नगर पालिका के द्वारा प्राइवेट आर्किटेक्ट से प्रोजेक्ट डिजाइन बनवाया गया। मेरठ रोड स्थित कमला नेहरू वाटिका का करीब 3.38 करोड़ की धनराशि से सौन्दर्याकरण पर शासन की स्वीकृति की मोहर लग चुकी है।

अब यहां पर काम भी शीघ्र शुरू होने जा रहा है। सौन्दर्याकरण के लिए नगर पालिका के द्वारा दूसरे पार्क के रूप में झांसी रानी पार्क को लिया गया था। नगर पालिका निर्माण विभाग के द्वारा झांसी रानी पार्क के सौन्दर्गीकरण का प्रस्ताव भी तैयार किया गया। पालिकाधयक्ष के निर्देशानुसार झांसी रानी स्मारक पार्क का कायाकल्प करने के लिए कार्य योजना बनाई गई है। इसके लिए प्राइवेट आर्किटेक्ट से प्रोजेक्ट डिजाइन बनवाया गया है। इसमें रानी झांसी लक्ष्मीबाई की पुरानी प्रतिमा को हटवाकर नई प्रतिमा लगाने का कार्य भी शामिल था। यहां पर लाइटिंग फाउंटेन, बाउंड्री वक्त्रल, बागवानी, झूले और व्यायाम संसाधन लगाने का कार्य भी कराया जाना था, लेकिन नगर पालिका के निर्माण विभाग द्वारा इस प्रस्ताव को 15वें वित्त की बैठक में नहीं रखा गया। जिस कारण इस प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर नहीं लग पायी है। एई अंखड प्रताप सिंह ने बताया कि 15वें वित्त की बैठक में यह प्रस्ताव नहीं रखा गया। जिस कारण अब झांसी रानी पार्क का सौन्दर्याकरण अटक गया है।

# नाबालिग चालकों पर लगेगा 25 हजार का जुर्माना

■ यातायात पुलिस ने लागू किए नियम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए यातायात पुलिस ने एक मुहिम शुरू की है। नाबालिग सड़क पर वाहन चलाते मिले तो उस पर 25 हजार रूपयें का जुर्माना हो सकता है और अभिभावक और संरक्षक को भी मुकदमें की कार्यवाही झेलनी पड़ सकती है। नगर में आए दिन जाम की स्थिति से उलझती यातायात पुलिस और पटाखा बुलेट की शिकायत तथा नाबालिगों के वाहन चलाने और लगातार दुर्घटना बढ़ने को लेकर एसपी यातायात ने यह मुहिम जारी करते हुए बताया कि लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों और दण्ड को लेकर जागरूक किया जा रहा है, हालांकि काफी समय से यातायात पुलिस कार्यवाही को लेकर चर्चाओं में है, लेकिन अब यातायात पुलिस ने ईद के पर्व पर यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए नए कदम उठाए। यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटना को रोकने व पटाखा छोडने वाले तथा वाहनों पर तीन सवारी तथा स्टैण्डबाजी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने की ठान ली है।

## किड्जी नई मंडी प्ले स्कूल में खेल दिवस का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** हमारे प्ले स्कूल में खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें समाज की प्रतिष्ठित महिलाएँकृलीना वर्मा, रीना अग्रवाल, बीना शर्मा, सान्या बिंदल और वंशिका अग्रवाल, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बच्चों के लिए कई रोचक और रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें रेस प्लेस द बॉल, टनल रेस, रोलर हूप और अंडर एंड ओवर जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। कार्यक्रम की निदेशिका, चारू भारद्वाज ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ष्बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए खेलों का बहुत महत्व है। यह न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि उनमें टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास भी विकसित करता है। कार्यक्रम की समन्वयक, आयुषी भारद्वाज जी ने कहा, 'बच्चों के उत्साह और उनकी ऊर्जा को देखकर यह स्पष्ट है कि खेल उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें गर्व है कि हमारा प्ले स्कूल बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर विशेष धयान देता है। कार्यक्रम का संचालन प्रीति त्यागी एवं पायल की देखरेख में सभी शिक्षिकाओं के साथ मिलकर सुचारु रूप से किया गया। सभी प्रतियोगियों में केशव, आफीफा, इशिका, आरव, आइजा, फातिमा, अनाया, देवऋषि काशवी, विष्णु, दैविक, आयांश ने प्रथम, द्वितीय एवं तृत्य स्थान प्राप्त किया। अंत में, विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। कार्यक्रम का समापन उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ, जहाँ सभी ने खेलों के महत्व को समझा और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एसडी कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आज 'उच्च क्रम के सामान्य अवकल समीकरण' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य गणित के इस महत्वपूर्ण विषय को छात्रों के लिए सरल और रोचक बनाना था। इस अवसर पर आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद के सहायक प्रोफेसर (गणित) डॉ. शिशपाल सिंह को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में बीसीए एवं बी.एससी (कंप्यूटर साइंस) विभाग के सभी छात्र एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।




कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल के निर्देशन में किया गया। बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने अपने वक्तव्य में कहा कि गणित के जटिल सिद्धांतों को समझाने और उनकी व्यावहारिक उपयोगिता को उजागर करने के लिए इस तरह की कार्यशालाएं अत्यंत लाभकारी होती हैं।

दूसरे दिन कार्यशाला में एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. शिशपाल सिंह ने छात्रों से प्रश्न पूछे और उनके संदेहों का समाधान किया। इस प्रश्नोत्तरी सत्र में छात्रों ने बड़ी उत्सुकता से भाग लिया और अपने गणितीय ज्ञान को बढ़ाया। उन्होंने छात्रों को उच्च क्रम के अवकल समीकरणों से जुड़े विभिन्न जटिल प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। छात्रों ने इस कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माधयम से उन्हें उच्च क्रम के अवकल समीकरणों को समझने और हल करने में नई तकनीकों और दृष्टिकोणों की जानकारी मिली।

# श्रीमद्भागवत कथा को दिया विश्राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे की आर्य समाज धर्मशाला के पीछे चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा को बृहस्पतिवार को विश्राम दिया गया। इस अवसर पर आचार्य पं.दीपक कृष्णात्रेय ने वेदमंत्रों के साथ यज्ञाहुति दिलाई तत्पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ।

पिछले सात दिनों से प्रतिदिन आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा को हजारों भक्तो ने सुना और अपने जीवन मे कल्याण की कामना की। उनके द्वारा भगवान की कथामृत का पान कर श्रद्धालु भावविभोर हो गये।कथाव्यास ने कहा कि भगवान के कथामृत रस का पान करने से जीवन मे कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है और हमारा जीवन धन्य हो जाता है। भगवद्भक्ति मनुष्य के प्रत्येक कष्ट का हरण कर लेती है और मानव को विषय वासनाओ से दूर ले जाकर ईश्वर से उनका साक्षात्कार करा देती है। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में मुख्य रूप से हिमांशु शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, कलपेन्द्र वर्मा,पारुल चौधरी, दीपक कृष्णात्रेय, वासुदेव वत्स, अमित सैनी, मलखान सिंह, नितिन कुमार प्रजापति, नीटू शर्मा, ऋषि शर्मा, संजीव शर्मा, रीतिन पंवार, मोनू शर्मा,संजय रॉय, मोहित लखोटिया, प्रवीण आदि रहे।

## अनुभव मैमोरियल एकेडमी में वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**मीरापुर।** स्थानीय अनुभव मैमोरियल एकेडमी में वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन पंडित सुशील शर्मा, निदेशक राजेश शर्मा एवं आफताब मेवाती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी से जैद, विनायक, दक्ष, कक्षा एल.के.जी. से अरशान, अनाया, शिवा, कक्षा प्रथम से गुड़िया, अर्नव, शाहबान, कक्षा द्वितीय से माहिर, शिफा, अमन, कक्षा तृतीय से केशव, मानव, इशिता, कक्षा चतुर्थ से जुनैद, अवन्या, जाह्नवी, कक्षा पंचम से वाइज, मानवी, सदफ, कक्षा षष्टम से छवि, इशु, सदफ, कक्षा सप्तम से लक्की, हर्ष, प्रिस, कक्षा अष्टम से अल्तामश, जिकरा, तपस्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा, अनुशासन में श्रेष्ठता के लिए उमर और जिकरा को क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

## सीएचसी बुढ़ाना में लगाया गया रक्तदान कैंप

**बुढ़ाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना परिसर में आज बृहस्पतिवार के दिन एक रक्तदान शि. विर लगाया गया। जिसमें बुढ़ाना कस्बे और आसपास के ग्रामीण इलाकों से आए सैंकड़ों लोगों ने अपनी स्वेच्छा से बढ़ चढकर रक्तदान किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक, सहकारी बैंकों के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह, भाजपा बुढाना मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर, युवा भाजपा नेता मोनू मलिक, युवा भाजपा नेता हिमांशु संगल और रामनरेश सहित आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान सभी का रक्तदान कैंप प्रभारी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अर्जुन सिंह ने आभार व्यक्त किया और रक्तदान के फायदे बताए।

# स्वच्छता अभियान व जन-जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस. डी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स मुजफ्फरनगर में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे उन्नत भारत अभियान के तहत विज्ञान सकाय द्वारा ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वस्थ भारत मिशन, वृक्षारोपरण, स्वच्छता अभियान के प्रति जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय द्वारा छात्रधछात्राओं का एक समूह ग्राम कूकडा गया। गांव में छात्र-छात्राओं द्वारा सर्वप्रथम श्री माता धाम मंदिर परिसर व आस-पास के क्षेत्र में छात्रधछात्राओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया, जिसमें नींबू, बरगद, नीम, अमरूद, आम, पीपल आदि के पौधे लगाकर गांव के लोगों को पर्यावरण बचाने के प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात गांव में



जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली के दौरान छात्रधछात्राओं ने सार्वजनिक स्थलो की साफ-सफाई की एवं गांव वासियों को भी साफ सफाई के प्रति प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने इस कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की एवं कहा कि उन्नत भारत अभियान का उद्देश्य क्षमताओं को बढ़ाने, समग्र विकास को बढावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने और मजबूत शहरी-ग्रामीण संपर्क को बढ़ावा देना है। यह अभियान शैक्षणिक संस्थानों और ग्रामीण आबादी की क्षमता को बढ़ाता है, जिससे लोगों में आत्मनिर्भरता और कौशल विकास में वृद्धि होती है।

इस प्रकार की रैली से समग्र विकास शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे सहित ग्रामीण जीवन के पहलुओं को संबोधित करने की क्षमता, सर्व समावेशी विकास को प्रोत्साहन मिलता है।

विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्षा डा. मोनिका रूहेला ने कार्यक्रम व रैली को सफल बनाने में डा. बुशरा आकिल, डा. ज्ञानेन्द्र, डा. नीरज कुमार, डा. महेन्द्र कुमार, रजत धारीवाल, मोनिका पंवार, शिखा पाल, शेखर सिंह, दीपक, नितिन गोयल व छात्रों आदि का आभार व्यक्त किया।

# वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गुरूवार को होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरनगर के प्रागंण में 3 दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2024-25 के समापन के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों महामंडलेश्वर अध्यक्ष महामृत्युन्जय सेवा मिशन पं0 संजीव शंकर, जिला पंचायत सदस्य सचिन करानिया, प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया व चौयरमेन रीटा दहिया, राजेश कौशिक, अखिल जैन, सचिन शर्मा, उपदेश करानिया ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। उसके बाद विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें बैडमिन्टन में प्रथम स्थान बालिका वर्ग में अंशिका, प्रिया द्वितीय स्थान पर खुशी, जोया, तृतीय स्थान पर वैष्णवी, खुशी। बालक वर्ग में शिव, रिहान, मोनू। कैरम में स्नेहा, अवन्तिका, आफिया, जिया, विधि, सोनाक्षी, वंशिका, तनु ने बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बालक वर्ग में हामिद, अभिनव, वासु, अनन्त, समद, अभिनव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खो-खो में बालिका वर्ग में शगुन रिया, अक्षि, उम्मेहनी, अवनी, दीपान्शी, प्रियांशी, वंशिका, भावना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में बालक वर्ग में उज्जवल, आरिस, तालिब, देवांश, कार्तिक, नमन, हिमांशु, रिहान, अतुल, समद, शाहिम, उमंग, नमन, सूर्यांश की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज में अक्ष, समर्थ, अर्पित, आर्यन सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में महामंडलेश्वर पं0 संजीव शंकर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि पढाई के साथ-साथ खेल भी बहुत आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। अंत में सभी अतिथियों ने बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शिक्षा में उत्कृष्टता जरूरी : डॉक्टर चौहान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** व्यवहारिक रोजगार परक एवं कौशल विकास केंद्रीत उच्च शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उददेश्य से श्रीराम कॉलेज के सभागार में ''गुणवत्ता पूर्ण उच्च शैक्षिक संस्थानों की स्वायत्ता एवं रैंकिग'' विषय पर चल रही सात दिवसीय कार्यशाला के छठे दिन मुख्य वक्ता के रूप में डा0 एसएन चौहान, निदेशक एकीकृत परिसर, एसआरजीसी रहे तथा विशिष्ट अतिथियों में डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर, डा आरपी सिंह, निदेशक रिर्सच, डा गिरेन्द्र गौतम, निदेशक श्रीराम कॉलेज आफ फार्मेसी, डा मनोज धीमान, निदेशक ललित कला विभाग, डॉ. विनीत कुमार शर्मा, डीन एकेडमिक्स, श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर, डॉ. सौरभ मित्तल, डीन मैनेजमेंट आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों का स्वागत, व दीप प्रज्जवलन से हुआ।

कार्यशाला के छठे दिन मुख्य वक्ता डा एसएन चौहान, निदेशक एकीकृत परिसर, श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज का विषय ''शिक्षा में उत्कृष्टता'' रहा। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा के स्तर को उत्कृष्ट बनाने के तरीको को समझाया एवं बताया कि शिक्षा प्रणाली को इस तरह से डिजाइन करना चाहिये जिससे कि छात्र क्या सीखें और क्या हासिल करें, इस पर मुख्यतः ध्यान केंद्रित किया जाए, न कि सिर्फ पढ़ाया जाए।

इस अवसर पर डीन कम्प्यूटर एप्लीकेशन डा निशांत राठी ने ई0 आर0 पी0 के एकेडमिक माडूयल की कार्यशैली पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय की शिक्षा प्रणाली के अनुसार शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने हेतु आनलाईन कार्य संचार प्रौद्योगिकी के माद्धयम से करने की आवश्यकता है। जैसे कि कंप्यूटर, इंटरनेट, मोबाइल फोन, और अन्य तकनीकी साधन, जिनका उपयोग सूचना को बनाने, प्रसारित करने, संग्रहीत करने और प्रबंधित करने के लिए किया जाता है जिससे कम समय में अधिक जानकारी एवं आवश्यकता अनुसार परिणाम प्राप्त किये जा सके। कार्यशाला में श्रीराम कॉलेज के सभी विभाग के विभागध्यक्ष व शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज के द्वारा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यशाला का सफल संचालन शालीनि मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, डीन, कम्प्यूटर ,एप्लीकेशन, निशांत कुमार राठी, कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की विभागाध्यक्षा नीतू सिंह, डीन एकेडमिक डा सौरभ मित्तल, पत्रारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम, बीबीए विभाग के विभागाध्यक्ष विवेक कुमार, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशफाक अली, बेसिक साइंस की विभागाध्यक्षा डा पूजा तोमर, गृह विज्ञान विभाग की डीन श्वेता राठी, बायोसाइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डा विपिन कुमार सैनी एवं श्रीराम कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाऐं उपस्थित रही।

# आठ वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** खंड विकास प्रांगण में उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि देश व प्रदेश में सरकार ने बहुत विकास कार्य कराए हैं। दर्जनों योजनाएं चलाई हैं। जिनका गरीब लोग लाभ ले रहे हैं। इन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में योजनाएं सिर्फ कागजों पर सीमित रह जाती थी। लेकिन आज की सरकार में योजनाएं धरातल पर है। घर-घर योजनाएं पहुंच रही है। जिससे कि



पुरकाजी क्षेत्र में खूब विकास कार्य होगा। अब पुरकाजी इलाका विकास से पीछे नहीं रहेगा।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के पास अब बोलने के लिए कोई मुददा नही है। उन्होंने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रमाण पत्र भी भेंट किए है।

कार्यक्रम का संचालन मनोज चौहान ने किया। इस दौरान एसडीएम सदर निकिता शर्मा, भारत भूषण खुल्लर, धर्मेंद्र राठी, प्रदीप गुर्जर,शहजाद कस्सार देवेंद्र धमात सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आठ अप्रैल की तैयारी करो आऊंगा मैं: टिकैत

■ भाकियू जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में नरेश से मिले कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन दर्जनों भाकियू कार्यकर्ता भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान के नेतृत्व में सिसौली पहुंचे और भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत से मिले। अनुज बालियान ने चौधरी नरेश टिकैत को बतलाया कि बुढाना तहसील मे बैठे अधिकारी भ्रष्टता की सीमा लांघ रहे हैं। वे किसानों का जायज काम भी करने को तैयार नहीं हैं।

जगह जगह दलाल बैठा रखें हैं जो बिना सुविधा शुल्क दिलाए किसी का भी काम नहीं करते। कई बार समय समय पर इन अधिकारियों को चेताया भी गया लेकिन किसी के सिर पर भी जूं नहीं रेंग रही है। यहां तक कुछ पेट्रोल पम्प के संचालक भी वाहन चालकों की आंखों में घटतौली बड़े पैमाने पर अपने कर्मचारियों से करवाकर संबंधित अधिकारियों को खुश करने में लगे हैं। इसके अलावा बीते दिनों गांव अलीपुर अटेरना की पानी की निकासी की जो बड़ी समस्या थी उसका निस्तारण जब संपूर्ण समाधान दिवस मे भी नहीं हो पाया तो उन्होंने थक हारकर आंदोलन का रास्ता चुना तो तब प्रशासन की आंख खुली।

कुल मिलाकर अधिकारी बेलगाम है और उसको लेकर गांव अलीपुर अटेरना में उसी दिन जो धरना हुआ इसमें तय हुआ था कि इन अधिकारियों का दिमाग ठीक करने के लिए 8 अप्रैल की एक बड़ी पंचायत बुढाना तहसील परिसर में की जाए। इसके अलावा और भी कई मुद्दे हैं। इसलिए आप महापंचायत में शामिल हों इसके लिए आपके पास आए हैं। तब भाकियू सुप्रीमो ने दो टूक कहा कि तैयारी करो में 08 अप्रैल को महापंचायत में आऊंगा।

## किड्स हेवन स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**चरथावल।** रोहाना रोड सिथत किड्स हेवन पब्लिक स्कुल मे वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गयी जिसमे प्ले से कक्षा पांच तक की कक्षाओं में मलायसा बूसरा अवीसी इस्माइल अथर्व अवनी सैनी वेदानशी हफसा और श्रेया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा छ ए अर्णव मित्तल कक्षा छ बी हमरा मिर्जा कक्षा सात ए सुमैया कक्षा सात बी अक्सा कक्षा आठ मे फलक कक्षा नो ए वैष्णवी कक्षा नो बी आरिबा और कक्षा ग्यारह से सादान त्यागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों प्रधानाचार्य समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इनके अतिरिक्त कक्षा में विशेष स्थान विशेष प्रतिभा रखने वाले छात्र-छात्राओं को भी विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं और उनको मिले पुरस्कार से सभी अभिभावकों में खुशी का माहौल नजर आया। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापिका सुनीता धीमान ने कहा कि विद्यालय परिवार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के चाहू मुख विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहेगा प्रबंधक सत्य प्रकाश धीमान ने कहा कि आज जो अभिभावकों में खुशी का माहौल है यह सब अध्यापक को कटक परिश्रम और अभिभावकों का प्रतिम सहयोग के कारण हुआ है इस अवसर पर विद्यालय कोऑर्डिनेटर सविता धीमान सहित अमिता धीमन रुकैया फरहत रचना मंजर अली अमित कौशिक लक्ष्येंद्र त्र अरोड़ा अंजुम बानो अंकुश शर्मा रेनू सिंघल अमित कुमार शमा परवीन पूनम सिंघल लावण्या त्यागी तनु धीमान रिशा वर्मा निहारिका त्यागी मेघा धीमान कहकसा त्यागी माही भारद्वाज राधिका नीति वर्मा हिना चौधरी नेहा शर्मा रिकी सौरभ हिमांशु और प्रशांत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# हिंदू संगठनों का राणा सांगा पर की गई टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन

■ राणा सांगा पर की गई विवादास्पद टिप्पणी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी के विरोध में सर्व हिन्दू समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें सपा सांसद की सदस्यता रद्द कर जेल भेजने की मांग की गई। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ठा. रामनाथ सिंह के नेतृत्व में हजारों युवक डाक बंगले से प्रदर्शन करते हुए तहसील में पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा कि राणा सांगा साहस व शौर्य के जीवंत उदाहरण हैं। जिन्होंने सो से अधिक युद्ध लड़े ओर किसी में भी पराजित नही हुए। सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने राज्यसभा में देश के महापुरुष वीर पराक्रमी राणा सांगा के विरुद्ध अमर्यादित बयान दिया है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा। सपा मुखिया अखिलेश यादव से इस सांसद को पार्टी से निष्कासित कर हिन्दू समाज व देश से मांफी मांगने को कहा गया।

साथ ही चेतावनी भी दी गई कि अन्यथा देश का समस्त हिन्दू समाज सड़कों पर उतरेगा। प्रदर्शन करने वालों में प्रधान मामचंद, मोनू मलिक, अंकुश राठी, हिमांशु संगल, प्रताप सिंह, रामकुंवर, राजपाल सिंह, हरिओम, मोनू ठा., मुकेश शर्मा, ठाठ सिंह आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा पुत्र नसीम और उसकी पत्नी गुल्लो उर्फ गुलशाना पत्नी नसीम मेरे कहने सुनने से बाहर है आए दिन झगड़ा फसाद व गलत कार्य करते रहते है। मैं अपने पुत्र नसीम पुत्रवधु गुल्लो उर्फ गुलशाना की गलत हरकतों से तंग व परेशान हूं। इसलिए अपने पुत्र व पुत्रवधु से संबंध विच्छेद करता हूं। आज के बाद मेरे बेटे नसीम व पुत्रवधु गुल्लो उर्फ गुलशाना से मेरा व मेरे परिवार का किसी भी प्रकार का वास्ता मतलब नहीं रहा और न ही भविष्य में रहेगा। मैं दोनो को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनके द्वारा किए गए गलत कार्य व लेन-देन के जिम्मेदार स्वयं होगे।

**जमशेद पुत्र रहमअली**
**निवासी-ग्राम पुरबालियान**
**थाना मंसूरपुर,**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

**चौ. छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर**

**असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है**

महाविद्यालय में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित एम.एस.सी. रसायन विज्ञान, एम.एस.सी. कृषि शस्य विज्ञान तथा बी.कॉम. हेतु सहायक प्राध्यापकों की आवश्यकता है। योग्यता यू.जी.सी./राज्य सरकार के नियमानुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी सादे कागज पर फोटो सहित आवेदन पत्र (दो प्रतियों में), योग्यता प्रमाण पत्रों सहित विज्ञापन की तिथि से दो सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि से बाद में अवगत कराया जायेगा।

**(शरद कुमार)**
**सचिव, प्रबंध समिति**

**(प्रो. के.पी.सिंह)**
**प्राचार्य**

# सफाई कार्य का भी विपक्षी सभासदों ने किया विरोध

■ चेयरपर्सन के तेवर हुए सख्त, जाल हटाकर तरीके से कराई गई सफाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बोर्ड मीटिंग से लेकर हर मंच पर कस्बे के विकास का विरोध करना ही क्या एक मात्र रास्ता सियासत का रह गया है? कस्बे के नागरिकों के मुद्दों को दरकिनार करना और जनता को परेशान करना ही जनप्रतिनिधि बनने का उद्देश्य है? ये सवाल हम नहीं बल्कि हमारे ऐतिहासिक बुढ़ाना कस्बे की जनता पूछ रही है और ये सवाल जनता पूछे भी क्यों नहीं क्योंकि जब भी विकास की बात में कोई अच्छा काम करने की बात आए तो विपक्षी सभासद पूरी ताकत से विरोध करने में जुट जाते हैं। बोर्ड बैठकों में तो आपने सब देखा सुना है ही। आज सफाई कार्य का भी मौके पर जाकर विपक्षी सभासदों ने विरोध किया। मामला कस्बे के भारत हॉल चौक का है। भारत हॉल चौक के एक दुकानदार ने नाले की सफाई के लिए नगर पंचायत में प्रार्थना पत्र दिया था। नगर पंचायत चेयरपर्सन उमा त्यागी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और नाले की बेहतर तरीके से सफाई के निर्देश दिए।

गुरुवार की सुबह सफाई कर्मी नाले की सफाई करने पहुंचे। नाले के ऊपर का जाल हटाकर बेहतर तरीके से सफाई होनी थी लेकिन विपक्षी सभासद मौके पर पहुंच गए और सफाई का विरोध करते हुए कहने लगे कि जाल नहीं हटेगा और सफाई कार्य रोकने का भरसक प्रयास किया लेकिन चेयरपर्सन के साफ निर्देश थे कि जाल हटाकर बेहतर तरीके से सफाई हो जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना न पड़े। सभासदों का सफाई का विरोध उनके मंसूबों को पूरा न कर सका और जाल खोलकर बेहतर तरीके से सफाई की गई। देर शाम तक काम जारी था और जाल खोलकर बेहतर तरीके से कराई जा रही सफाई से लोगों में खुशी का माहौल था। लोगों का कहना है कि राजनीति करनी है तो मुद्दों पर करो। विकास और सफाई कार्यों का विरोध तो छोटी और घटिया मानसिकता का परिचय है। लोगों का ये भी कहना है कि सफाई का विरोध करने वाले कई सभासद भाजपा के सिंबल पर जीतकर आए हैं और वह सभासद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को ही पलीता लगा रहे हैं। सफाई का विरोध करना तो बेहद खराब फैसला विपक्षी सभासदों का है। कस्बे की जनता ने विकास के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मुझे सौंपी है। मेरा संकल्प कस्बे का विकास करना और आप सबका सम्मान बनाए रखना है और मैं अपने इस संकल्प से कभी पीछे नहीं हटूंगी। विकास समेत कस्बे के हित के सभी कामों में कुछ लोग अड़ंगा लगाने का ही काम कर रहे हैं। कस्बे की जनता सब जान रही है।

# तालाब की भूमि पर नहीं रूका अवैध निर्माण

## उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ग्राम पंचायत सराय रसूलपुर में तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण कार्य कराए जाने का मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने इस निर्माण को अवैध बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सराय रसूलपुर के निवासी प्रवेज आलम पुत्र स्व. मोहम्मद इस्लाम ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी खतौली को एक लिखित शिकायत देकर तालाब की भूमि पर हो रहे इस अवैध निर्माण को रुकवाने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, खसरा संख्या 282, जो कि तालाब भूमि यश्रेणी-6) के अंतर्गत आती है, पर बिना किसी विभागीय अनुमति के निर्माण कार्य किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस अवैध निर्माण से सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित भूमि को खुर्द-बुर्द किया जा रहा है। शिकायत के साथ तालाब की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण की फोटोग्राफ और खतौनी की प्रतिलिपि भी संलग्न की गई है। प्रवेज आलम ने प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द इस अवैध निर्माण को रोका जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में भी नाराजगी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तालाब की भूमि को बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि जल संरक्षण व पर्यावरण संतुलन प्रभावित न हो। इसी दौरान नवीन कुमार, श्याम लाल, सेलम चंद, महावीर, नीरज, सुखबीर, रोहित, सोनू, मंगल सिंह, राशिद, अजय, नितिन, किशन पाल, दीपचंद, सुहेल, ईश्वर, मोहर्रम अली, मुरसलीन, अशलम, नवाबुद्दीन, शाहिद, आरिफ, जावेद, स्वराज, कमलेश, कलावती, भगवादी, शीतो, बिरमो आदि मौजूद रहे।

# पालिका की नजरअंदाजी के कारण नालों में बह गया पीने का हजारों गैलन पानी

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** एक ओर जहां सरकार पानी की एक-एक बूंद के महत्व को बताते हुए पानी को बचाने के प्रचार पर करोड़ों रूपये खर्च करती है, वहीं सरकारी जिम्मेदारी संस्थायें ही अपनी जिम्मेदारियों दूरी बनाये हुए हैं। कस्बे के मौहल्ला बुढ़ाना रोड टावर वाली गली में पालिका की पाइप लाइन से पंद्रह दिनों से लीक हो रहा पानी इसकी एक बानगी है। सूचना देने के बावजूद पालिका इसकी सुध लेने को तैयार नहीं है।

इस नजरअंदाजी के कारण पीने लायक हजारों गैलन पानी बहकर नालों में जा चुका है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका की लापरवाही के चलते 15 दिन से सड़क के बीचो बीच टंकी से पानी लीक हो रहा है। मौहल्ले वासियों ने बताया बुढ़ाना रोड टावर वाली गली से पहली गली में 15 दिन से नगर पालिका की पाइप लाइन से पानी लीकेज हो रहा है, जबकि जलकर विभाग के जेई विपिन कुमार रंजन को कई बार सूचना देने के बाद पानी की पाइप लाइन ठीक नहीं कराई गई। इस कारण हजारों गैलन पीने का पानी बह चुका है।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक

**बुढ़ाना।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के उपलक्ष्य में आज बृहस्पतिवार के दिन बुढाना खंड विकास कार्यालय के समीप स्थित मीटिंग हॉल में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ग्राम प्रधान, उनके प्रतिनिधि, सफाई कर्मचारी और आंगनबाडी कार्यकत्रियां मौजूद रही। बैठक में खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि इस अभियान की मुख्य कडी हमारी सफाई कर्मचारी हैं। हमें बीमारी से बचने के लिए अपने आसपास सफाई रखनी होगी। इसमें सफाई कर्मचारियों का विशेष योगदान होता है। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोनू कश्यप ने यहां पर सभी को संचारी रोग नियंत्रण अघभियान के बारे में पूरी जानकारी दी और विघभिन्न बीमारियों से बचने के अनेक उपाय बताए। उन्होंने भी सफाई पर विशेष धयान देने की बात कही। जिस पर सभी ने प्रण किया कि वे अपने आसपास सफाई रखेंगे और किसी को भी सार्वजनिक रूप से गंदगी फैलाने नहीं देंगे। चाहे इसके लिए उन्हें समय समय पर विशेष सफाई अभियान ही क्यों ना चलवाना पड़े। इस दौरान सभी को यहां पर स्वच्छता के लिए बीडीओ सतीश कुमार के द्वारा शपथ भी दिलवाई गयी।

## मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार में बिरालसी ग्राम पंचायत का हुआ चयन

**चरथावल।** मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनांतर्गत चरथावल ब्लाक की बिरालसी ग्राम प्रधान लोकेश पुण्डीर को मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप ग्राम प्रधान को तीस लाख रुपये दिए गए हैं। उक्त सम्मान मिलने पर ग्राम वासियों ने प्रधान ठाकुर लोकेश पुण्डीर,सचिव संजीव कुमार का शानदार स्वागत किया। जनपद अंतर्गत विकास संबंधी आनलाइन प्रक्रिया में कई गांव का रजिस्ट्रेशन किया गया था। इनमें से चरथावल ब्लाक की ग्राम पंचायत बिरालसी ने स्थान प्राप्त किया है। प्रधान लोकेश पुण्डीर ने बताया कि शत प्रतिशत शौचालय, गांव की तमाम गलियों को पक्की कराने, स्ट्रीट लाइटें लगवाने, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने, पीएचसी, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र का कायाकल्प, तालाबों की सफाई आदि का सर्वे किया गया।

# नहर पुल मार्ग को ऊँचा करने को लेकर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा मे नव निर्मित गंग नहर पुल के दोनों ओर मार्ग का निर्माण कार्य जारी है। पश्चिम नहर पटरी की ओर बन रहे मार्ग की ऊंचाई के बराबर गांव के मार्ग की ऊँचाई करने की मांग को लेकर सेंकड़ो ग्रामीणों ने सेतु निगम की लापरवाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्ग के कार्य को बंद करा दिया।

भोपा क्षेत्र के गांव बेहड़ा थू निवासी ग्रामीण गुरुवार की दोपहर गंग नहर के नवनिर्मित पुल पर पहुंचे और निर्माण कार्य को रुकवा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सेतु निगम के ठेकेदार द्वारा पुल के मार्ग को मुजफ्फरनगर की ओर ऊँचा बनाया जा रहा है। जिसके कारण चीनी मिल में गन्ना ले जाने वाले किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा। गांव के मार्ग को



ऊँचा कर मुजफ्फरनगर मार्ग के समतल किया जाये जिससे फौरन ऊंचाई न हो और दुर्घटना न घटित हो जो रात में राहगीरों के साथ हादसे का कारण बन सकती है सूचना पर मौके पर पहुंचे भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी ने अधिकारियों और ठेकेदार से फोन पर वार्ता की और समस्या का समाधान ना होने तक निर्माण कार्य रोकने का ऐलान किया। इस दौरान नईम उर्फ भूरा जिला महासचिव, बॉबी राठी तहसील उपाध्यक्ष, धीरेन्द्र न्याय पंचायत अध्यक्ष, धीर सिंह डायरेक्टर, संजय, सतेंद्र, कृष्ण, ओमवीर आदि मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने सपाई रामजीलाल के विरुद्ध एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार को सैंकड़ों भाजपाइयों ने पहले डाक बंगले पर इकठे होकर सभा की फिर जुलूस के रुप में एसडीएम राजकुमार भारती के माध्यम से हिन्दू राजा राणा सांगा के विरुद्ध हुई अशोभनीय टिप्पणी के संबंध में राष्ट्रपति को ज्ञापन भिजवाया। ज्ञापन में सपा सांसद रामजीलाल सुमन की सदस्यता रद्द कर जेल भेजने की मांग की गयी व कहा गया कि देश में मेवाड राजवंश में कई महान योद्धा हुये। जिन्होने देश पर हमला करने वाले आकान्ताओं को युद्ध में हराया।

पराक्रमी राणा सांगा ने इब्रा. हिम व बाबर को हराया। उनके पौत्र महाराणा प्रताप ने अकबर को हराया। महाराणा प्रताप ने बहलोल को तलवार के वार से घोडे समेत दो टुकडो में विभाजित किया। राणा सांगा ऐसे योद्धा थे जिनकी युद्ध में एक ऑख, एक हाथ व एक पैर खत्म हो गये मगर फिर भी आकांताओं के विरुद्ध लड़ते रहे। सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राज्यसभा में बीते 21 मार्च को राणा सांगा के विरुद्ध दिया गया ब्यान गलत है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। राष्ट्रपति से आग्रह है कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन की सदस्या रद्द कर उसे जेल भेजें व सपा नेता अखिलेश यादव आरोपी सांसद रामजी लाल सुमन को तुरंत पार्टी से निष्कासित करें। अखिलेश यादव पूरे हिंदू समाज व देश से माफी मांगें अन्यथा देश के सब हिंदू सडकों पर उतरेंगे जिसके जिम्मेदार अखिलेश होंगे। यहां ज्ञापन देने वालों में मोनू मलिक, भाजपा मंडल अधयक्ष बुढाना मोनू कुर्थल, अंकुर सैनी, प्रताप सिंह, शिव और ठाकुर रामनाथ सिंह मौजूद थे।

# सोलानी नदी के किनारे बनेगा 23 किमी लम्बा बांध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** सोलानी के खादर क्षेत्र में बाढ़ से छुटकार दिलाने के लिए उत्तराखण्ड के बुलाकीपुर से मुजफ्फरनगर के फरीदपुर खुशीपुरा तक 23 किमी लम्बे कच्चे तटबंध का निर्माण कराया जाएगा, जिससे किसानों की फसल व ग्रामीणों को बाढ़ से बचाया जा सकेगा।

गुरूवार को गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग पटना व जल संसाधन विभाग मेरठ के अधिकारियों ने शुकतीर्थ पहुंच गंगा घाट आदि का निरीक्षण किया।

जल संसाधन विभाग (गंगा) मेरठ के चीफ इंजीनियर ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग पटना के सदस्य अजय कुमार, अधीक्षण अभियंता भारतेन्दु गौड, अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता वीके पाण्डेय, विवेक पाल, मनीष कुमार, जेई अनिल



कुमार, संजीव मलिक, श्रवण कुमार, प्रमोद कुमार, मनोज राठी आदि गुरुवार को शुकतीर्थ पहुंचे तथा गंगा घाट आदि का निरीक्षण किया, टीम ने श्री गंगा सेवा समिति के महामंत्री डॉ. महकार सिंह, प्रबंधक देवेन्द्र आर्य, उप मंत्री चौधरी सुरेन्द्र सिंह से चर्चा करते हुए बताया कि सोलानी नदी में बाढ़ के दौरान प्रतिवर्ष जलस्तर बढ़ते ही आसपास के इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे किसानों की फसल नष्ट हो जाती है तथा लगभग 22 गांवों के ग्रामीणों को बाढ़ का सामना करना पड़ता है। उत्तराखण्ड के बुलाकीपुर से रजकालापुर, चंद्रावाला, चानचक, अलमावाला, जिन्दावाला से होते हुए फरीदपुर, खुशीपुरा तक सोलानी नदी के दांयी ओर 113 करोड रूपये की लागत से 23 किमी लम्बा कच्चा तटबंध बनाया जाएगा। तटबंध नीचे से 17 मीटर व ऊपर से 5 मीटर चौडा होगा। तटबंध बनने से आसपास के किसानों व ग्रामीणों को बाढ से बचाया जा सकेगा, जिससे जनधन की हानि नहीं होगी। इसके बाद टीम ने श्री शुकदेव आश्रम में पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया, उन्होंने पटका पहनाकर व शुकतीर्थ दर्शन पत्रिका भेंट की तथा योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की।

# जफर बने अखिल भारतीय राजीव गांधी विचार मंच के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय राजीव गांधी विचार मंच द्वारा जफरयाब अली को मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मंच के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा की गई है, प्रदेश उपाध्यक्ष सलीम अली ने जफरयाब अली को संगठन के कार्यों और कांग्रेस विचारधारा के प्रचार-प्रसार में उनकी सक्रिय भागीदारी को देखते हुए की गई है।

इस अवसर पर जारी पत्र में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्व. राजीव गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने जफरयाब अली से आशा व्यक्त की कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे और संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका अदा करेंगे।



अखिल भारतीय राजीव गांधी विचार मंच, स्व. राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व और सिद्धांतों को प्रचारित करने के लिए कार्यरत संगठन है। इसका मुख्य उद्देश्य कांग्रेस की विचारधारा को देशभर में फैलाना और जनता को पार्टी से जोड़ना है।

# खुर्रम पब्लिक स्कूल मुझेड़ा सादात में टॉपर मेधावियों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मुझेड़ा सादात के खुर्रम पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा के दौरान मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जटवाड़ा गांव के प्रधान नवाब अली, कैथोड़ा गांव के पूर्व प्रधान हाजी महबूब, मौलाना फैयाज, समाजसेवी आफताब आलम और आजाद अब्बासी जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने छात्रों को प्रेरक प्रसंग सुनाकर उनका उत्साह बढ़ाया।

खास तौर पर सभी वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की उपयोगिता पर खूबसूरती से प्रकाश डाला और बच्चों को अच्छी तालीम की अहमियत समझाई। ज्ञात हो कि खुर्रम मेमोरियल पब्लिक स्कूल मुझेड़ा सादात का सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित स्कूल है। विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र इस प्रकार हैं। नर्सरी से आतिफ, काफिया, आयत, एलकेजी से अदन, साद, आयत, कक्षा एक से इसरा, सादिया, फाजिल, कक्षा 2 से असवद, कासिफा, शजर, कक्षा 3 से अब्दुल आहद, शाहबिया, महविश, कक्षा 4 से आसिम, शान-ए-जबी, सादिक कक्षा 5 से रुक्कया, रिहान, जुबैर इसके अलावा, आरजू, सेरूना फिजा, रिहान, आफिया, उमेर, निदा, मुस्कान और इफरा ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिजनों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों के माता-पिता उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों को दुआएँ दीं।

मुख्य अतिथि जटवाड़ा के ग्राम प्रधान नवाब अली ने शिक्षा की वर्तमान आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसी विधि है, जिससे पिछड़े हुए लोगों को मुख्यधारा में शामिल होने का सशक्त अवसर मिलता है। कार्यक्रम का संचालन आस मौहममद कैफ द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या हिना आस ने सभी बच्चों और उनके परिजनों को ईद की बधाई दी और उन छात्रों को प्रोत्साहित किया जो शीर्ष स्थान प्राप्त नहीं कर सके।

उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे निराश न हों और भविष्य में मेहनत कर आगे बढ़ें। शबीना, अजरा, रानी, गुलफिसा, खुशनुमा, सनाबिया और सादिया आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### नहर किनारे मिली बाईक से सनसनी

भोपा। भोपा मे नहर पुल के पास संदिग्ध परिस्थितियों मे मिली बाईक को लेकर सनसनी फैल गयी है। जली हुई हालत मे बाईक को नहर मे फेंकने के प्रयास से किसी अनहोनी की आशंका ग्रामीणों ने व्यक्त की है। भोपा गंग नहर पटरी पर बेहड़ा थ्रू जाने वाले रास्ते पर गुरुवार की सुबह नहर किनारे एक बाइक को ग्रामीणों ने देखा। वहीं दूसरी ओर एक हेलमेट भी पड़ा देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार सम्भवत: नहर किनारे खडे पेड़ के नीचे बाईक मे आग लगाकर उसे नहर मे फेंकने का प्रयास किया गया,किन्तु बाईक झाड़ियों मे अटक गयी। आग लगने से आस पास की घांस व पेड़ भी जल गये। ग्रामीणों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से जांच की मांग की है। हाल मे क्षेत्र दो अलग अलग गांव निवासी लापता हुई युवती का शव मेरठ जनपद की भोला झाल व एक लापता महिला का शव सिखेड़ा थाना क्षेत्र के चितोडा नहर झाल से बरामद हुए हैं। जिसके बाद क्षेत्र मे गंग नहर व पटरी को लेकर संवेदन शीलता बनी हुई है। देर शाम तक पुलिस बाइक को नहर से नहीं निकाल सकी थी।

### योजनाओं की जानकारी के साथ कार्यक्रम सम्पन्न

**खतौली।** सेवा, सुरक्षा व सुशासन की थीम के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष एवं केंद्र सरकार के 10 वर्ष के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं एवं जनहित की कल्याणकारी योजनाओं की संबंध में तीसरे दिन भी तहसील में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विधायक मदन भैया बतौर अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, खाद्य व रसद विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण स्वयं सहायता समूह, नगर पालिका परिषद खतौली, बाल विकास विभाग, विकास विभाग, कृषि विभाग व पशु पालन विभाग, पुलिस विभाग व अग्निशमन विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित स्टॉल विधिवत रूप से लगाये गये। स्टालों पर विभागों के सक्षम अधिकारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम 25, 26 एवं 27 मार्च 2025 को निरंतर रूप से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक मदन भैया द्वारा किया गया। विधायक मदन भैया द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी मोना. लिसा जौहरी, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, खण्ड विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार मंसूरपुर, थानाध्यक्ष बृजेश कुमार शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के सभी सक्षम अधिकारी, क्षेत्र के ग्राम प्रधान गांव के कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को विधायक मदन भैया द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

### दो दिवसीय खेलोत्सव का आयोजन

**खतौली।** श्री कुन्द कुन्द जैन महाविद्यालय, खतौली में गुरुवार दो दिवसीय खेलोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्या प्रो0 रीना व क्रीडा अधिकारी डॉ0 मनीष कुमार जैन ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या ने बताया कि कालेज परिसर में 100, 200, 400 मीटर रेस, ऊँची कूद, लम्बी कूद, आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अधिकाधिक भाग लिया।

प्रतियोगिताओं में गुरुवार को योगा व भरोत्तोलन कराया गया जिसमें विद्यार्थियों के द्वारा योग किया गया और छात्रों के द्वारा भरोत्तोलन कराया गया। प्रतियोगिताओं का समापन व पुरस्कार वितरण किया गया। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में नेहा, एम.ए. द्वितीय वर्ष को चौम्पियन व ज्योति, बी.ए. को उपचैम्पियन घोषित किया गया। छात्र वर्ग में विवेक पाल को चौम्पियन तथा अंश वर्मा को उपचौम्पियन घोषित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो रीना ने कहा कि खेल सभी के लिए अनिवार्य है। क्रीडा अधिकारी डा. मनीष कुमार जैन ने बताया कि खेल जीवन का एक हिस्सा है। प्रतियोगिता का मंच संचालन डा. संजीव कुमार ने कया। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं दर्शकों के साथ सभी सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हिंदू भाइयों संग मनाएं ईद का त्यौहार: कस्सार

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बुढाना ब्लाक क्षेत्र की गांव सफीपुर पटी के वार्ड नंबर दस की सदस्या श्रीमति अफसरी मंसूरी के आवास पर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता यासीन खान जोगिया खेड़ावी ने मुस्लिम समाज के समस्त लोगों से अपील करते हुए कहा है कि ईद उल फितर का जो त्यौहार है वह मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम देता आया है। इसलिए हम सभी को चाहिए कि हिंदू और मुस्लिम सभी को साथ लेकर ईद उल फितर का त्योहार मनाएं। बैठक में भारतीय किसान सेना मुजफ्फरनगर के जिला प्रभारी मुरसलीन कस्सार हुसैनपुरी ने सब क्षेत्रवासियों को ईद उल फितर की मुबारकबाद देते हुए ईद उल फितर के त्यौहार को सभी धर्मों के लोगों के साथ भाईचारा और मोहब्बत के साथ मनाने की अपील की। इस बैठक में मुख्य रुप से चांदू कस्सार, जमात चोधरी, इरफान अहमद, बोना अहमद, नवाब अहमद, जीशान अहमद, आशू चोधरी, गुलाब चोधरी, प्रमोद कुमार, महेंद्र सिंह, नरेश कुमार, अकरम खान और अब्दुल गफ्फार खान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस बैठक की अधयक्षता भाकियू नेता यासीन खान और संचालन भारतीय किसान सेना के जिला प्रभारी मुरसलीन कस्सार ने किया।

### यूपी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां हुई सम्मानित

**बुढ़ाना।** यूपी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर तहसील प्रांगण में 3 दिन से चल रहे प्रोग्राम का आज बृहस्पतिवार को समापन कर दिया गया। यहां बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने कर कमलों द्वारा सम्मानित किया और कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 8 वर्ष में बेहतरीन कार्य हुए हैं। सब विभागों में उत्कष्ट कार्य हुए हैं। मोदी जब से पीएम बने हैं देश में चंहुमुखी विकास हो रहा है। सरकार गरीबों के प्रति समर्पित रही है। गरीबों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन, पांच लाख रुपये तक का मुफ्त चिकित्सा इलाज मिल रहा है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुढ़ाना क्षेत्र से दर्जनों बेटियों का पुलिस भर्ती परीक्षा में चयन हुआ है। आज बेटियां भी आगे बढ़ रही है।

**सूचना**

मेरी पहली पुत्री मृणाली के जन्म प्रमाणपत्र सं. 13858/30.12.2008 और दूसरी पुत्री आरोही के जन्म प्रमाण पत्र सं. B-2018:9-90020-001044 में गलती से नाम मृणाली और आरोही कराया गया था, जबकि उनका वास्तविक नाम मृणाली कंसल और आरोही कंसल है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

तरंग कंसल निवासी इंदू वाटिका, मुजफ्फरनगर

# चिल्लागाह पर हुआ रोजा इफ्तार का आयोजन

**मोरना।** हजरत ख्वाजा खुशहाल मियां की चिल्लागाह पर रोजा इफ्तार का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। वहीं देर शाम कुरानपाक पूरा होने के उपलक्ष मे तबर्रूक का वितरण किया गया व विशेष दुआ कराई गयी।

मोरना क्षेत्र के गांव बिहारगढ़ स्थित हजरत ख्वाजा खुशहाल मियां की चिल्लागाह शरीफ पर गुरुवार को रोजा इफ्तार किया गया जिसमे क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर रोजा इफ्तार किया व मगरिब की नमाज अदा की देर शाम ईशा की नमाज के बाद तराहवीह के दौरान कुरान ने पाक की आखरी सूरतो की तिलावत के साथ कुरान मुकम्मल किया गया। इस दौरान अमन शान्ति सुख समृद्धि के लिए विशेष दुआ कराई गयी।चिल्लागाह के सज्जादा नशी सूफी जव्वाद अहमद खुशहाली ने कहा की रमजान के मुबारक माह मे रोजा रखने का सवाब अल्लाह ने सबसे ज्यादा देने का वादा किया है।

रमजान की इबादत का विशेष महत्व है। रोजा व अन्य इबादत के अलावा हमें निस्वार्थ कमजोर लोगो की मदद करना चाहिए।अल्लाह की रजा के लिए किया गया प्रत्येक कार्य इबादत है।

तरावीह के दौरान कुरान सुनाने वाले हाफिज मोहम्मद अब्दुल कादिर अगवान पुरी को सम्मानित किया गया। और तबर्रूक का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सूफी दिलनवाज खान,नौशाद इलाही, सूफी रईस, सूफी सलीम, कमालूद्दीन, अहमद अंसारी, भूरा भाई सरिया वाले, हाफिज मौ साजिद, मौ अफजल, सरदार सतवंत सिंह, सूफी सिराज, भगवन दास, पप्पी सरदार, मुन्ना ककराला, लियाकत ककरौली,मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो गांवों में की शांति समिति की बैठक

## किसी पर भी छींटाकसी न करने की दी गई सलाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** फुगाना पुलिस ने सीओ ऋषिका सिंह के निर्देश पर सर्किल के गांव जोगियाखेडा और गांव लोई में मुस्लिम समाज के लोगों के बीच पहुंचकर ईद के त्यौहार को लेकर बैठक की और सभी से किसी भी अपफ्वाह पर ध्यान ना देने की भी अपील की। थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने बताया कि सभी लोग ईद उल पिफ्तर के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। किसी पर भी कोई छींटाकशी ना की जाए।

सड़क पर नमाज ना पढ़ी जाए और जगह जगह समूह बनाकर ना खड़े हों। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह और हल्का इंचार्ज राजकुमार सिंह ने जोगियाखेड़ा और गांव लोई के ग्रामीणों से ईद के त्यौहार को शांतिपूर्वक तरीके से मनाने के लिए ग्रामीणों से बैठक की और सभी ग्रामीणों को शांति पूर्वक त्यौहार को मनाने के लिए कहा गया। दूसरी और फुगाना पुलिस ने आते जाते वाहनों को रोककर तलाशी अभियान चलाया और बाइक पर सवार तीन युवकों के बैठने पर ऐतराज जताते हुए उनको भविष्य में ऐसा न करने को कहा और सभी से बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने को कहा।

### एसपी देहात के नेतृत्व में पुलिस ने किया पैदल मार्च

**बुढाना।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा अलविदा जुमे की नमाज व आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने, कानून एवं शान्ति व्यस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुखढ़ रखने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र बुढाना में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। स्थानीय नागरिकों से वार्ता कर सभी से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। जुमे की नमाज व आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुखढ़ रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा थाना क्षेत्र बुढाना के प्रमुख चौराहो, बाजारों, संवेदनशील स्थानों व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस बल व दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

फ्लैग मार्च के दौरान सीओ बुढाना गजेन्द्र पाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक बुढाना आनंद देव मिश्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उनके द्वारा स्थानीय लोगों व धर्म गुरुओं से वार्ता कर बताया गया कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। प्रशासन की गाईड लाईन का पालन करें। किसी प्रकार का आयोजन सड़क पर न करें। जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें। शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा करें। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वालों असामाजिक तत्वों किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधि दिखाई देने पर इसकी सूचना पुलिस को दें।

# दिन निकलते ही हाइवे किनारे गोली लगा शव मिलने से फैली सनसनी

**हत्या कर पहचान छुपाने के लिए पेट्रोल डालकर जलाने का किया गया प्रयास, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे के किनारे कस्बा एलम निवासी एक किसान के खेत में बनी टड्बवेल के समीप 25 वर्षीय युवक का गोली लगा शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आरोपियों ने युवक की हत्या कर पहचान मिटाने के लिए शव के ऊपर पेट्रोल डालकर जलाने का भी प्रयास किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त नहीं होने पर पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए मृतक के शरीर का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए है।थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी किसान अभिनव उर्फ निशु के खेत दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे के किनारे हैं किसान गुरुवार की सवेरे अपने खेत पर कार्य करने के लिए गया था। किसान के अनुसार जैसे ही वह अपने टड्बवेल के समीप पहुंचा तो एक युवक का शव पड़ा हुआ था और उसमें आग लगी हुई थी। किसान ने घटना की जानकारी तुरंत डायल 112 पुलिस को दी। दिन निकलते ही गोली लगा शव मिलने की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और क्षेत्र में भी सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर तुरंत थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस के उच्च अधिकारियों को दी। जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर एडिशनल एसपी संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह भी पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर घंटों शिनाख्त का प्रयास किया। घंटों प्रयास के बाद भी मृतक युवक की कोई भी पहचान नहीं हुई, घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच पड़ताल करते हुए मृतक युवक के शरीर का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने पहले मृतक के साथ जमकर मारपीट की और फिर उसको तीन गोली मारी गई। और पहचान छुपाने के लिए पेट्रोल डालकर जलाने का भी प्रयास किया गया। पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त के लिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए हैं। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना का राजफाश करने के लिए जांच पड़ताल में जुटी हुई है।



### खुलासा करने के लिए तीन टीमों का हुआ गठन

एडिशनल एसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक युवक के शरीर पर तीन स्थानों पर गोली मारी गई है, पहली गोली सर पर दूसरी छाती पर और तीसरी पैरों पर लगी हुई दिखाई पड़ रही है। आशंका है कि आरोपियों ने पहले गोली मारी और फिर पेट्रोल डालकर जलाया गया है। घटना का राजफाश करने के लिए सर्विलांस टीम एसओजी टीम एवं थाना पुलिस टीम का गठन किया गया है। जल्दी हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।

पहचान नहीं होने पर सोशल मीडिया का सहारा लिया गया है। और जनपद के सभी थानों में फोटो चस्पा करा दिए गए हैं।

# कांग्रेस आला कमान से पुनर्विचार की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला शामली के कांग्रेसजन की एक सभा कांग्रेस सेवादल के प्रदेश महासचिव वैभव गर्ग के एलजी शोरूम विजय चौक पर आयोजित हुई।

अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी बाबू खान व संचालन योगेश भारद्वाज ने किया। सभा मे जिलेभर के पूर्व पदा. धिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ताओ की बड़ी संख्या ने कांग्रेस हाईकमान द्वारा कांग्रेस पार्टी के जिम्मेदार पदों पर गैर कांग्रेसियो की नियुक्ति पर गहरा रोष प्रकट करते हुए शीर्ष नेतृत्व से फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। पूर्व जिला अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि जनपद शामली में कांग्रेस कार्यकर्ता विषम से विषम परिस्तिथि में भी कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ा रहा है परंतु पिछले कुछ समय से कुछ वामपंथी विचारधारा से जुड़े ओर गैर कांग्रेसी मानसिकता के लोगो ने कांग्रेस को हाइजेक कर रखा है जिसके परिणाम स्वरूप अपने ही इर्द गिर्द वाले अवसरवादी ओर दूसरे दलों से आयातित लोगो को पार्टी के अहम पदों की जिम्मेदारी देकर पार्टी के सच्चे ओर निष्ठावान कार्यकर्ताओ के साथ धोखा करने का काम किया गया है। जिससे आहत होकर बड़ी संख्या में निष्ठावान ओर पुराने कांग्रेसियो ने त्यागपत्र भी दिए गए है। सभा मे सभी वक्ताओं द्वारा पार्टी हाईकमान से फैसले पर पुनर्विचार करने और त्यागपत्र देने वाले पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं से एक परिवार की तरह मिलकर पार्टी हित मे काम करने का निवेदन किया गया। जिस पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक सैनी सहित सभी आहत कार्यकर्ताओ ने पार्टी के लिए काम करने तथा त्यागपत्र पर विचार करने का आश्वासन सभा को दिया गया। सब मे मुख्य रूप से वैभव गर्ग सोमदेव चौधरी प्रवीण तरार आलम चौधरी योगेश भारद्वाज लोकेश कटारिया रविन्द्र आर्य पुनीत शर्मा शेखरपाल अमित डिंपल शर्म, आदेश कश्यप डा. पाल अश्वनी शर्मा राजेन्द्र गोल्डी,विक्रम सिंह, सुरेन्द्र सरोहा,चौधरी गय्यूर अली एवं अन्य सम्मानित कांग्रेसी उपस्थित रहे।



## रोजगार मेले का आयोजन 8 अप्रैल को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्लेसमेंट प्रभारी डा। मांगेराम व प्राचार्य सत्येन्द्र पाल ने बताया कि आरके पीजी कालेज में आगामी 8 अप्रैल को जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन होगा। मेले में विभिन्न प्रदेशों की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें विज्ञान, वाणिज्य, कृषि संकाय के इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकते है।

## एक नजर

### महाविद्यालय की छात्राओं ने चलाया जन-जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सूरजकुंड मंदिर रायजादगान मोहल्ला मलिन बस्ती में आयोजित हुआ। शिविर का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बृजभूषण के करकमलों से हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें-उठें ,जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे - जगेश से शिविर की शुरुआत हुई। डॉ बृजभूषण ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं इसके महत्व को रेखांकित किया। इसके उपरांत स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जन जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा रैली निकाली, जो सूरजकुंड मंदिर के रायजादगान मोहल्ले से निकलकर हीरालाल शिव मंदिर होते हुए गुजरान मोहल्ला पर संपन्न हुई। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता अभियान चला कर साफ सफाई की। इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ और छात्राएं मौजूद रहे।

### दुष्कर्म में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमण्डी क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा थाना आदर्शमण्डी पर लिखित तहरीर दी गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त राजा उर्फ गौरव पुत्र ब्रजमोहन निवासी मौहल्ला जवाहरगंज मण्डी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### एक एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 1 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त साबिर पुत्र सद्दीक अहमद निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### सोई हुई विधवा महिला के साथ मारपीट कर निकाले कानों के कुंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव श्याम गढ़ी में घेर में सो रही एक वृद्ध विधवा महिला के साथ गांव के एक युवक ने रात में घुसकर मारपीट करते हुए कानों के कुंडल एवं गले से ओम निकाल लिया और घर में राखी तीन हजार रूपए की नगदी लेकर फरार हो गया पीड़ित महिला के पुत्र ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव श्याम गढ़ी निवासी राहुल पुत्र सुक्कड़ ने गुरुवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि गत रात्रि रात्रि उसकी विधवा माता बाला देवी अपने घेर में सोई हुई थी पीड़ित का आरोप है कि तभी अंधेरे का फायदा उठाकर गांव का एक युवक घेर में घुस गया और सोई हुई उसकी माता के कानों के कुंडल निकाल लिए और गले से ओम भी निकाल ली। आरोपी ने विधवा पेंशन के रखे पीड़ित की माता के तीन हजार रूपए भी चोरी कर लिए।शौर शराबा होने और आंख खुलने पर आरोपी दीवार कूद कर मौके से भाग गया। पीड़ित युवक ने घायल अवस्था में अपनी मां को सरकारी अस्पताल में भर्ती करते हुए आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### छेड़छाड़ मामले में पांच वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में न्यायालय द्वारा सुनाई 5 वर्ष के कारावास की सजा एवं 60,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित भी किया गया। वर्ष 2022 में थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त सोनू पुत्र जितेन्द्र निवासी ग्राम ताना थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली द्वारा घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने की घटना कारित की गई थी। घटना के संबंध में थाना कोतवाली गढ़ीपुख्ता पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में अभियुक्त को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया तथा उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में न्यायालय एडीजे-स्पेशल/पोक्सो कोर्ट कैराना द्वारा अभियुक्त सोनू उपरोक्त को दोषी पाते हुए 5-5 वर्ष का कारावास व 10,000-10,000/- रूपए का अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर 3-3 माह का अतिरिक्त कारावास व धारा 3 वर्ष का कारावास व 10,000/- रूपये का अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास व धारा 506 भादवि में 2 वर्ष का कारावास व 10,000/- रूपये का अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर 3 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। अभियुक्त सोनू पुत्र जितेन्द्र गढ़ीपुख्ता जनपद शामली है।

# रंजिशन चार युवकों पर जानलेवा हमला, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी महिला बेबी पत्नी सेठपाल ने गत दिवस बुधवार की शाम को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसके पुत्र विकास के साथ गांव का ही पिंटू पुत्र सुंदर रंजिश रखता है। रंजिश के चलते आरोपियों ने कई बार पीड़ित के पुत्र के साथ गाली गलौज वह मारपीट की है। आरोप है कि एक दिन पूर्व आरोपी ने अपने कई साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के पुत्र को पकड़ लिया था और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी किसी तरह पीड़ित के पुत्र ने भाग कर अपनी जान बचाई थी। बुधवार की शाम को आरा. ीपी पिंटू ने अपने भाई सावन अपनी माता ममता एवं गांव के ही शिवम के साथ मिलकर उसके पुत्र को पकड़ लिया और उसके साथ लाठी डंडे एवं लोहे के पाइप से जानलेवा हमला करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। जब उसके पुत्र को छुड़ाने के लिए प्रतीक पुत्र प्रमोद, विशाल पुत्र राजपाल, एवं विशाल पुत्र विक्रम छुड़ाने लगे तो आरोपियों ने उनके भी साथ लाठी डंडे एवं ईंट पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए जांच पड़ताल कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



# ग्राम प्रधान के पुत्र ने स्वर्ण पदक जीत कर किया गांव का नाम रोशन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ग्राम प्रधान संदीप पवार के पुत्र हर्ष पवार ने स्वर्ण पदक जीतकर जनपद सहित अपने गांव का नाम रोशन किया है। स्वर्ण पदक जीतने पर गांव में खुशी का माहौल है। विकासखंड क्षेत्र के गांव भारसी निवासी संदीप पवार लगातार दो योजनाओं से ग्राम प्रधान है। ग्राम प्रधान विभिन्न तरह के खेलों में रुचि रखते हुए गांव के युवाओं को प्रशिक्षण देते हैं। ग्राम प्रधान संदीप पंवार के पुत्र हर्ष पंवार ने आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने -69 किग्रा वर्ग में अपना स्वर्ण पदक जीता। अखिल भारतीय अंतर-विश्व. विद्यालय खेल द्धकिकबॉक्सिंगऋ का आयोजन सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा 21 मार्च 2025 से 25 मार्च 2025 तक किया गया। इस चौंपियनशिप में पूरे भारत से 90 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया था। इसे पूरा भी ग्राम प्रधान के पुत्र हर्ष पवार ने कई बार गांव का नाम रोशन करते हुए गोल्ड मेडल जीते हैं। और देश प्रदेश सहित विदेशों में भी पहुंचकर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। इस दौरान स्वर्ण पदक जीतने पर गांव में खुशी का माहौल है।

## भारी भीड़ होने से लगा रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद उल फितर की खरीदारी को लेकर शहर के बाजारों में गुरूवार को भारी भीड होने से भीषण जाम लगा रहा। बाजारों की संक्रीय रास्ते होने से बाजारों में आने वाले खरीदारों को परेशानियों का सामना करना पडा।

त्यौहारी सीजन में बाजारों में ग्राहकों की भीड उमड रही है। ईद उल फितर की खरीदारी करने के लिए लोग बाजारों की ओर पहुंच रहे है। जिस कारण शहर के बडा बाजार, कबाडी बाजार, नया बाजार, गांधी चौक सहित नेहरू मार्किट, दिल्ली रोड पर भीषण जाम लगा रहा। शहर के बाजारों में लगे जाम के कारण बाजारों में खरीदारी करने आए खरीदारों को परेशानियां हुई। बाजारों में जाम की समस्या का मुख्य कारण बेतहाशा ई-रिक्शाओं को प्रवेश रहा। जिस पर अंकुश लगाने की जरूरत थी।

# उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद के सभागार में व्यापारियों का सम्मान समारोह एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों व्यापारियों को नगर पालिका परिषद के द्वारा सम्मानित किया गया इस मौके पर सभासद गण एवं कर्मचारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम एवं अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार के द्वारा सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में व्यापारियों एवं नगर के लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया। पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने नगर के दर्जनों व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नगर के व्यापारी सैनी घेवर वाले राजेश सैनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार व्यापारियों के हितों के लिए अच्छा कार्य कर रही हैं। पूर्व की सरकार में व्यापारियों को रंगदारी देनी पड़ती थी गुंडो को टैक्स देना पड़ता था योगी सरकार में व्यापारी भय मुक्त होकर अपना व्यापार कर रहे हैं। इस मौके पर नगर के दर्जनों लोग एवं सभासद गण, और कर्मचारी मौजूद रहे।




# संपत्ति कर लागू करने पर गरीबों पर बढ़ेगा भार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन में आगामी 1 अप्रैल से संपत्ति कर स्वीकार प्रणाली के अंतर्गत लागू किया जाना है। इस निर्णय के तहत भौगोलिक सीमाओं में स्थित आवासीय भवनों एवं भूखंडों पर संपत्ति कर लगाया जाएगा। लेकिन इस नई कर प्रणाली के चलते आम जनता पर जलकर और अन्य करों का अतिरिक्त भार बढ़ जाएगा।कस्बे की अधिकतर आबादी मजदूर और गरीब तबके से आती है, जो दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं।



ऐसे में नए करों की वजह से उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक प्रभावित हो सकती है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत में सभासदों और स्थानीय नागरिकों ने एक ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा।

नगर पंचायत अध्यक्ष पति हाजी राव जमशेद ,सभासद महावीर सिंह, नीरज गोयल, दिनेशऋषीराज, मुनेश, अनीता सहित अन्य सभासदों ने इस ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि गरीबों को राहत देने के लिए टैक्स की दरों को न्यूनतम किया जाए या इस प्रणाली को निरस्त किया जाए। स्थानीय नागरिक संदीप कुमार रामपाल विनय कुमार जगमाल महेन्द्र सिहं मेहरबान आदि का कहना है कि अगर यह कर प्रणाली लागू होती है, तो मजदूर वर्ग के लिए इसे चुकाना बेहद कठिन होगा।सभासदों ने नगर पंचायत प्रशासन से अपील की है कि इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए और गरीब एवं मजदूर वर्ग को राहत देने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

# व्यापार मंडल व्यापारियों के हितों के लिए संघर्षरत: घनश्याम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के शामली के सुभाष चौक शिव मूर्ति पर स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग की अध्यक्षता में कल व्यापारियों के हुए आंदोलन की समीक्षा बैठक में उपस्थित गांधी चौक के व्यापारियों,राजीव तायल, संजीव अग्रवाल एवं सचिन भारत, रवि जैन, आदि ने गांधी चौक के व्यापारियों के साथ दुकानों के मालिकाना हक के अंतर्गत हुए विवाद में व्यापार मंडल की भूमिका की सराहना करते हुए कहा संगठन ने नगर के व्यापारियों व्यापारियों पर हो रहे अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद कर सहयोग कर साथ दिया है इसके लिए हम संगठन का आभार व्यक्त करते हैं और संगठन में अपनी आस्था व्यक्त करते हैं।

साथ ही मांग करते हुए कहा शामली के पुलिस विभाग के कुछ अधिकारी व्यापारियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं टिप्पणी करते हैं इस पर अंकुश लगाया जाए बैठक में उपस्थित संगठन के जिला अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह व नगर अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि गांधी चौक केव्यापारियों के दुकानों के मालिक. ाना हक के विवाद में किसी भी व्यापारी पर आंच नहीं आने दी जाएगी नगर अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि नगर के एक-एक व्यापारी ने अपने व्यापार बंद कर संगठन में आस्था व्यक्त करते हुए सहयोग दिया इसके लिए पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की जिला में नगर इकाई शामली नगरके व्यापारियों काआभार व्यक्त करती है और कहा कि भविष्य में भी किसी भी व्यापारी का अनावश्यक उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने व्यापारियों के इस आंदोलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री माननीय संजीव बालियान जी के द्वारा दिए गए ऐतिहासिक और सराहनीय सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की शामली का एक-एक व्यापारी माननीय,पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जीके ईस सहयोग के प्रति आभारी रहेगा उधर शामली नगर के व्यापारियों द्वारा व्यापार मंडल के आ]वान पर अपनी दुकान बंद कर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया और आवाहन करते हुए कहा कि भविष्य में भी यदि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न किया जाएगा तो उसके लिए संगठन सदैव संघर्षरत रहकर व्यापारी का सुरक्षा कवच बनेगा और किसी भी व्यापारी का अनावश्यक उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और कहा कि व्यापार मंडल व्यापारियों का सुरक्षा कवच है जो सदैव आगे रहकर व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करता है उन्होंने कल के व्यापारियों के धरने प्रदर्शन के बाद सम्मानजनक समझौते के प्रति शासन व प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि व्यापार मंडल पूर्व में भी सदैव प्रशासन का सहयोग करता रहा है करता रहेगा मगर व्यापारियों के सम्मान व सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा की व्यापार मंडल ने व्यापारियोंका मान सम्मान रखते हुए प्रशासन के आश्वासन पर अपना आंदोलन वापस लिया है मगर यदि भविष्य में किसी भी प्रकार से किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न या उस पर अत्याचार किया गया तो संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा और उसके खिलाफ संघर्ष का बिल्कुल बजाने से संगठन पीछे नहीं हटेगा।



उन्होंने व्यापारियों के इस आंदोलन में अन्य दूसरे व्यापारी संगठनों का भी आभार व्यक्त व्यक्त करते हुए कहा की सभी संगठनों ने व्यापारी एकता का परिचय दिया इसके लिए वह बधाई के पात्र हैंबताया कि शीघ्र ही व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल शामली जनपद के पुलिस अधीक्षक माननीय राम सेवक गौतम जी तथा माननीय अरविंद कुमार चौहान जी जिलाधिक. ारी जनपद शामली से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराएगा उधर व्यापारियों के हितेषी व्यापारी विवेक प्रेमी के बारे में अधिकारियों से बात कर यथाशीघ्रउनकी विवेचना पूरी करा कर तथा धाराएं कम करा कर उन्हें रिहा कराने मे पूर्ण सहयोग देता रहेगा और अधिकारियों के संपर्क में रहेगा बैठक में मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री ,सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष, नरेंद्र अग्रवाल नगर अध्यक्ष, रवि संगल नगर महामंत्री, अनुज गोयल ,महेश धीमान नगर कोषाध्यक्ष, सचिन भारत, राजीव तायल, वैभव तायल , शिवांग गर्ग, आदि उपस्थित रहे।

# ईद की तैयारियों में बाजार दिख रहे गुलजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद उल फितर की तैयारियों को लेकर बाजार खरीदारों से गुलजार हो गए है। मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर खरीदारी की। ग्राहकों की भीड़ को देख कर व्यापारियों के चेहरे भी खिले रहे। बाजारों में गारमेंट, जूता, बर्तन व किरयाना की दुकानों पर भीड लगी रही। वही ईद के मौके पर बढती महंगाई की भी मार है। हर वस्तु भी 20 फीसदी तक महंगाई बढी है।

ईद-उल-फितर का पर्व 31 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ईद से पूर्व बाजार खरीदारों से गुलजार हो गए है। ईद की खरीदारी को देखते हुए बाजार में ग्राहकों की भारी भीड है। मुस्लिम समाज के लोगों ने दो दिन पहले से ही अपने तैयारियां शुरू कर दी है। गुरूवार सवेरे से ही बाजार खरीदारों से गुलजार हो गए थे। जैसे जैसे शाम होती गई बाजारों में खरीदारों की भीड बढती चली गई। सबसे ज्यादा भीड रेडीमेट गारमेंट, ज्वैलरी व किरयाना की दुकानों पर रही। जहां महिलाओं, बच्चों व युवाओं ने जमकर खरीदारी की। शाम करीब 7 बजे बाजार रोजा इफ्तियारी के समय खाली हो गए थे, लेकिन रात्रि 8 बजे एक बार फिर बाजारों में खरीदारों की भीड उमड पडी। बाजारों व दुकानों पर पैर रखने तक की जगह नही मिल सकी। महिलाओं की सबसे अधिक भीड़ कास्टमेटिक की दुकानों पर देखने को मिली। इसके अलावा किरयाना, शूज, गारमेंट, बेकरी, कन्फैक्शनरी की दुकानों पर भीड़ लगी रही। ईद की खरीदारी को लेकर बाजार गुलजार रहे। बाजारों में चहल-पहल और रौनक बनी रही। शहर के बड़ा बाजार, नया बाजार, सुभाष चौक, गांधी चौक, कबाड़ी बाजार, आजाद चौक, कलंदरशाह, नेहरू मार्केट देर रात तक खुले। लोग कपड़े, जूते, सजावट के सामान से लेकर ड्राई फूट और सेवई की खरीददारी करते दिखाई दिए।



## वार्षिक कार्यक्रम में पुरस्कार वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित एसडीएस स्कूल में शैक्षिक सत्र के समापन पर परीक्षा फल घोषणा का आयोजन विद्यालय चेयरमैन लोकेश तोमर, प्रधानाचार्य सतीश भटनागर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। परिणाम पाकर छात्रों के चेहरे खिले।

बृहस्पतिवार को एसडीएस स्कूल में वार्षिक परिणाम के अवसर पर वार्षिक परीक्षाफल प्राप्त करने हेतु छात्र छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से अभिभावकों की ओर से दिए गए सुझाव व समस्याओं को सुना तथा उनके निवारण हेतु आश्वस्त किया। वार्षिक परीक्षा परिणाम के अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्र छात्राओं व अभिभावकों को मिष्ठान वितरित किया गया। विद्यालय चेयरमैन लोकेश तोमर ने छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि भविष्य में आप निरंतर सफलता अर्जित करें व एक आदर्श नागरिक बन अभिभावकों व समाज का नाम रोशन करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार भटनागर ने छात्र छात्राओं को परीक्षा परिणाम की शुभकामना दी।

उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सुमित चौहान, ऋतिक कुमार, ओम सिंह, विनीत आर्य, पंकज गर्ग, प्रदीप शर्मा, दीपक कुमार, सौरभ कुमार, अलका सैनी, चेतना शर्मा, हरप्रीत कौर आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




## बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण न करने का लगाया आरोप

**शामली।** मौहल्ला बडीआल में कांग्रेस पार्टी की नवनियुक्त नगर अध्यक्ष मुनेश देवी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कांग्रेसियों ने मुनेश देवी का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और हाईकमान द्वारा मुनेश देवी का नगर अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया।

मुनेश देवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा युवाओं को नौकरी नही दी जा रहा है। जिस कारण युवा बेरोजगार है। बढती महंगाई पर भाजपा सरकार नियंत्रण करने में नाकाम है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सन्नी गुप्ता, जिला महासचिव संदीप शर्मा, जिला सचिव रिजवान, चौधरी राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## हत्यारोपी किन्नरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भोपाल आदर्श हत्यकांड के तार कैराना से जुड़ने के बाद किन्नर समाज ने हत्यारोपी किन्नरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।साथ ही कथित किन्नरों से किसी भी प्रकार के संबन्ध होने से साफ इंकार किया है।

भोपाल आदर्श हत्यकांड के तार कैराना से जुड़ने के बाद एक बार फिर कैराना सुर्खियों में है।विदित रहे कि गत 13 मार्च की रात इलेक्ट्रिशियन आदर्श विश्वकर्मा की बधाई न देने पर गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन में बेरहमी के साथ पीट पीट कर निर्मम हत्या करने के बाद उसे ट्रेन से बाहर फेंक दिया था। जीआरपी पुलिस द्वारा सूचना देने पर परिजन मौके पर पहुंचे थे। बाद में मृतक के भाई सोहन की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। हत्यकांड को अंजाम देकर कैराना निवासी कथित किन्नर मौके से फरार हो गए थे। भोपाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कैराना पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से हत्या में शामिल तीन कथित किन्नरों को गिरफ्तार कर अपने संग ले गई थी,जबकि अन्यों की तलाश में दबिश डाली जा रही है। डेरा दार किन्नर अन्नू नायक ने कहा कि किन्नर समाज भोपाल आदर्श हत्यकांड की कड़े शब्दों में निंदा करता है और मांग करता है कि हत्यारोपी किन्नरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग हत्यारोपियों से मेरा संबन्ध जोड़कर मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं,जबकि सच्चाई यह है कि इन किन्नरों का हमारे डेरे से कोई वास्ता मतलब नही है। पूर्व में हत्यारो. पियों द्वारा मेरे साथ भी घटना को अंजाम दिया जा चुका है। किन्नर समाज ऐसे लोगों का किसी भी सूरत में समर्थन नही करेगा।



## सैनिक बंधुओं की बैठक संपन्न

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिलाधिकारी शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में आज जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में उप जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों को सुनते हुए उनकी समस्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए। बैठक में सैनिक बन्धु द्वारा मुख्य रूप में भूमि, विद्युत, नगरपालिका आदि संबंधी शिकायते बताई गई। बैठक में उप जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण किया।

## चौसाना क्षेत्र में बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई: 600 कनेक्शन काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** विद्युत विभाग की बकाया बिल वसूली को लेकर की जा रही सख्ती के बीच जेई मोबीन खान ने कहा कि ग्रामीण उपभोक्ता बिजली बिल जमा नहीं कर रहे हैं, जिससे उन्हें टारगेट पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, हम बार-बार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं कि वे अपना बकाया बिल जमा करें, लेकिन लोग बिल नहीं जमा कर रहे। जब हम वसूली करने जाते हैं, तो कई ग्रामीण हमसे उलझ जाते हैं। विभाग ने हमें 1.26 करोड़ रूपए वसूली का टारगेट दिया है, लेकिन अब तक केवल 34 लाख रूपए ही जमा हो पाए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि बकाया बिल की वसूली न होने के कारण मजबूरन विभाग को कनेक्शन काटने की कार्रवाई करनी पड़ रही है। ष्हम नहीं चाहते कि किसी का बिजली कनेक्शन काटा जाए, लेकिन जब भुगतान नहीं होता, तो हमें यह कदम उठाना पड़ता है। मैं सभी उपभोक्ताओं से अपील करता हूं कि वे जल्द से जल्द अपने बकाया बिल का भुगतान करें ताकि उन्हें बिजली से वंचित न होना पड़े, जेई ने कहा।

### धीमी वसूली कर रहा विभाग

बिजली विभाग ने मार्च महीने में चौसाना क्षेत्र में 600 से अधिक उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए हैं, लेकिन फिर भी वसूली की रफ्तार धीमी बनी हुई है। विभाग को इस महीने 1.26 करोड़ रूपए का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन अब तक केवल 34 लाख रूपए ही जमा हो सके हैं। टीम बिल जमा करने के लिए जागरूक कर रही है, लेकिन लोग भुगतान से बच रहे हैं। कई स्थानों पर टीम को विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपभोक्ता आर्थिक तंगी का हवाला देकर बिल भरने में असमर्थता जता रहे हैं, जबकि कुछ का कहना है कि बिजली आपूर्ति में लगातार कटौती हो रही है, जिससे वे असंतुष्ट हैं।

## एक नजर

### आदित्य भाल ने रजत जीतकर शामली का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** स्वामी विवेक. ानंद सुभारती यूनिवर्सिटी में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 20 से 25 मार्च को मेरठ में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में शामली जिले से आदित्य भाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 75 किला. ेग्राम श्रेणी के पॉइंट फाइट इवेंट में रजत पदक जीतकर शामली का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष से लगभग 85 विश्वविद्यालय के 600 खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। जिसमें से आदित्य भाल ने अपने वर्ग के सभी खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर देते हुए फाइनल में प्रवेश किया व रजत पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में वाको इंडिया किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल मौजूद रहे। शामली जिले से ही सुशील कौशिक व सोनू सैनी ने मुख्य निर्णायक के रूप में इस इंटर विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता में अपना दायित्व निभाया। आदित्य की कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस प्रतिष्ठित मंच पर सफलता दिलाई। इससे पूर्व भी आदित्य भाल ने कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपने परिवार व अपने गुरुजनों को गोरावांवित किया है।



### पवित्र रमजान का अलविदा जुमा आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** माह-ए-रमजान का आज अलविदा जुमा है। रोजे तथा तरावीह की फजीलत के बारे में जुमा मस्जिदों में आलिम तकरीर कर लोगों को विस्तर पूर्वक बताएंगे। अलविदा जुमे की नमाज को लेकर बच्चों से लेकर बड़ों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बृहस्पतिवार को अलविदा जुमे से पहले ही बाजारों में ईद के लिए कपड़े, जूते तथा खाने पीने के समान खरीदने के लिए रोजदारों की भीड़ शुरू हो गई है। बाजार में पिछले वर्ष की अपेक्षा खरीदारों की संख्या में दो गुना इजाफा हुआ है। गुरुवार तथा शुक्रवार को शहर के सभी बाजारों में रमजान की खरीदारी करने वालों की भीड देखने को मिली। रमजान के शुरू होते ही खाद्य पदार्थों की दुकानें आकर्षक ढंग से सजी रही। जिन पर लोग सेवई, टोस्ट, आदि खाद्य वस्तुओं के अलावा फलों की भी खरीदारी करते देखे गए। कारी इरशाद ने अपने खिताब में कहा कि आखिरी और तीसरे अशरे की इबादत और रोजा से जहन्नुम या दोजख से खुद को बचाने का अशरा है। रमजान के आखरी अशरे में ज्यादा से ज्यादा समय अल्लाह की इबादत, धार्मिक किताबों का पाठ और नेक कामों में बिताएं तथा रमजान में इबादत, तिलावत, जिक्र, तौबा और इस्तग्फार करें। माह-ए-रमजान में खैर का काम, नेकी, सदका, जकात, खैरात, मदद जैसे कामों को दिल खोल कर करें, कंजूसी न बरते। ईदगाह में जाने से पहले सदाक ए फितर जरूर अदा करें। गरीब पड़ोसी की ईद का भी ख्याल रखने की लोगों से ताकीद की।



# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गोली लगने से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस बदमाश में हुई मुठभेड में इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया, जिसके कब्जे से पुलिस ने अवैध तमंचा, कारतूस बरामद किए हैं। पकड़ा गया बदमाश चौसाना क्षेत्र में गौकशी के मामले में फरार चल रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार को ऊन रोड हंस हेरीटेज कम्पनी के पास कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा व चौसाना चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ चौकिंग कर रहे थे। तभी बाइक सवार युवक को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, ओर जंगल की ओर भागने लगा। पुलिस ने बदमाश की घेराबंदी कर आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को ऊन सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने अपना वसीम उर्फ गुल्लू पुत्र सलीम निवासी गढ़ी अब्दुल्ला द्ध कच्ची गढ़ी ऋजो चौसाना क्षेत्र में हुई गौकशी के मामले में फरार चल रहा था, जिस पर पच्चीस हजार रूपए का इनाम घोषित था। पकड़े गई बदमाश के कब्जे से एक बाइक, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। बदमाश चौसाना क्षेत्र में हुई गौकशी के मामले में फरार चल रहा था। जिसके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। अन्य फरार बदमाशों को पकड़ने के लिए टीमें लगी हुई जल्द ही उनको भी पकड़ लिया जाएगा।



25 हजार का इनामी बदमाश ऊन सीएचसी पर उपचार के दौरान।

## मोबाइल लूटकर भागे बदमाश, ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बुधवार रात हुई मोबाइल लूट की घटना का अंत गुरुवार सुबह हुआ, जब ग्रामीणों ने सतर्कता दिखाते हुए बदमाशों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। एक स्थानीय निवासी ने कहा, ष्हमारे गांव में इस तरह की वारदातें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। अपराधियों को सबक सिखाने के लिए हम हमेशा तैयार रहेंगे। बुधवार शाम करीब आठ बजे जावेद पुत्र मतलूब अपने घर के सामने सोसाइटी वाली गली में फोन पर बात कर रहा था। तभी बाइक सवार दो बदमाश अचानक वहां पहुंचे और झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। जावेद ने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग इकठा हो गए, लेकिन तब तक बदमाश तेज रफ्तार से भाग चुके थे। घटना के बाद ग्रामीणों ने बदमाशों की तलाश करने की कोशिश की, लेकिन रात होने के कारण कोई सफलता नहीं मिली। इस वारदात से इलाके में चिंता बढ़ गई और लोग सतर्क हो गए। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे वही बदमाश चौसाना से बाइक पर गुजर रहे थे। जावेद की नजर उन पर पड़ी, तो उसने तुरंत उन्हें पहचान लिया और शोर मचा दिया। उसकी आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े और दोनों बदमाशों को पकड़ लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर ही उनकी जमकर धुनाई की और फिर पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे और दोनों बदमाशों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान सावंत और शिवा के रूप में हुई, जो अब्दननगर के रहने वाले हैं। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि बदमाशों से पूछताछ की जा रही है।



## रंगोली व नाटक प्रतियोगिता का आयोजन

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कॉलेज शामली में चल रहे युवा प्रतिभा सप्ताह के चौथे दिन रंगोली एवं नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गुरूवार को कार्यक्रम के शुभारंभ प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार, महाविद्यालय के डीन डा। भूपेंद्र कुमार, डा। नीना छोकरा, डा। प्रताप कुमार, डा। गिरीश नारायण यादव, नारायण सिंह, रिचा ने किया। कार्यक्रम संयोजिका अर्शी खान, सांस्कृतिक कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर बबली तथा निर्णायक मंडल में डॉक्टर निर्भय सिंह रहे। रंगोली प्रतियोगिता में अनेक छात्राओं ने प्रतिभा किया। इसमें प्रथम स्थान पर संजना तथा दूसरे स्थान पर मोनिका वर्मा और तीसरे स्थान मधु को प्राप्त हुआ। इसी के साथ ही साथ एक नाटक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभाग करने वाले कुल तीन टीमों ने प्रतिभाग किया।



## जनसमस्याओं को लेकर चेयरमैन ने की सभासदों व कर्मचारियों से वार्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को नगर पालिका कार्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए हुए चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की सभी नगर निगम, नगर पालिका व पंचायतों को स्वाबलम्बी बनाने के लिए स्वकर निर्धारण प्रणाली को लागू किया गया है, जिसके लिए सरकार द्वारा टैक्स की नई दरे प्रस्तावित की गई है। जिन्हें नगर पालिका परिषद् शामली में लागू किया जाना है। शामली जिले की लगभग सभी नगर पालिका व पंचायतों में स्व:कर निर्धारण प्रणाली को लागू किया जा चुका है। शामली नगर पालिका में स्वकर निर्धारण प्रणाली को लागू करने से पूर्व शहर की जनता से इस सम्बन्ध में आपत्तियां प्राप्त की गई है, इन आपत्तियों के निस्तारण के आधार पर एवं शहर की जनता के हित को देखते हुए ही स्वकर निर्धारण प्रणाली को लागू किया जाएंगा। नगर वासियों को किसी भी दशा में निराश नही होने दिया जाएगा और न किसी पर अधिक कर का भार डाला जाएगा। कैटेगरी के हिसाब से ही कर का निर्धारण कराने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सभासद आशीष गुप्ता, सभासद रोबिन गर्ग, सभासद तोहिद रहमानी, सभासद रामनिवास सैनी, सभासद अरविन्द खटीक, गुलजार मंसूरी, अवर अभियन्ता जलकल हर्षित गर्ग, मौ। आजम खां आदि मौजूद रहे।

## कोल्ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पति की हत्या का आरोप

**शामली।** कांधला निवासी महिला शमा अपने दर्जन परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि गत दिवस उसका पति युसूफ कैराना गया हुआ था। आरोप है कि जब उसका पति वापस लौट रहा था तो बीच रास्ते में कस्बे के ही दो युवकों ने उसके पति को रोक लिया और कोल्ड्रिक में जहरीला पदार्थ मिलाकर जबरदस्ती उसके पति को पिला दिया। जिसके बाद पति गिरते संभलते हुए बदहाल अवस्था में अपने घर पहुंचा परिजनों को मामले के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद डायल 112 पुलिस को फोन किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति को गंभीर अवस्था में अस्पताल में लेकर पहुंचे। लेकिन उसकी मौत हो गई। पीडिता ने मामले में जांच कर न्याय की गुहार लगाई है।

# यूपी सरकार के आठ साल पूर्ण होने पर महोत्सव, लघु फिल्म को मिली सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप्र भारत का ग्रोथ इंजन- प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा और सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित किए जाने के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सिटी ग्रीन्स जनपद शामली में 25, 26 एवं 27 मार्च 2025 तक चलने वाले जनपद स्तरीय मेला समारोह के अंतिम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी वीरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश राणा , जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रचलित कर किया। इससे पूर्व जन-प्रतिनिधियो ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की गई । आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के आठ साल पूर्ण होने के अवसर पर पूरे प्रदेश के अंदर सभी जनपदों में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कोई दो राय नहीं है कि 2017 से पहले प्रदेश की क्या स्थिति थी अगर जनपद शामली की बात करें तो दिल्ली जाने के लिए भी लोगों को सोचना पड़ता था विकास नहीं था। उन्होंने कहा जब से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन गया है सुरक्षा व्यवस्था का माहौल कायम है। उन्होंने अपने संबोधन में जनपद शामली के उपलब्धियां पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरीके से जनपद में कार्य हो रहा है उसे तरीके से जनपद आने वाले समय में प्रदेश का नंबर-1 जनपद होगा। पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने अपने संबा. ेधन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 8 साल व केंद्र सरकार के 10 साल को बेमिसाल बताया और कहा कि आज सुरक्षा व्यवस्था इतनी लाजवाब है कि किसी की हिम्मत नहीं कोई बहन बेटी की तरफ आंख उठाकर भी देख लें चारों तरफ रामराज्य है। उन्होंने कहा कि 70 करोड लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया। पारदर्शी तरीके से पुलिस भर्ती संपन्न हुई है। उन्होंने जनपद में सड़कों का जाल,आदि उपलब्धियां पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बन्तीखेडा में 738.61 करोड की लागत से 400/131 के.वी. का विद्युत उपकेंद्र बना है जिससे पांच पीढ़ी तक जनपद में बिजली का संकट नहीं आएगा। उन्होंने दुनियाभर में जनपद के उद्योगों की पहचान पर भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर सहायक आयुक्त उद्योग इशिता मित्तल द्वारा जनप्रतिनिधियों से ओडीओपी में 5 लाभार्थियों को टूल किट का वितरण के साथ 05 उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र व शाल ओढ़ाकर सम्मानित कराया गया। डीपीआरओ संदीप अग्रवाल द्वारा संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना में जनपद शामली की पांचो ब्लाकों की एक-एक ग्राम पंचायत जिसमें शामली ब्लॉक में खेडीकरमू, थानाभवन में हसनपुर लुहारी, कैराना में तितरवाडा, कांधला में ताहीरपुर भाभीसा, व ऊन में तपराना ग्राम पंचायत को जनप्रतिनिधियों से वाद्ययंत्रों का एक-एक सेट उपलब्ध कराया गया।इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग में सीएमओ डॉक्टर अनिल कुमार द्वारा 10 टीबी रोगियों को पोषण पोटली का वितरण के साथ ही आशा, संगिनी, सीएचओ, डीआईओ, आरआई सहायक, स्टेनो, डीसीपीएम, डीसीपीएम, आदि कुल 23 को अतिथियों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कराया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में अन्य विभागीय अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने शासन के निर्देशों में चले प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित हुए त्रिदिवसीय कार्यक्रम के विस्तार से जानकारी दी और जनपद की उपलब्धियां को बताया। आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम, मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी, अपर जिला. धिकारी संतोष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह,जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए प्रेम चन्द, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ हरेंद्र, सहित सभी विभागों के अधिकारीगण, प्रमुख उद्यमी, ब्लॉक प्रमुख,आदि पार्टी कार्यकर्ता व भारी संख्या में जनमानस मौजूद रहे।तीनों दिन मंच का सफल संचालन अनुराग शर्मा ने किया। इसके अलावा विधानसभा विकासखंड नगरीय निकाय स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ।




शामली। पात्रों को योजना का लाभ सौंपते सुरेश राणा, वीरेंद्र सिंह, डीएम व एडीएम।

**जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया लाभान्वित, जनपद के विभिन्न विभागों के स्टॉलो पर योजनाओं की मिली जानकारी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हुई भव्य प्रस्तुति**

**खोया-पाया सूचना**

मेरा वर्ष 2006 का 10वीं का अंकपत्र जिसका रोल नंबर- 0616377 (यूपी बोर्ड) वास्तव में खो गया है।
कु. शगुप्ता पुत्री यामीन मलिक
निवासी:- ग्राम दखौड़ी जमालपुर, तहसील व जिला शामली

# पुलिस ने महिला को परिजनों के साथ भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ी हुई है। बृहस्पतिवार को मामला पुलिस तक पहुंचा तो दोनों पक्षों के बीच वार्ता के बाद पुलिस ने महिला को उसके परिजनों के साथ भेज दिया।

क्षेत्र के एक गांव में दो बच्चों की मांग पति को छोड़ प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी हुई है। इसको लेकर उसने हंगामा किया। दंपत्ति के बीच तकरार का मामला पुलिस तक पहुंच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत की। बताया जाता है कि महिला दोनों बच्चों और पति को छोड़कर प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी है। समझाने पर वह नहीं मानी। जिसके चलते पुलिस ने महिला को उसके परिजनों के साथ भेज दिया। ग्रामीणों के मुताबिक चार वर्ष पूर्व महिला ब्याह कर गांव में आई थी।

# युवक को तमंचा रखने के आरोप में भेजा जेल

**देवबन्द।** डराने धमकाने के लिए तमंचा रखने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायक हिरासत में भेज दिया गया।

कोतवाली पुलिस ने लखनौती गांव निवासी हर्षित कुमार को तमंचा व कारतूस बरामद करते हुए जेल भेजा है। पुलिस के मुताबिक आरोपित हर्षित ने लोगों को डराने धमकाने के लिए अपने पास तमंचा रखता था। आरोपित को अंबहेटा शेखां रेलवे लाइन के पुल के समीप से गिरफ्तार किया। न्यायालय के समक्ष पेश कर उसे जेल भेजा।

# शिक्षण संस्थाओं में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नगर की शिक्षण संस्थाओं में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

रेलवे रोड स्थित श्री रामकृष्ण योगाश्रम इंटर कालेज में कक्षा नौ एवं कक्षा 11 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षाओ में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उनको पुरस्कृत किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार गोयल ने बताया कि कक्षा नौ में वंशिका, सिया और कीर्ति अपने अपने सेक्शन में अव्वल रहीं। जबकि कक्षा 11 में काकुल, शिवम और महिमा ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। प्रबंधक साध्वी आशु ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

आइडियल पब्लिक स्कूल पठानपुरा में आयोजित कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें भाजपा नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता, भाजपा नेता दीपकराज सिंघल, रेलवे रोड पुलिस चौकी प्रभारी कोमल सैनी ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। प्रबंधक मोहम्मद शाहनवाज ने अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर वरयाम खान, तरुण, मोहम्मद वाजिद, कफील, गुलजार आदि मौजूद रहे। वहीं, अमर ज्योति एकेडमी में भी परीक्षा परिणाम घोषित कर मेधावियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

**उधर,** श्री गुरुराम राय पब्लिक स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मोहल्ला पठानपुरा स्थित एमएफआर पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल घोषित किया गया। मुख्य अतिथि हिंदू मुस्लिम भाईचारा समिति के अध्यक्ष सलीम कुरैशी और समाजसेवी इरम उस्मानी ने बच्चों को रिजल्ट देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्हें पुरस्कार दिए। सलीम कुरैशी ने कहा कि परीक्षाफल बता रहा है कि स्कूल प्रबंधक हाजी खलील खान और स्टाफ ने पूरे वर्ष बच्चों के



साथ कड़ी मेहनत की है। यही वजह है कि स्कूल ऊंचाइयों पर पहुंचा रहा है। इरम उस्मानी ने बच्चों से मेहनत और लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया। स्कूल प्रबंधन की ओर से सलीम कुरैशी ओर इरम उस्मानी को भी सम्मानित किया गया।

# किराए से मिलने वाली रकम पर भी जकात अदा करना वाजिब है: गोरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीमीन की ओर से चलाई जा रही हेल्पलाइन पर शरीतय की रोशनी में रोजेदारों की शंकाओं का समाधान हो रहा है। बृहस्पतिवार को पूछे सवाल पर उलमा ने जवाब में कहा कि रमजान का अलविदा जुमा अल्लाह से तौबा करने और उसके नजदीक होने का बेहतरीन अवसर है।

प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि आजकल कुछ लोग रोजे को डायटिंग या वजन कम करने का जरिया समझते हैं, जो सरासर गलत है। रोजे का मकसद सिर्फ अल्लाह की रजा (खुशी) हासिल करना और इबादत होना चाहिए वरना रोजा कबूल नहीं होगा।

सवाल: सहारनपुर के हसनपुर निवासी अब्दुल अलीम ने पूछा कि अगर ऐतकाफ करने वाले व्यक्ति की मस्जिद में नहाने का इंतजाम न हो तो क्या वह बाहर जाकर नहा सकता है।

जवाब: शरीयत के अनुसार अगर कोई व्यक्ति सिर्फ ठंडक या आराम की नीयत से मस्जिद से बाहर नहाने जाता है तो यह जायज नहीं है। हां अगर कोई नहाने की सख्त जरूरत (अपवित्र) हो तो वह बाहर जाकर नहा सकता है, लेकिन बिना वजह ऐसा करना ऐतकाफ के आदाब (नियम) के खिलाफ है।

सवाल: मुजफ्फरनगर निवासी सलीम ने पूछा कि अलविदा जुमा की क्या अहमियत है और क्या इस दिन कोई खास नमाज पढ़नी चाहिए।

जवाब: अलविदा जुमा रमजान के बाकी जुमों की तरह ही बहुत अफजल (उत्कृष्ट) और बरकत वाला दिन है। यह रमजान का आखिरी जुमा होता है, इसलिए लोग इसे खास मानते हैं। हालांकि इस दिन कोई अलग से खास नमाज तय नहीं की गई है। लेकिन ज्यादा से ज्यादा नफिल नमाज, तौबा, इस्तिगफार (अल्लाह से क्षमा मांगना), सदका (अल्लाह के नाम पर दी गई वस्तु) देना और अल्लाह से दुआएं मांगनी चाहिए। अलविदा जुमा अल्लाह के नजदीक होने और अपनी गलतियों के लिए तौबा करने का एक बेहतरीन अवसर है।

सवाल: बिजनौर के नगीना निवासी खालिद ने पूछा कि क्या ऐतकाफ में कोई खास इबादत तय की गई है।

जवाब: शरीयत के मुताबिक ऐतकाफ में कोई खास इबादत की शर्त नहीं बताई गई है। ऐतकाफ करने वाले को चाहिए कि वह नमाज पढ़ें, कुरआन की तिलावत करें, दीन की किताबें पढ़ें या सुने और अल्लाह की याद में वक्त गुजारें।

सवाल: देवबंद के फरहान ने पूछा कि अगर किसी व्यक्ति ने मकान किराए पर दिया हुआ है तो क्या उस किराए की जकात देनी होगी।

जवाब: शरीयत में है अगर किराए से मिलने वाली रकम निसाब (साढ़े सात तौला सोना या साढ़े बावन तौला चांदी की कीमत) को पहुंच जाए और उस पर एक साल गुजर जाए, तो उसकी जकात अदा करना वाजिब होगा।

# बाजारो में ई-रिक्शाओं पर कड़ाई से लगे प्रतिबंध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**दुकनदारों ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन**

**देवबन्द।** बाजारो में ई रिक्शा के प्रतिबंध होने के बावजूद ई रिक्शाओं के आने जाने से राह गिरो को भारी असुविधाा का सामना करना पड़ रहा है। दुकनदारो ने एसडीएम को ज्ञापन देकर बाजारो में ई रिक्शाओं पर कढ़ाई से प्रतिबंध लगाया जाए ताकि बाजारो में आने वाले ग्राहको को परेशानी का सामना न करना पड़े।

ई रिक्शा के कारण बाजारों में जाम लगना आम बात हो गई है। मीना बाजार चौक व लहसवाड़ा बाजार के दुकानदारों ने इस मामले में उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को ज्ञापन देकर ईद के त्यौहार के मद्देनजर बाजारों में ई-रिक्शा के संचालन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। दुकनदारों साहिल, शमशाद, अमन, अजहर, शादो, शाकिर, हसन, अनस, सोनू, करीम, राहिल आदि ने कहा कि ईद के मद्देनजर बाजारों में भीड़ बढ़ रही है, ऐसे में बाजारों में आने वाले रिक्शा जाम का सबब बन रहे है। इससे बाजार में आने वाले ग्राहकों को पैदल तक चलने में दुश्वारी हो रही है। ऐसे में मीना चौक, लहसवाड़ा व नीला गेट से अंदर आने वाली ई-रिक्शाओं को बाजार में जाने से रोका जाए।

# कुरआन पाक मुकम्मल होने पर सामूहिक दुआ का आयोजन

**देवबन्द।** माह ए रमजान के आखिर अशरे में तरावीह में कुरआन पाक मुकम्मल होने का दौर जारी है। कुरआन ए पाक मुकम्मल होने के मौके पर लोग सामूहिक दुआ में शामिल होकर अल्लाह से रो-रोकर गुनाह की तौबा कर रहे हैं और अल्लाह से खुशहाली व देश में अमन व शांति की दुआएं मांग रहे हैं।

मोहल्ला खानकाह स्थित आस्ताना अनवर शाह में दारुल उलूम वक्फ के स्व. मौलाना नसीम अख्तर शाह कैसर के पुत्र खुबैब शाह कैसर ने तरावीह में कुरआन पाक मुकम्मल कराया। इस अवसर पर मुफ्ती उबैद अनवर शाह कैसर ने कुरआन ए पाक की फजीलत और रमजान की बरकतों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि अल्लाह ने यह महीना मुसलमानों के लिए तोहफा बनाकर



भेजा है। अंत में दारुल उलूम के वरिष्ठ उस्ताद कारी अब्दुल्ला कलीम ने दुआ कराई। इस मौके पर सैयद वजाहत शाह, समीर चौधरी, सैयद फहाद शाह, जावेद सिद्दीकी, मौहम्मद गजाली, डॉ. नासिर शाह, शाहनवाज उस्मानी, मुमताज, साद शाह, फैसल उस्मानी आदि लोग शामिल रहे।

# लिंग परीक्षण मामले में संचालक समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत, तीन को जेल भेजा

**जलालाबाद।** भ्रूण लिंग परीक्षण मामले में थानाभवन पुलिस ने दिव्या पैरामैडिकल के रजिस्टर्ड संचालक महिपाल राणा समेत पांच के विरूद्ध पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 की दर्जनो गंभीर धाराओ में शामली स्वास्थय विभाग के नोडल अधिकारी अतुल बंसल ने मुकद्मा दर्ज कराया है। मामले में मौके से गिरफ्तार तीन लोगो को थानाभवन पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया है। जलालाबाद दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर जलालाबाद के निकट स्थित दिव्या पैरामेडिकल हास्पिटल में हरियाणा के करनाल, झज्जर की पीएनडीटी टीम के नोडल अधिकारी डाक्टर संदीप, डाक्टर शीनू चौधरी, शामली के एसीएमओ डाक्टर अतुल बंसल के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने भ्रूण लिंग परीक्षण को लेकर प्लानिंग कर छापामारी की और भ्रूण लिंग जांच गिरोह में संलिप्त अल्ट्रासाउंड पर कार्य कर रहे अदीब पुत्र रईस, निवासी नौ कुआं रोड शामली, रजनीश पाल पुत्र राजेंद्र निवासी मोहम्मदीगंज जलालाबाद, करनाल के एजेंट अमित को रंगे हाथ भ्रूण लिंग परीक्षण करते हुए पकड़ लिया था। गिरोह में शामिल युवक विजय राणा, निवासी चंदेना माल मौका पाकर फरार हो गया था।उक्त मामले मे पी सी पी एन डी टी एक्ट 1994 की दर्जनो गंभीर धाराओ मे शामली स्वास्थय विभाग के नोडल अधिकारी अतुल बंसल ने जलालाबाद के पैरामैडिकल के रजिस्टर्ड संचालक महिपाल सिंह राणा व अल्ट्रासाऊंड सैन्टर के लिए पंजीकृत चिकित्सक विशनपाल सिंह समेत पांच लोगो के विरूद्ध थाना थानाभवन पर बुधवार की देर रात मुकदमा दर्ज कराया है। मौके से गिरफ्तार उक्त तीन लोगो को गुरूवार को जेल भेज दिया है। बाकी आरोपियो पर शिंकजा कसने की तैयारी की जा रही है। स्वास्थय विभाग की टीम द्वारा अस्पताल के अल्ट्रासाऊंड मशीनो को सील कर दिया है।स्वास्थय विभाग शामली की नाक के नीचे चल रहे भ्रूण लिंग परीक्षण के काले धन्धे के उजागर होने के चलते जनपद मे कुकुरमुत्ते की तरह खुल रहे अल्ट्रासाऊंड सैन्टरो एवं अस्पतालो पर उत्तर प्रदेश स्वास्थय विभाग को कडी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। कयास लगाए जा रहे है कि कही न कही स्वास्थय विभाग शामली की मिलीभगत के बिना इतना बडा धन्धा हो पाना संभव नही। प्रदेश सरकार को इस और कडे कदम उठाने की आवश्यकता है।

# आधार कार्ड बायोमेट्रिक के नाम पर बड़ा घोटाला

**थाना भवन।** थाना भवन थाना क्षेत्र के एक बैंक शाखा पर आधार कार्ड बायोमेट्रिक की जा रही हैं लाभार्थियों से अवैध वसूली के नाम पर 400 रूपए से 500 रूपए तक लिए जा रहे है आधार कार्ड बायोमेट्रिक की सरकारी फीस मात्र 100 रूपए है आधार ऑपरेटर विकास ने आम जनमानस से सरेआम मचा रखी है लूट सरकार द्वारा जारी की गई योजनाओ में किया जा रहा है जमकर घोटाला ऐसे लोगो पर सरकार का कब कसा जाएगा।

शिकंजा दाऊद नामक युवक ने बताया है कि वह अपने बच्चों के आधार कार्ड की बायोमेट्रिक कराने आया था जिससे फार्म जमा करने के 200 रूपए लिए गए उसके बाद आधार ऑपरेटर ने भी 200 रूपए का अतिरिक्त चार्ज लिया जिसका फोन पे द्वारा लिया गया पहले भी कई लोगो को बना चुके है शिकार आजाद नामक युवक ने भी अवेध वसूली करने का आरोप लगाया है।वही जब शाखा प्रबंधक से पूछा गया तो प्रबंधक ने बताया कि ऐसी कोई जानकारी संज्ञान मैं नही है जब कोई शिकायत आएगी तो आपरेटर के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# साहब में जिंदा हूं मृतक बता कर काट दी पेंशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** समाज कल्याण विभाग ने एक वृद्ध को मृत बताकर उसकी पेंशन रोक दी। पीडित ने जिलाधिकारी से गुहार लगाकर कहा कि 'साहब मैं जिंदा हूं।'



कांधला के मौहल्ला शेखजादगान निवास मलका ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी वृद्धावस्था पेंशन बनी हुई थी लेकिन पिछले एक साल से उसकी पेंशन नहीं आ रही है। जब उसने समाज कल्याण विभाग से संपर्क किया तो वहां बताया गया कि रिकार्ड में उन्हें मृत दर्शाया गया है और इस कारण उनकी पेंशन बंद कर दी गई है, जबकि वह जिंदा है। पीडित वृद्ध ने डीएम से पेंशन शुरू कराने की गुहार लगाई है। डीएम ने जांच के बाद उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। अब यह सोचने वाली बात है कि जो वृद्ध जिंदा है उसे समाज कल्याण विभाग के रिकार्ड में मृत कैसे दर्शा दिया गया, यह समाज कल्याण विभाग की भी घोर लापरवाही है।

# ई-रिक्शाओं से लग रहा जाम

**स्योहारा।** ई रिक्शा चालकों की बढ़ती संख्या से नगर के मुख्य बाजारों में जाम की स्थिति बनी हुई है। नगर के व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा द्वारा सभी अमन कमेटियों की मीटिंग में खास तौर से अपनी बात रखते हुए कहते हैं कि आगामी त्यौहारों के मौके पर पुलिस प्रशासन द्वारा शिवाजी मार्केट, बड़ा बाजार, पीर का बाजार, मीना मार्केट में ई रिक्शा चालकों पर प्रतिबंध किया जाए और पुलिस जगह-जगह पर अपनी जगह मौजूद रहे जिस पर पुलिस प्रशासन हर दफा यह आश्वासन देता है कि इस पर पूरी तरीके से ध्यान रखा जाएगा।

जमीनी स्तर पर सारे दावे खोखले साबित होते हैं। मौजूदा हालात यह है कि मीना मार्केट में अन्य किसी भी मार्केट में पुलिस कर्मचारियों की कोई भी मौजूदगी नहीं है। आगामी त्यौहारों को लेकर नगर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों का आना-जाना रहता है लेकिन ई-रिक्शा चालक द्वारा भीड़ भाड़ वाले एरिया में अपने ई रिक्शा लेकर घुस जाते हैं जिससे बड़ी संख्या में जाम की स्थिति बन जाती है और इसी वजह से लोगों की जेब कट जाती है।


**प्रथमा यू0पी0 ग्रामीण बैंक**
(प्रवर्तकः पंजाब नैशनल बैंक)
क्षेत्रीय कार्यालय, मुजफ्फरनगर

क्षेत्रीय कार्यालय: 127/128 अंकित विहार पचैन्डा रोड, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)
फोन- 7217028797, 7217028782 फैक्स- 0131-2412155
E-mail : rmmzn@prathamaupbank.com

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

सिक्योरिटाईजेशन एवं रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रथमा यू0 पी0 ग्रामीण बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने सम्बन्धित ऋणी/ऋणियों को प्रत्येक के नाम के सामने दर्शाए गए खाते के पदक नामों के सामने दी गई तारीखों पर नोटिस की तारीख उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख को 60 दिनों के भीतर बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया था। ऋणी/ऋणियों द्वारा राशि अदा करने में असफल रहने पर ऋणी/ऋणियों और जनसामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी जिनका नाम नीचे दिया गया है ने प्रत्येक खाते के सामने दी गई तारीखों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अन्तर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गयी सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। ऋणी/ऋणियों को विशेष रूप से एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्ति/सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी प्रकार का लेन देन न करें इस सम्पत्ति/सम्पत्तियो से किसी प्रकार का लेन देन प्रथमा यू0पी0 ग्रामीण बैंक को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज के चार्ज के पूर्ण मुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है।

| क्रम सं0 | ऋणी एवं गारन्टर का नाम व पता | बंधक रखी गयी सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तारीख | तारीख कब्जा चिपकाये गये नोटिस | मांग नोटिस की तारीख को बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी- 1. श्री मुकेश कुमार शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा निवासी 8/4441, चिलकाना रोड, गंगेश्वर महादेव मन्दिर के पास, सम्राट विक्रम कॉलोनी, सहारनपुर-247001 (यूपी) 2. श्रीमति उर्मिला शर्मा पत्नी श्री मुकेश कुमार शर्मा निवासी गली नं. 4, निकट गंगेश्वर मन्दिर, चिलकाना रोड, सम्राट विक्रम कॉलोनी, सहारनपुर-247001 (यूपी) गारंटर- 1. श्री राजीव कुमार सिंघल पुत्र नरेश चन्द निवासी म. नं. 505, बड़तलायादगार, सहारनपुर-247001 (यूपी) 2. श्री अनिल पुत्र जोगेन्द लाल निवासी मकान नं. 8/4610, सम्राट विक्रम कॉलोनी, गली नं. 1 के सामने, चिलकाना रोड, सहारनपुर - 247001 (यूपी) | आवासीय मकान स्थित पुराना नगर पालिका नं. 2/970/140, नया नगर पालिका नं. 2ए/1682, मौहल्ला गोविन्द नगर तहसील व जिला सहारनपुर, यूपी, क्षेत्रफल 96.40 वर्ग मीटर (115.30 वर्ग गज) बाऊन्ड्री निम्नानुसार- पूर्वः सड़क 15 फीट चौड़ी, पश्चिमः श्री मूलचंद का मकान, उत्तरः श्री राजेन्द सिंह का मकान, दक्षिणः विक्रेता की सम्पत्ति। | 05.12.2024 | 25.03.2025 | Rs. 8,97,030.80 + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 01.11.2024 से प्रभावी खाते के अंतिम समायोजन की तिथि तक |

दिनांक: 28.03.2025 शाखा - सहारनपुर प्राधिकृत अधिकारी, प्रथमा यू0पी0 ग्रामीण बैंक


# आईएएस अभिषेक प्रकाश ने सपा सरकार में बनाई थी धामपुर में करोड़ों ठिकाने लगाने की योजना

**धामपुर।** डिफेंस कॉरिडोर जमीन घोटाले के आरोप में घिरे वरिष्ठ आईएएस अभिषेक प्रकाश का रुतबा समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की सरकार में भी कम नहीं रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भले ही अब अभिषेक प्रकाश को सीएम योगी का करीबी बता रहे हो, अभिषेक प्रकाश को मलाईदार पद दिलाने में सीएम की विशेष भूमिका होने का आरोप लगा रहे हो, मुख्यमंत्री से करीबी होने के कई रिश्ते गिना रहे हो मगर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के राज में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी रहते हुए अभिषेक प्रकाश के द्वारा जनपद बिजनौर के धामपुर क्षेत्र में एबीसी कंडक्टर तार बदले जाने के दौरान, यानी के करोड़ों रुपए का प्रोजेक्ट पूरा होने से पहले ही प्रोजेक्ट के ऊपर दूसरा प्रोजेक्ट



धामपुर क्षेत्र में अंडरग्राउंड विद्युत तार डलवाने के लिए करोड़ों रुपए का प्रस्ताव बनाया था।

लखनऊ में जिलाधिकारी के पद पर तैनात रहे भ्रष्टाचार के आरोपी अभिषेक प्रकाश वर्ष 2016 से 2017 में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम मेरठ के एमडी रहे हैं। जनपद बिजनौर इसी विद्युत वितरण निगम के अधीन आता है। वर्ष 2017 से पहले तक धामपुर क्षेत्र में विद्युत सप्लाई के लिए कई दशक पुराने जर्जर विद्युत तार थे। समाजवादी पार्टी सरकार में उस दौर के विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान ने क्षेत्रीय जनता की सुविधा के लिए शासन स्तर पर धामपुर सहित आसपास के क्षेत्र में पुराने जर्जर तार को बदलवाकर नए एबीसी कंडक्टर तार बदलवाने का प्रस्ताव शासन स्तर पर स्वीकृत कराया था। पुराने जर्जर तार के स्थान पर नए एबीसी कंडक्टर तार बदलवाने का काम शुरू हुआ ही था कि पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम के एमडी रहे अभिषेक प्रकाश ने एबीसी कंडक्टर तार के बीच करोड़ों रुपए का नया प्रोजेक्ट लाकर धामपुर में विद्युत के अंडरग्राउंड तार डलवाने की योजना बना दी। एबीसी कंडक्टर तार डालने में विलंब के बीच विधानसभा चुनाव आ गए। आचार संहिता लगने का बिगुल बजते ही अंडरग्राउंड विद्युत तार डालने का प्रपोजल वेटिंग में चला गया। आचार संहिता लगने के बाद नए प्रस्तावित होने वाले कार्य पर विराम लग गया। समाजवादी पार्टी की सरकार के बाद भाजपा की योगी सरकार में धामपुर में अंडरग्राउंड विद्युत तार डालने का प्रस्ताव फाइलों के ढेर में गुम हो गया। अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव के द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपी अभी वरिष्ठ आईएएस अभिषेक प्रकाश को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का करीबी होने का दावा करने के बीच यह मामला सामने आया है। यदि विधानसभा चुनाव में कुछ समय होता तो अभिषेक प्रकाश के द्वारा धामपुर में भी विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में भी एक बड़े भ्रष्टाचार को अमली जामा पहनाने का रिकॉर्ड दर्ज हो जाता।

# विधायक अशोक राणा ने उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में खण्ड विकास कार्यालय अल्हैपुर के ब्लाक प्रमुख कक्ष में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा विधायक अशोक राणा ने उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में सभी योग्य उम्मीदवारों को रोजगार मिला है और सरकार सभी संस्थानों में रिक्त पदों को भरने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विधायक ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले गरीब लड़कियों की शादी के



लिए कोई अनुदान नहीं था, लेकिन अब प्रदेश में 9,51,000 शादियां सरकारी योजना के तहत संपन्न हो चुकी हैं। अप्रैल माह से इस योजना के अंतर्गत दी जाने वाली अनुदान राशि को बढ़ाकर 1,00,000 लाख रुपये किया जाएगा। अकेले अल्हैपुर ब्लॉक क्षेत्र में अब तक 51,000 शादियां कराई जा चुकी हैं, जिसे दोगुना करने की योजना है। किसानों को लेकर विधायक अशोक राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक उत्तर प्रदेश सरकार 36,000 करोड़ रुपये का किसानों का कर्ज माफ कर चुकी है और फ्री बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि नहरों का पानी हर खेत तक पहुंच रहा है और कोटरा रजवाहा योजना के तहत भूमि अधिग्रहण का कार्य अप्रैल माह तक पूरा कर लिया जाएगा। जिससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा और 10,000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

जल्द ही नगीना चौराहा पर झण्डे की इंतजार में प्रतीक्षारत डंडे को तिरंगा झण्डा मिल जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि धामपुर शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए 44 करोड़ की योजना से ग्राम सरकड़ा की नहर से होते हुए शेरकोट के पास नेशनल हाइवे को जोड़ने का काम किया जाएगा। ताकि लोगों का समय बच सके और वह शहर में आने से बच सके और कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंच सके। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं पर भी विधायक अशोक राणा ने प्रकाश डाला। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डा.रश्मि शर्मा रावल, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, युवा भाजपा नेता सरदार सतमीत सिंह मन्नी आदि प्रमुख रुप से शामिल रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रिजर्व बैंक और कस्टम की आसान जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंकज नेगी के दो शानदार गोलों की मदद से भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को 5-2 से हरा कर डीएसए सांस्थानिक लीग में बड़ी जीत के साथ शुरुआत की। वहीं एक अन्य मुकाबले में कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइस ने ईएसआईसी को 3-1 से हराया। विनोद नगर स्पोर्ट्स कांम्प्लेक्स में आज यहां दिन के पहले मुकाबले में भारतीय रिजर्व बैंक के लिए पंकज नेगी ने दो, कृतेश हुड्डा, अभिषेक और के पी कबुई ने एक-एक गोल किये। मुक.ाबले के दौरान बैंक के गोलकीपर कुलदीप हुड्डा ने कई मौकों पर दर्शनीय बचाव किए। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की टीम के लिए बिजेन्दर और लोकेश ने एक-एक गोल दागे। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइस ने महिप अधिकारी, सायक और कृष्णा के गोलों से ई एस आई सी पर 3-1 की जीत के साथ अभियान शुरू किया। पराजित टीम की ओर से पवन जोशी ने गोल दागा।

### श्याम लाल कॉलेज की वार्षिक खेल मीट का आयोजन आज

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज मैदान में शुक्रवार को छात्र और छात्राओं के वर्ग की 'वार्षिक खेल मीट 2024-25' का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज के खेल समिति के संयोजक वीरेंद्र सिंह जग्गी के अनुसार वार्षिक खेल मीट 2024-25 के छात्रों के साथ-साथ शिक्षक और कॉलेज के गैर-शिक्षण स्टाफ भी भाग लेंगे। श्याम लाल कॉलेज के लप्रसिपल प्रो- रबी नारायण कर 'वार्षिक खेल मीट 2024-25' के मुख्य अतिथि होंगे। लड़कियों के वर्ग में छात्रों के लिए 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर में दौड़ आयोजित की जाएगी। लड़कों में वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर में दौघ़होगी। इसके अलावा शिक्षण और गैर -शिक्षण स्टाफ के लिए कार्यक्रमों को 45 वर्ष से कम और 45 वर्ष से अधिक के दो आयु समूहों में आयोजित किया जाएगा।

# रोहित का टीम इंडिया में खेलने से इन्कार

**■ रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में खराब प्रदर्शन की वजह से इंग्लैंड नहीं जाना चाहते**



**मुंबई, वार्ता।** रोहित शर्मा ने पिछले 6 महीने में भारतीय क्रिकेट टीम को दो आईसीसी टूर्नामेंट जिताए हैं, लेकिन अब ऐसी खबर आ रही है कि वह इस टीम में शामिल नहीं होना चाहते। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा टीम इंडिया की अगली टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे।

उन्होंने खुद अपना नाम देने से इन्कार कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रोहित शर्मा ने ये फैसला लिया है। आईपीएल 2025 के बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां वो पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। रिपोर्ट में दावा है कि रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में खराब प्रदर्शन की वजह से इंग्लैंड नहीं जाना चाहते। रिपोर्ट्स में भले ही ऐसे दावे किए जा रहे हों कि रोहित इंग्लैंड नहीं जाएंगे। रोहित के मामले में कई दावे पहले भी गलत साबित हुए हैं। हाल ही में ये दावा किया जा रहा था कि रोहित शर्मा चौंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले सकते हैं लेकिन ऐसा हुआ नहीं। वैसे रोहित के इंग्लैंड नहीं जाने के पीछे उनके ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खराब प्रदर्शन को वजह बताया जा रहा है। रोहित शर्मा ने सिडनी टेस्ट में भी खुद को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा था और जसप्रीत बुमराह ने टीम की कमान संभाली थी। वहीं, विराट कोहली के टेस्ट टीम में बने रहने की संभावना ज्यादा है। हालांकि, भारत के हालिया लंबे टेस्ट सीजन में कोहली और रोहित दोनों का प्रदर्शन निराशा. जनक रहा। कोहली ने 19 पारियों में केवल 382 रन बनाए, जिसमें उनका औसत महज 22।47 रहा और उनके नाम केवल एक शतक और एक अर्धशतक दर्ज है। वहीं, रोहित शर्मा ने 15 पारियों में सिर्फ 164 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 10।93 रहा और केवल एक अर्धशतक ही उनके बल्ले से निकला। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार सीरीज हार के बाद, दोनों स्टार बल्लेबाजों के टेस्ट टीम में स्थान को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, कोहली के इंग्लैंड में खेलने के व्यापक अनुभव को देखते हुए, टीम प्रबंधन उन्हें टेस्ट टीम में एक और मौका देने पर विचार कर रहा है।

# चोटिल लैथम पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से हुए बाहर

**■ लैथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल न्यूजीलैंड़ टीम की कमान संभालेंगे**



**वेलिंग्टन, वार्ता।** पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है टीम के कप्तान टॉम लैथम चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये है। लैथम को इस सप्ताह दाहिने हाथ में चोट लगी थी। प्रशिक्षण के दौरान लैथम के हाथ में फ्रैक्चर हुआ था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि एक्स-रे रिपोर्ट में गंभीर चोट की पुष्टि हुई है।

लैथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की कमान संभालेंगे जबकि हेनरी निकोल्स को टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि सीरीज की पूर्व संध्या पर कप्तान टॉम लेथम का चोटिल होना निश्चित रूप से निराशाजनक है और हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले माइकल के साथ टीम सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि हमें इस दौरे में लचीलापन रूख रखना होगा क्योंकि कई खिलाड़ी अलग-अलग कारणों से उपलब्ध नहीं थे। इससे अन्य खिलाड़ियों को अवसर मिले और पहली बार रीस मारियू को टीम में शामिल करना अच्छा लगा, साथ ही हेनरी का स्वागत भी हुआ। उन्होंने कहा कि तीन महीने की चोट के बाद वापसी करने के बाद से हेनरी अच्छी फॉर्म में हैं।

# आईपीएलः दूसरी गेंद का नियम पहली बार इस्तेमाल

## राजस्थान इसका उपयोग करने वाली पहली टीम बनी

**गुवाहाटी, वार्ता।** आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच 26 मार्च को गुवाहाटी में खेले गए मैच में पहली बार दूसरी गेंद का नियम देखने को मिला।

कार्यवाहक कप्तान रियान पराग के मार्गदर्शन में राजस्थान रॉयल्स ने केकेआर की पारी के 17वें ओवर में गेंद बदलने का अनुरोध किया, लेकिन यह मैच का पासा पलटने के लिए काफी नहीं था। नए नियम का इस्तेमाल करने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को केकेआर के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह उनकी लगातार दूसरी हार रही। क्विंटन डिकॉक की 61 गेंदों पर नाबाद 97 रनों की शानदार पारी की बदौलत कोलकाता ने इस सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की। शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नई गेंद का इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं। शाम को होने वाले मैचों पर यह नियम लागू होगा। दोपहर में होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा। इससे हाईस्कोरिंग मैचों को बनाए रखने में मदद मिलेगी। ताकि दोनों पारी में खेल संतुलित रहे और चेज करने वाली टीम को ओस की मदद न मिले। अक्सर शाम के मैचों में ओस का प्रभाव देखते हुए टॉस जीतने पर टीमें पहले गेंदबाजी का फैसला करती दिखती हैं। इससे अब खेल बैलेंस्ड होगा। क्विंटन डिकॉक ने मुश्किल विकेट पर नाबाद 97 रन की पारी खेलकर कोलकाता नाइट राइडर्स को राजस्थान रॉयल्स पर आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई। राजस्थान की टीम ने पहले बल्लेबाजी की नौ विकेट पर 151 रन ही बना सकी। वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट) और मोईन अली (23 रन पर दो विकेट) की अगुआई में केकेआर के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद डिकॉक की पारी की बदौलत केकेआर ने 17.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। केकेआर ने मोईन अली (पांच) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (18) का विकेट जल्दी गंवा दिया।

# हैदराबाद ने लखनऊ को 191 का लक्ष्य दिया

**■ शार्दूल ठाकुर को मिले चार विकेट, अनिकेत वर्मा ने पांच छक्के लगाकर 13 गेंद पर 36 रन बनाए**



**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल के 7वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 191 रन का लक्ष्य दिया। राजीव गांधी स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी।

एसआरएच ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए। लखनऊ से शार्दूल ठाकुर ने 4 विकेट लिए। एसआरएच से ट्रैविस हेड ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए। अनिकेत वर्मा ने 5 छक्के लगाकर 36 रन बनाए। नीतीश रेड्डी ने 32 और हेनरिक क्लासन ने 26 रन की पारी खेली। एलएसजी से प्रिंस यादव, आवेश खान, रवि बिश्नोई और दिग्वेश राठी ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रनआउट भी हुआ। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए। टीम से ट्रैविस हेड ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए। अनिकेत वर्मा ने 5 छक्के लगाकर 36 रन बनाए। नीतीश रेड्डी ने 32 और हेनरिक क्लासन ने 26 रन की पारी खेली। एलएसजी से शार्दूल ठाकुर को 4 विकेट मिले। प्रिंस यादव, आवेश खान, रवि बिश्नोई और दिग्वेश राठी ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रनआउट भी हुआ। 19वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने 9वां विकेट गंवाया। शार्दूल ठाकुर ने मोहम्मद शमी को कवर्स पोजिशन पर कैच कराया। शमी 1 ही रन बना सके। 18वें ओवर में आवेश खान ने एसआरएच के कप्तान पैट कमिंस को कैच कराया। कमिंस ने 4 गेंद पर 3 छक्के लगाकर 18 रन बनाए। 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर शार्दूल ठाकुर ने अपना तीसरा विकेट लिया। उन्होंने अभिनव मनोहर को डीप पाइंट पोजिशन पर अब्दुल समद के हाथों कैच कराया। मनोहर 2 ही रन बना सके। 16वें ओवर में हैदराबाद ने अपने 150 रन पूरे कर लिए। अनिकेत वर्मा ने दिग्वेश राठी के खिलाफ चौथी गेंद पर छक्का लगाया और टीम के 150 रन पूरे कराए। उन्होंने अगली ही गेंद पर एक और छक्का लगा दिया, लेकिन छठी गेंद पर कैच भी हो गए। 15वें ओवर में अनिकेत वर्मा ने रवि बिश्नोई के खिलाफ लगातार 2 छक्के लगाए। उन्होंने बिश्नोई की चौथी और पांचवीं गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया। उन्होंने पारी में बिश्नोई के खिलाफ कुल 3 छक्के लगाए। 15वें ओवर की पहली गेंद पर रवि बिश्नोई ने नीतीश रेड्डी को बोल्ड किया। नीतीश ने 28 गेंद पर 32 रन बनाए। उनकी पारी में 2 चौके शामिल रहे। हेनरिक क्लासन ने 17 गेंद पर 26 रन बनाए। 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवाया। हेनरिक क्लासन 26 रन बनाकर रन आउट हो गए।

# जोशना, अनाहत स्क्वैश इंडियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल में



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्क्वैश इंडियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। बॉम्बे जिमखाना के आउटडोर ग्लास कोर्ट पर जोशना चिनप्पा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंखे के खिलाफ पांच मैचों के कड़े मुकाबले में अपने अनुभव का जबरदस्त प्रदर्शन किया। पूर्व एशियाई चैंपियन जोशना ने 56 मिनट तक चले मुकाबले में सालुंखे को 3-2 (12-10, 13-11, 9-11, 9-11, 11-5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं दूसरी ओर, 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने मिस्र के नादियन एल्हममी के खिलाफ संयम का परिचय देते हुए 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी की और कड़े मुकाबले में 3-2 (11-6, 12-14, 8-11, 11-6, 11-9) से जीत हासिल की। इस बीच, पुरुषों के ड्रॉ में भारत के अभय सिंह ने मलेशिया के अमीशनराज चंद्रन को सीधे सेटों में (11-5, 11-8, 11-7) में हराकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली।

# 14 साल बाद भारत में फ्रेंडली मैच खेलेंगे मेसी

**■ अर्जेंटीना टीम कोच्चि आएगी, नवम्बर में केरल सरकार ने घोषणा की थी, एसोसिएशन ने किया कन्फर्मेशन**



**नई दिल्ली, वार्ता।** लियोनेल मेसी 14 साल बाद भारत में फ्रेंडली मैच खेलने के लिए अर्जेंटीना टीम के साथ आएंगे। बुधवार को अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएए) इसकी घोषणा की।

इससे पहले मेस्सी ने 2011 में भारत का दौरा किया था, जब अर्जेंटीना ने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन मैच खेला था। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमन ने पिछले साल नवम्बर में अर्जेंटीना की टीम का केरल का दौरा करने और कोच्चि में दो दोस्ताना मैच खेलने की घोषणा की थी। एचएसबीसी इंडिया ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के साथ किया सहयोग एचएसबीसी इंडिया बुधवार को भारत में फुटबॉल के सहयोग और प्रचार के लिए अर्जेंटीना की टीम का आधिकारिक साझेदार बन गया। उसने घोषणा की कि मैच अक्टूबर में आयोजित किए जाएंगे। एचएसबीसी इंडिया ने बताया कि इस साझेदारी के तहत दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी समेत अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अक्टूबर 2025 में एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच खेलने के लिए भारत का दौरा करेगी। अर्जेंटीना ने 2022 में फुटबॉल वर्ल्ड कप के फाइनल में फ्रांस को हरा कर खिताब अपने नाम किया था। अर्जेंटीना ने 2022 में 36 साल बाद जीता था फुटबॉल वर्ल्ड कप खिताब अर्जेंटीना ने 2022 में 36 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप खिताब जीता था। इससे पहले अर्जेंटीना 1986 में विश्व कप जीता था। कतर में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में अर्जेंटीना ने फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हरा दिया। तय 90 मिनट तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रही थी। एक्स्ट्रा टाइम के बाद मुकाबला 3-3 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट से फैसला हुआ। फाइनल में मेसी ने दो गोल किए। वहीं, फ्रांस के लिए किलियन एमबाप्पे ने हैट्रिक जमाई थी। अर्जेंटीना 1978 में पहली बार वर्ल्ड चौंपियन बना था। 2026 वर्ल्ड कप के लिए अर्जेंटीना क्वालिफाई कर चुका अर्जेंटीना ने 26 मार्च को ब्राजील को 4-1 से हरा कर 2026 वर्ल्ड कप कप के लिए क्वालिफाई किया है। इस मैच में लियोनेल मेसी नहीं खेले थे। ब्यूनस आयर्स में खेले गए इस मुकाबले में ब्राजील की टीम बिल्कुल फीकी नजर आई। अर्जेंटीना के लिए जूलियन अल्वारेज, एन्जो फर्नांडेज, एलेक्सिस मैक एलिस्टर और गुलियानो सिमियोने ने गोल किए। ब्राजील की तरफ से इकलौता गोल मैथ्यूस कुन्हा ने किया।

# प्रदीप जून और साहिस्ता ने पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक कब्जाए

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता बुधवार को प्रदीप जून और साहिस्ता ने स्वर्ण पदक जीते। केआईपीजी 2025 के सातवें दिन हरियाणा के प्रदीप जून ने 107 प्लस किलोग्राम वर्ग में 194 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

आज पदक तालिका के अनुसार हरियाणा 31 स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष पर था। तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश क्रमश: 26 और 22 पदकों के साथ दूसरे स्थान और तीसरे स्थान पर थे। प्रदीप के अलावा, दिल्ली की साहिस्ता ने भी पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 79 किलोग्राम वर्ग में 81 किलोग्राम वजन उठाकर पिछले संस्करण के रजत पदक को इस साल स्वर्ण पदक में बदल दिया। खेलों में अपने बदलाव के बारे में बात करते हुए 25 वर्षीय साहिस्ता ने कहा कि समय के साथ, मैंने इसे स्वीकार कर लिया। मैं शुरू में बाइसेप्स बनाना चाहती थी, लेकिन पैरा पावरलिफ्टिंग की खोज की, जो मेरा लक्ष्य बन गया। ग्रेटर नोएडा में नेशनल्स में स्वर्ण जीतने के बाद, खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक हासिल करना मेरे सफर में एक बड़ा पड़ाव जैसा लगता है। अब, मेरा लक्ष्य पैरालिंपियन बनना है। पुरुषों के 107 किलोग्राम वर्ग में महाराष्ट्र के दिनेश बागड़े ने 157 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह, तमिलनाडु की अरुणमोली अरुणगिरी ने भी महिलाओं के 86 किलोग्राम वर्ग में 80 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

# मियामी ओपन में एलेक्जेंड्रा भिड़ेंगी जेसिका से

**■ पेगुला ने राडुकानू पर 6-4, 6-7(3), 6-2 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं**



**फ्लोरिडा, वार्ता।** मियामी ओपन में महिला एकल के सेमीफाइनल में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला और अमेरिका की जेसिका पेगुला के बीच शुक्रवार को मुकाबला होगा।

अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने गुरुवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। पेगुला ने राडुकानू पर 6-4, 6-7(3), 6-2 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। इसी के साथ अमेरिकी खिलाड़ी ने पिछले चार वर्षो में तीसरी बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां उनका कल फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला से मुकाबला होगा। एक दिन पहले बुधवार को फिलीपींस की टेनिस खिलाड़ी एला ने मियामी ओपन में एक और उलटफेर करते हुए महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियाटेक को एला ने सीधे सटों में 6-2, 7-5 से हराया।

# क्लब विश्वकप जीतने वाली टीम को 10 .70 अरब रुपये मिलेंगे : फीफा

**जिनेवा, वार्ता।** विश्व फुटबॉल की शासी संस्था फीफा इस वर्ष जून-जुलाई में होने वाले पहले क्लब विश्वकप के लिए लगभग 85.66 अरब रूपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की है जिसमें से टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को लगभग 10.70 अरब रूपये मिलेंगे।

फीफा ने बताया कि इस वर्ष 14 जून से 13 जुलाई तक अमेरिका में आयोजित पहले फीफा क्लब विश्वकप में 32 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के लिए लगभग 85.66 अरब रूपये की पुरस्कार राशि दिये जाने की घोषणा की है। इस राशि में से चैंपियन बनने वाली टीम को लगभग 10.70 अरब रुपये मिलेंगे। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा क्लब विश्व कप का वितरण मॉडल क्लब फुटबॉल के शिखर को दर्शाता है और सात मैचों के ग्रुप चरण और प्लेऑफ प्रारूप वाले फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। जिसमें विजेता टीम के लिए संभावित पुरस्कार राशि 10.70 अरब रूपये है। उन्होंने कहा कि 525 डॉलर का हिस्सा सभी भाग लेने वाली टीमों के बीच वितरित किया जाएगा।

### रमजान मुबारक



**अटठाईसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 4.8 |
| | शिया | 4.52 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.37 |
| | शिया | 6.51 |

ना उसको किसी भी चीज की आवश्यकता है। ना उसका जन्म हुआ है ना उसको मृत्यु है। और ना कोई उसका समकक्ष है
कुरआन करीम

# अतिक्रमणकारियों पर चला निगम का चाबुक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज शहर के अनेक क्षेत्रों में अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान टायर, सड़क पर रखे होर्डिंग, काउण्टर व लकड़ी की मेज आदि सामान जब्त किया गया और दस दुकानों का चालान कर साढे सात हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जनसुनवाई में आयी अतिक्रमण सम्बंधी शिकायतों का भी निस्तारण किया गया।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर आज निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने 62 फुटा रोड, बाजोरिया रोड, ढोली खाल, डीएम आवास रोड, जामा मस्जिद क्षेत्र व अहमद कॉलोनी आदि में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया। अहमद कॉलोनी में सड़क पर रैम्प व सीढ़िया बनाकर किये गए स्थायी अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। उक्त अतिक्रमण की शिकायत जनसुनवाई में की गयी थी। बाजार दीनानाथ में एक व्यक्ति द्वारा निगम की सड़क खोदकर पाइप के सहारे अपनी ओर का पानी दूसरी ओर डालने की शिकायत भी जनसुनवाई में की गयी थी। आज निगम अधिकारियों ने वहां पहुंचकर पाइप हटवाते हुए शिकायत का निस्तारण किया।

62 फुटा रोड पर रेत बजरी का सामान बेचने वालों ने सड़क पर सामान फैलाकर अतिक्रमण कर रखा था जिसके कारण साफ सफाई में भी व्यवधान पैदा हो रहा था। निगम दस्ते ने अतिक्रमण हटाते हुए पांच दुकानों का चालान किया और भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। जामा मस्जिद के सामने खजूर, फल एवं सब्जी विक्रेताओं के अतिक्रमण को भी हटाया गया। इसके अलावा बाजोरिया रोड व डीएम आवास रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए करीब एक दर्जन दुकानों से होर्डिंग्स, फ्लेक्सी बोर्ड, काउण्टर, लकड़ी की मेज आदि जब्त किये गए तथा पांच दुकानों के चालान किये गए। ढोली खाल से भी अतिक्रमण हटवाते हुए सड़क पर रखे करीब आधा दर्जन टायर जब्त कर निगम लाये गए। कार्रवाई के दौरान निगम के सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना व प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व उनकी टीम के जवान मौजूद रहे।

## सांसद इमरान मसूद के सवाल पर बोले ऊर्जा मंत्री श्रीपाद नाईक

# 2014 के बाद बिजली उत्पादन में हुई बड़ी बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोकसभा में सांसद इमरान मसूद द्वारा देश की ऊर्जा उत्पादन क्षमता और उसकी लागत से जुड़े सवालों पर सरकार ने विस्तृत जवाब दिया। सांसद मसूद ने उर्जा मंत्री से जानना चाहा कि 2015 से अब तक देश की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता क्या रही है, सरकार ने इसे बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए हैं, हाल के वर्षों में कोयले के आयात से बिजली उत्पादन की लागत में कितनी वृद्धि हुई है, और इस लागत को कम करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं।

सांसद इमरान मसूद के संसदीय कार्य प्रभारी विपिन जैन ने बताया कि ऊर्जा मंत्री श्रीपाद नाइक ने जवाब में बताया कि मार्च 2014 में देश की कुल स्थापित क्षमता 2,48,554 मेगावाट थी, जो फरवरी 2025 तक बढ़कर 4,70,448 मेगावाट हो गई है। इस दौरान कोयला-आधारित ताप विद्युत संयंत्रों की क्षमता 1,39,663 मेगावाट से बढ़कर 2,15,193 मेगावाट हो गई, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों (बड़े हाइड्रो संयंत्र सहित) की क्षमता 75,519 मेगावाट से बढ़कर 2,14,678 मेगावाट हो गई है। सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि बिजली उत्पादन की लागत पर कोयला आयात का असर पड़ता है। आयातित कोयले की कीमतें अंत. रराष्ट्रीय बाजार की स्थितियों, समुद्री माल भाड़े और बीमा लागत से प्रभावित होती हैं।

हालांकि, वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के बीच औसत बिजली खरीद लागत में 5 पैसे की कमी आई है।

बिजली उत्पादन की लागत कम करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें बिजली एक्सचेंजों की स्थापना, घरेलू कोयले के उपयोग में लचीलापन, ट्रांसमिशन शुल्क में छूट, राष्ट्रीय मेरिट ऑर्डर डिस्पैच प्रणाली और तकनीकी सुधार शामिल हैं। ये उपाय ट्रांसमिशन लागत घटाने और उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने में सहायक होंगे। इसके अलावा, सरकार हरित ऊर्जा गलियारे के निर्माण, अल्ट्रा मेगा नवीकरणीय ऊर्जा पार्कों की स्थापना और पारेषण अवसंरचना को सुदृढ़ करने पर कार्य कर रही है ताकि आने वाले वर्षों में भारत की ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके।

# चैकिंग में स्कॉर्पियो में सवार खनन तस्करों के साथी पकड़े



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डीएम के आदेश पर बेहट में खनन वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकारियों की रेकी करने के शक में एसडीएम व तहसीलदार ने स्कॉर्पियो सवार कई लोगों को पकड़ लिया और पैदल ही तहसील से कोतवाली तक ले गए।

दरअसल, क्षेत्र में अवैध खनन रोकने और अवैध खनन के परिवहन व ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने ने लिए स्थानीय पुलिस व प्रशासन अलर्ट है। बुधवार की रात एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह व नायब तहसीलदार मुकुल सागर तहसील गेट से चैकिंग के लिए निकले तो उन्होंने भाजपा का झंडा लगी सफेद स्कॉर्पियो सवार कई लोगों को अधिकारियों की रेकी करने के शक में दबोच लिया जबकि मुख्य खनन तस्कर मौके से भाग निकला। जिसके बाद खुद एसडीएम व तहसीलदार पुलिसकर्मियों की मदद से पकड़े गए लोगों को तहसील से कोतवाली तक पैदल ही ले गए। सूत्रों की माने तो एक खनन तस्कर भाजपा का झंडा लगाकर अधिकारियों पर रौब गालिब करता है और इसी गाड़ी से अधिकारियों की रेकी भी करता है जिससे किसी को शक ना हो। सूत्रों का कहना है कि उक्त तस्कर रोजाना काफी संख्या में अवैध खनन के वाहन निकलवाकर राजस्व को लाखों रुपए की चपत लगा रहा है। अब देखना ये होगा कि पुलिस व प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ क्या कार्यवाही करता है। मामले को लेकर एसडीएम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि रेकी के शक में कई लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंपा है। पकड़े गए लोगों और अन्य फरार हुए लोगो के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध खनन कारोबारियों पर कार्रवाई को जिलाधिकारी को भेजा शिकायती पत्र

**सहारनपुर।** खनन कंपनी मैसर्स स्टार माइंस पर अब अवैध खनन करने और राजस्व ना दिए जाने के आरोप लगे है। इतना ही नहीं अपने निजी स्टोन क्रेशरों पर मनचाहा खनिज सामग्री डालने और अन्य क्रेशरों को मनमर्जी खनिज देने के भी आरोप है। मामले को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेज कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता सरजीत सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि बरथा कोरसी स्थित सरकारी खनन पट्टे से मैसर्स स्टार माइंस कंपनी द्वारा 9 व 10 घन मीटर की रॉयल्टी पर 400 से 450 कुंतल माल दिया जा रहा है। जिससे स्टोन क्रेशरों पर पोर्टल पर उपस्थित घन मीटर की अपेक्षा माल अधिक होगा और स्टोन क्रेशर वालो को गलती ना होने पर भी उन्हें जुर्माना देना पड़ेगा। शिकायत में आरोप लगाया गया कि स्टार माइंस कंपनी सरकार को पूर्ण रूप से राजस्व भी नहीं दे रही है। इसके साथ साथ कंपनी पर अपने निजी क्रेशरों पर मनमुताबिक माल डालने और अन्य क्रेशरों पर पूर्ण रूप से आरबीएम ना देने के भी आरोप लगाए है।

## राष्ट्रपति ने स्नेहा को किया सम्मानित

**गंगोह।** सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल की छात्रा स्नेहा वर्मा को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स के 49वें दीक्षान्त समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार मेंं केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा के द्वारा सम्मानित किया गया।

रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी एंड क्लिनिकल एंब्रॉलजी का कोर्स करने वाली मोहल्ला टांकान निवासी स्नेहा वर्मा सुपुत्री प्रवीण वर्मा ने सम्पूर्ण भारत में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उक्त उपलब्धि पर संस्थाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, प्रबंधक आदेश गर्ग, नरेंद्र तायल, नितिन तायल, गौरव गर्ग ने शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह ने भी आशीर्वाद और शुभकामना देते हुए कहा कि स्नेहा वर्मा ने ऑल इंडिया में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# विधायक आशु मलिक के प्रयास लाए रंग

**■ रिंग रोड बनाने के पत्र पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लिया संज्ञान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** देहात विधायक आशू मलिक ने जाम की समस्या को हल करने के लिए एक नया बाईपास रोड बनाने के प्रस्ताव के पत्र को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारी को पत्र प्रेषित किया।



गौरतलब रहे कि विधायक आशु मलिक ने केन्द्रीय परिवहन मंत्री को लिखे पत्र में मांग की थी कि देवला बेहट रोड से लेकर देहरादून रोड तक 14 किलोमीटर लंबा रिंग रोड बाईपास हरोड़ा तक जोड़ने की योजना से क्षेत्र में यातायात की समस्याओं में सुधार हो सकता है और जाम की स्थिति में कमी आ सकती है। उन्होने बताया कि यह कदम न केवल सड़क यातायात की सुगमता को बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी कई सुविधाएं प्रदान करेगा, जैसे कि तेजी से यात्रा, सुरक्षा और समय की बचत होगी। जिस पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर दिया। विधायक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का इस विषय पर संज्ञान लेना एक सकारात्मक पहल है।

# नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नवीन कृषि मण्डी वर्कर्स यूनियन के नवनिर्वाचित सदस्यों का सम्मान किया गया।

मण्डी परिषद स्थित यूनियन कार्यालय पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक बुलाई गयी। बैठक में यूनियन के अध्यक्ष विनोद कुमार गौतम, मंत्री इकबाल मलिक का सभी ने माल्यापर्ण कर स्वागत किया।

उन्होने अपने सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कहा कि वह लगन व मेहनत के साथ कार्य कर यूनियन को मजबूत करें। बैठक में यूनियन संरक्षक डा. राकेश गौतम, साजिद नम्बरदार, फैजान मलिक, मोमीन, सागर अली, मानसिंह मालियान, अलीशेर शहजाद, राहुल कुमार, सलमान मीम, राजवीर जैन, नूर अली, पवन शर्मा, विनोद शर्मा, नीतू जैन, लता देवी आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# टैक्स सम्बन्धी सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम में आयोजित टैक्स समाधान दिवस में आज दो भवन स्वामियों के बिलों का कर निर्धारण ठीक करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया गया। जबकि दो मामलों में जांच के आदेश दिए गए। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने टैक्स बकायादारों से टैक्स सम्बंधी समस्याओं के समाधान के लिए ब्रहस्पतिवार को टैक्स समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने की अपील की है।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर आज ब्रहस्पतिवार को नगर निगम में टैक्स समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर नगरायुक्त राजेश यादव की अध्यक्षता में टैक्स मामलों की सुनवाई की गयी। वार्ड 33 रोहित विहार निवासी नंद किशोर शर्मा की शिकायत थी कि उनके आवास का बिल आवासीय व व्यवसायिक भेजा जा रहा है। जबकि उनका भवन पूर्णत: आवासीय है। जांच कराने के बाद उनके बिल का आवासीय आधार पर कर निर्धारण किया गया। वार्ड 35 मोरगंज निवासी श्रीमती वीना के आवास का वार्षिक मूल्यांकन 31 हजार रुपये निर्धारित था। वीना ने अपने आवास के कर निर्धारण पर आपत्ति लगायी तो अभिलेखों की जांच उपरान्त उनके आवास का वार्षिक मूल्यांकन 17 हजार किया गया। टैक्स समाधान दिवस में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता, कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी, कर अधीक्षक सुधीर शर्मा व सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ लिपिक रामकुमार मौजूद रहे।

# अपूर्वा इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर मे स्तिथ अपूर्वा इंटर कालेज का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। परिणाम देखकर बच्चे खुशी से झूम उठे हैं स विद्यालय परिवार ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को पुरुस्कार दिया है।

बतादे कि मिर्जापुर मे स्तिथ अपूर्वा इंटर कालेज का वार्षिक परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया है। परीक्षा मे कक्षा 6 मे प्रथम नबीय द्वितीय उजेफा व तृतीय उजेर ने स्थान प्राप्त किया है स 7 मे प्रथम हफसा द्वितीय सानिया व तृतीय खुशबु रही वहीं 8 वीं मे उमेरा, जानवी व लविष्का ने स्थान प्राप्त किये। 11 वीं सदफ सफिया अस्मा ने प्रथम द्वितीय व तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

अपूर्वा इंटर कालेज अध्यक्ष आरपी तिवारी ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाये देते हुए उनके उज्ववल भविष्य की कामना की है। इस दौरान अध्यापक अरविन्द कुमार, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, अमन, अक्षत जैन, अफसा, सानिया, रेखा, सिमरन, आमीषा आदि उपस्तिथ रहे हैं।

# बच्चे पढ़ लिखकर माता पिता का नाम करें रोशन: मुकेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर की शिक्षण संस्था हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव व परीक्षाफल परिणाम समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से पहुंचे नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी द्वारा स्कूल के मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

बृहस्पतिवार को हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा वक्त की कसौटी पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्रों ने छोटा बच्चा जान के, नारी शक्ति गीत, देशभक्ति गीत, लघु नाटिका ,व योगासन प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मुकेश चौधरी ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की व शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

उन्होंने बच्चों को बुरी आदतों से दूर रहने व मन लगाकर पढ़ाई करके अपने माता पिता का नाम रोशन करने को कहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक के एन तिवारी, प्राणनाथ पपनेजा, तथा विद्यालय की प्रधानाचार्य सरिता गर्ग ने छात्रों का वार्षिक परिणाम घोषित कर मेधावी छात्रों को पुरुस्कृत किया। कक्षा नर्सर की कृष्णा, अनन्या, एलकेजी की अलिशबा, नव्या, यूकेजी की इनाया, लक्की तथा प्राइमरी वर्ग में अरनव यादव, अब्दुल आहाद, आयत, आयत में तृप्ति, फलक खान, अर्श आलम, माधव, चित्राक्षा ने अपनी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जूनियर व सीनियर वर्ग में खुशी, कहकशा, तपस्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही नियमित उपस्थिति, सफाई व शैक्षिक योग्यता के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में प्राणनाथ पपनेजा, कोषाध्यक्ष गुंजन गर्ग, प्रधानाचार्य सरिता गर्ग ,उप प्रधानाचार्य सीमा पपनेजा, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा व विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सिस्टर मेबेल को सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य का पुरस्कार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सोफिया गर्ल्स सैकेन्डरी स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर मेबेल को उनके अच्छे कार्यो के फलस्वरूप एफबीडी ने सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्या के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

नवीन नगर स्थित स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल बहुत ही अच्छा रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर मेबल ने जबसे अपने कार्यभार सम्भाला है। स्कूल का कायाकल्प हो गया है। इससे पूर्व सिस्टर राजस्थान के कोटा शहर मे कार्यरत थी। बच्चों में स्कील डवलपमेंट के लिए इम्परुवमेट क्लास का आयोजन स्कूल समय से पहले कराना शुरु किया गया जो की बहुत अच्छा रहा। हर कक्षा में बच्चों से बारम्बार टैस्ट करवाये जाने लगे जिससे बच्चे हर से विषय में निपुण हो गये। परीक्षा के बाद अगली परीक्षा के लिए पूर्व में ही तैयारिया करवायी गयी जिससे बच्चों के अन्दर से परीक्षा का डर निकल गया। स्कूल की टीचर्स के किए स्कूल समय के बाद ट्यूशन पढाने के लिए मनाही है जिस भी बच्चे को पढाई में कोई भी समस्या उतपन्न होती है तो वे कभी भी प्रधानाचार्य से मदद मांग सकते हैं। वर्तमान में स्कूल का डिस्प्लेन जिस प्रकार से मेटेन किया है उसकी सराहना सभी द्वारा कि जा रही है। गरीब बच्चों के लिए स्कूल समय के बाद रिमिडियल क्लास का आयोजन कर ऐसे बच्चों को सर्व शिक्षा शिक्षा अभियान के तहत जोड़ा जा रहा है जिनका निजी विद्यालयों मे पड़ना एक सपना मात्र होता था। स्कूल की शिक्षा, मेनेजमेट, सुविधा एवं सुसज्जित वातावरण को लेकर एफ.बी.डी. ट्रस्ट द्वारा सिस्टर मेबेल को जनपद की बेस्ट प्राधानाचार्य का अवार्ड दिया है।

## मेला आज से होगा शुरू

**गंगोह।** शुक्रवार को महान संत बाबा हरिदास सिद्ध पीठ पर मेला लगेगा। हजारों श्रद्धालु उनके मंदिर पर पहुंच कर बाबा का दर्शन करेंगे।

चौदहवीं शताब्दी के संत बाबा हरिदास के बारे में मान्यता है कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से मन्नतें मांगता है, एक वर्ष की अवधि में ही उसकी इच्छा पूरी हो जाती है। नगर के पूर्वी छोर पर बने सिद्ध पीठ पर मेला प्रतिवर्ष चौत्र माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को लगता है। बताते हैं कि अमन शांति का पैगाम देने वाले बाबा हरिदास की कुटिया कभी नगर के उस पश्चिमी क्षेत्र में हुआ करती थी जहां हजरत कुतबे आलम की दरगाह है। बाबा व हजरत में मित्रता थी, तो उन्होंने वह स्थान हजरत के लिए छोड़ दिया था तथा पूर्वी छोर पर डेरा जमा लिया था। मंदिर के बराबर में ही वह धूना है जिस पर बैठ कर बाबा हरि ध्यान लगाया करते थे। यहां से बाबा गांव मोहनपुरा चले गए थे, जहां उन्होंने महा निर्वाण प्राप्त कर लिया।

























# सम्पादकीय

शुक्रवार, 28 मार्च 2025

## इंसाफ का परचम बुलंद

निसंदेह न्यायपालिका के प्रति देश के आमजन में जो धारना चली आ रही है, न्यायपालिका उस कसौटी पर सदैव खरी साबित होती रही है। दुष्कर्म के प्रयास के मामले में देश की शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार लगाकर न केवल इंसाफ का परचम बुलंद किया है, अपितु पीड़ित पक्ष को भी इससे बड़ी राहत महसूस हुई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट का जो फैसला पिछले दिनों पूरे देश में सवालों के घेरे में था, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर रोक लगाकर न्याय की संवेदनशीलता को संबल दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को लेकर महिला संगठनों व बौद्धिक वर्गों में तल्ख प्रतिक्रिया देखी जा रही थी। यहां तक कि महिला संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था। शीर्ष अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने माना कि फैसला न केवल असंवेदनशील है, बल्कि अमानवीय नजरिया भी दर्शाता है। जिसके चलते इस फैसले पर रोक लगाना आवश्यक हो जाता है। बेंच ने माना कि फैसला लिखने में संवेदनशीलता की कमी दृष्टिगोचर होती है। कोर्ट का मानना था कि जब फैसला चार माह तक सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया, तो यह नहीं कहा जा सकता कि इस पर गंभीर मंथन नहीं हुआ। वहीं शीर्ष अदालत ने इस मसले पर केंद्र व उप्र सरकार को भी नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले की निंदा की। दरअसल, विवाद इस बात को लेकर हुआ कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि पीड़िता किशोरी के स्तनों को छूना व पायजामे की डोरी तोड़ना बलात्कार या बलात्कार की कोशिश नहीं माना जा सकता। उल्लेखनीय है कि यह मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज जनपद के पटियाली थाना क्षेत्र में एक किशोरी से जुड़ा था, जिसके बाबत जस्टिस राममनोहर नारायण मिश्रा ने यह विवादित फैसला दिया था। इस एकल पीठ का कहना था कि मामले में तथ्यों व आरोपों के आधार पर तय करना संभव नहीं है कि बलात्कार का प्रयास हुआ था। जिसके लिए अभियोजन पक्ष को सिद्ध करना था कि अभियुक्तों का यह कदम अपराध करने की तैयारी के लिये था। दरअसल, इसी के मद्देनजर देश में फैसले के खिलाफ तल्ख प्रतिक्रिया देखी गई। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट की एकल पीठ का कहना था कि दुराचार करने की कोशिश और अपराध की तैयारी के बीच के अंतर को सही ढंग से समझना चाहिए। हाईकोर्ट ने निचली अदालत को आईपीसी व पाक्सो एक्ट की हल्की धाराओं में मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। उल्लेखनीय है कि यह घटना साल 2021 में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई थी। जिसमें तीन युवकों ने लड़की से बदतमीजी की थी और उसके प्राइवेट पार्टस को छुआ तथा पुल के नीचे घसीटकर उसके पायजामे की डोरी तोड़ थी। जिसे पास से गुजरने वाले ट्रैक्टर चालकों ने बचाया था। स्थानीय पुलिस से जब किशोरी के परिजनों को मदद नहीं मिली, तब उन्होंने न्याय के लिये कासगंज की विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। जहां अभियुक्तों पर आईपीसी की धारा 376 व पाक्सो एक्ट की धारा 18 लगाई गई। जिसको अभियुक्तों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसी मामले में आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लोगों में नाराजगी देखी गई।

## देश धर्मशाला नहीं, आने वालों पर नजर रखेंगे



भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य होगा, बिना कागजात के भारत में प्रवेश करने पर कानून सम्मत तरीके से सख्त कार्रवाई की जाएगी, जाली दस्तावेजों के लिए कड़ी सजा के प्रावधान किए गए हैं,वीजा की अवधि खत्म होने पर भी देश में रहने वालों को ट्रैक किया जाएगा, सरकार के पास विदेशी लोगों की घुसपैठ, भारत आने वाले लोगों के पास वैध कागजात हैं या नहीं, इसकी जांच करने का पूरा अधिकार है, इमिग्रेशन कोई आइसोलेटेड मुद्दा नहीं है, देश की सीमा में कौन आता है, कब आता है, कितनी अवधि तक आता है और किस उद्देश्य से आता है, यह जानना सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है।

**अमित शाह**
**गृह मंत्री**

**विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष**

# सचेतक का काम करते हैं रंगमंच

**27 मार्च 1962 को विश्व रंगमंच दिवस अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान केंद्रों व उसके सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया, अब यह दिन विश्व के 90 से अधिक केंद्रों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय अकादमियां, स्कूल और रंगमंच प्रमी शामिल हैं, संस्कृति, शिक्षा, शांति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है**



ऋतुपर्ण दवे

आज विश्व रंगमंच दिवस है। रंगमंच कला के महत्व की जागरूकता बढ़ा जश्न मनाने का दिन है। रंगमंच शब्द ग्रीक शब्द 'थिएट्रॉन' से लिया गया है जिसका अर्थ है 'देखने की जगह'। भारत में रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है। भरत मुनि को नाटयशास्त्र के लिए जाना जाता है। हमारे रंगमंचीय इतिहास बहुत पुराना है। शुरू से यही वो माध्यम है जिसे समझकर उसके सौंदर्य और महत्व, के साथ मनोरंजन के माध्यम से दैनिक जीवन में जश्न यानी खुशी प्रदर्शित की जाती है। विश्व रंगमंच दिवस. इसी का प्रतीक है। रंगमंच वह विधा भी है जिससे दुनिया भर की सरकारों, राजनेताओं, संस्थानों और हितधारकों को भी मंच के जरिए सूचित व सचेत किया जाता है कि समाज की ऐसी संस्थाओं और लोगों के प्रति कैसी जनधारणा है।

वास्तव में यह अभिव्यक्ति की वह कला है जिसमें कलाकार वास्तविक जीवन या घटनाओं का एक तरह से नाटय रूपांतरण यानी रिक्रिएशनकरते हैं, दोहराते और याद दिलाते हैं। इसे मनाने की शुरुआत 1961 से हुई थी। 27 मार्च, 1962 को, विश्व रंगमंच दिवस अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान केंद्रों, उसके सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया। अब यह दिन विश्व के 90 से अधिक केंद्रों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय, अकादमियां, स्कूल और रंगमंच प्रेमी शामिल होते हैं। संस्कृति, शिक्षा, शांति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है इस दिन एक विशेष संदेश जारी किया जाता है, जो किसी प्रमुख रंगमंच हस्ती द्वारा लिखा जाता है। यह संदेश रंगमंच की भूमिका और इसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डालता है। हर वर्ष इसकी एक अलग थीम होती है। इस बार की थीम 'रंगमंच और शांति की संस्कृति' है। जैसा कि नाम से ही साफ है, इस झुलसती और तृतीय विश्व युद्ध की आहट के बीच बढ़ रही दुनिया को बड़ा संदेश देना उद्देश्य है। जैसा कि साफ है रंगमंच या थिएटर प्रदर्शन वास्तव में कला के जरिए जीवंत प्रस्तुति, अभिव्यक्ति, स्वीकरण या अस्वीकरण का वह तरीका है जिसमें कलाकारकिसी वास्तविक या काल्पनिक घटना के अनुभव को किसी विशिष्ट स्थान, पर आकर सामने नाटया प्रदर्शन करते है। यह न तो रिकॉर्डेड होता है न ही बार-बार के रिटेक जैसी सुधार की संभावनाएं होती है। वास्तव में जीवंत प्रदर्शन बड़ी चुनौती सरीखे होती है जिसे कलाकार साक्षात प्रस्तुत कर उसमें जीते हुए दिखते हैं। जो बहुत ही आनन्दित करता है। निश्चित रूप से यह न केवल कठिन कार्य है बल्कि अभिनय की वह चुनौती है जिसे सामने बैठे दर्शकों के समक्षमंच पर कलाकार करते हैं। एक तरह आज की भाषा में यह लाइव प्रदर्शन ही है। अपने संवाद, हाव-भाव, भाषण, गीत, संगीत और नृत्य के संयोजन से की जा रही जीवंत प्रस्तुतियों का दर्शकों पर एक अलग छाप व प्रभाव पड़ता है। ऐसे मंचन समाज के लिए न केवल बड़े संदेश देते हैं बल्किकला के तत्व, और कृत्रिम संसाधनों जैसे चित्रित दृश्य और स्टेजक्राफ्ट व प्रकाश व्यवस्था का उपयोग कर वो अनुभव की भौतिकता, उपस्थिति और तात्कालिकता भी बढ़ाते हैं। समय के साथ-साथ इसमें काफी बदलाव भी आया है। आधुनिक रंगमंच में नाटकों और संगीत थिएटर का प्रदर्शन भी शामिल होने से यह और भी आकर्षक और लोकप्रिय होते जा रहे हैं। रंगमंच कला भी कई रूप ले चुकी है।

बैले और ओपेरा थिएटर की वो प्रस्तुतियां बन गई हैं जिसमेंपारंपरिक रूप से किए जाने अभिनय, वेशभूषाओं का उपयोग किया जाता है। समय के साथ इस कला का भी विकास आधुनिक होते हुए भी काफी हद तक पारंपरिक भी है। यह दिन थिएटर कला के महत्व और मनोरंजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बात पर प्रकाश डालने के लिए भी मनाया जाता है ताकि उनका उपयोग शांति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है। वास्तव में एक खास दिन इसको समूचे विश्व में एक साथ मनाने के पीछे भी बहुत बड़ी और व्यापक सोच है। रंगमंच के मूल्य के बारे में जागरूक करना, रंगमंच समुदायों को अपने काम को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने में सक्षम बनाना, दुनिया भर के रंगमंच कर्मियों और संगठनों को आपस में जोड़ना और एक-दूसरे परिचित कराना। विश्व में अलग-अलग रूपों में प्रचलित रंगमंच विधाओं का न केवल आनंद लेना बल्कि दूसरों के साथ आनंद साझा करना है। वास्तव में विश्व रंगमंच दिवस हमें रंगमंच के विभिन्न रूपों का जश्न मनाने और हमारे समाज में उनके महत्व की सराहना करने का मौका भी देता है।

सच में, रंगमंच वह कला है जो सदियों से जीवित है और सदियों तक रहेगी भी। भले ही समाज, विकास और तकनीक में कितने भी उतार-चढ़ाव आए हों लेकिन मूल भावना अब भी जीवन्त है। समय के साथ बदलाव के बावजूद रंगमंच की भावना जस की तस है। यह हर तरह की कलाओं को शिक्षामें समाहित कर, मनोरंजन के जरिए लोगों तक पहुंचाती है। अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच दिवस इसी लक्ष्य की पूर्ति करता है तथा रंगमंच समुदाय नाटक और संगीत के प्राचीन शिल्प को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष प्रदर्शन, व्याख्यान और पुरस्कार प्रस्तुतियों की योजना बनाता है। निश्चित रूप से रंगमंच समाज में जागरूकता और चेतना का बड़ा जरिया है। आज नुक्कड़ नाटकों के जरिए दिए जाने वाले संदेश काफी प्रभाव छोड़ते हैं। यह समाज के लिए सचेतक जैसे होते हैं।

विश्व रंगमंच दिवस का उद्देश्य इसे जीवित रख और उन्नत बनाना है ताकि यह अपनी-अपनी भाषाओं, लोकगाथाओं, लोक कलाओं के जरिए वो संदेश दे सके जो मानवता के लिए अपरिहार्य, हितकारक और शांति-सद्भाव को बनाए रखने में सहायक हो।



# समुद्र की अतल गहराईयों में छिपी अद्भुत दुनिया...

**चीन के वैज्ञानिकों ने फेंडोजे पनडुब्बी के जरिये मैरियाना ट्रेंच की गहराईयों में गोता लगाया है, जैसे-जैसे वे नीचे उतरे उन्होंने अंधकार में दीप्ति बिखेरने वाले जीव देखे, जो हरी, पीली और नारंगी चमक बिखेर रहे थे समुद्र के पेंदे पर पहुंचने पर टीम ने जब रोशनी चालू की, तो उन्हें एक विस्मयकारी नीली दुनिया दिखाई दी जहां प्लवकों की भरमार थी**



प्रशांत महासागर की अथाह गहराइयों में एक रहस्यमयी दुनिया छिपी हुई है। मैरियाना ट्रेंच पृथ्वी के महासागरों की सबसे गहरी जगह है। यहां गहराई लगभग 11,000 मीटर तक है। इतनी गहराई पर दाब बहुत अधिक, ठंड अकल्पनीय और अंधकार भी घटाटोप होता है। ये परिस्थितियां इस जगह को पृथ्वी की सबसे प्रतिकूल और दूभर परिस्थितियों में शुमार करती हैं। लेकिन हाल ही में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि इन परिस्थितियों में भी जीवन की हैरतअंगेज़ विविधता मौजूद है। यह विविधता गहरे समुद्र की पारिस्थितिकी के बारे में हमारी वर्तमान समझ को ललकारती है।

हाल ही में, चीन के वैज्ञानिकों ने फेंडोज़े पनडुब्बी के ज़रिए मैरियाना ट्रेंच की गहराइयों में गोता लगाया है। जैसे-जैसे वे नीचे उतरे, उन्होंने अंधकार में दीप्ति बिखेरने वाले जीव देखे, जो हरी, पीली और नारंगी चमक बिखेर रहे थे। समुद्र के पेंदे पर पहुंचने पर टीम ने जब रोशनी चालू की, तो उन्हें एक विस्मयकारी नीली दुनिया दिखाई दी, जहां प्लवकों की भरमार थी।

**स्रोत फीसर्च**

यह खोज मैरियाना ट्रेंच पर्यावरण और पारिस्थितिकी अनुसंधान (एमईईआर) परियोजना का हिस्सा है, जिसके तहत किए गए अध्ययन सेल पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। इस शोध की सबसे चौंकाने वाली खोज 7000 से अधिक नए सूक्ष्मजीवों की पहचान है, जिनमें से 89 प्रतिशत विज्ञान के लिए पूरी तरह नए हैं। ये सूक्ष्मजीव हैडल ज़ोन (6000 से 11000 मीटर की गहराई) की कठोर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए विकसित हैं।

गौरतलब है कि कुछ सूक्ष्मजीवों के जीनोम बहुत कुशल होते हैं, जो सीमित कार्यों के लिए अनुकूलित होते हैं। जबकि कुछ अन्य के जीन अधिक जटिल होते हैं, जिससे वे बदलते पर्यावरण के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से कुछ सूक्ष्मजीव कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी गैसों को अपना भोजन बनाते हैं। यह क्षमता उन्हें पोषक तत्वों की कमी वाले समुद्री वातावरण में जीवित रहने में मदद करती है।

आगे के इस अध्ययन में एम्फिपॉड्स (छोटे झींगे जैसे जीव) पर ध्यान दिया गया, जो समुद्री खाइयों में बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया कि ये जीव गहरे समुद्र में रहने वाले बैक्टीरिया के साथ सहजीवी सम्बंध रखते हैं। उनकी आंतों में सायक्रोमोनास नामक बैक्टीरिया काफी संख्या में मिले, जो ट्राइमेथिइलएमाइन एन-ऑक्साइड (टीएमएओ) नामक एक यौगिक का निर्माण करने में मदद करते हैं। टीएमएओ गहरे समुद्र के अत्यधिक दाब से जीवों की रक्षा करने में अहम भूमिका निभाता है।शोध के तीसरे चरण में यह समझने की कोशिश की गई कि गहरे समुद्र की मछलियां अत्यधिक दाब और ठंडे तापमान में कैसे जीवित रहती हैं। जेनेटिक विश्लेषण से पता चला कि 3000 मीटर से अधिक गहराई में रहने वाली मछलियों में एक विशेष जेनेटिक परिवर्तन होता है, जो उनकी कोशिकाओं को अधिक कुशलता से प्रोटीन बनाने में मदद करता है। यह अनुकूलन उन्हें समुद्री दाब से बचने में सहायता करता है। शोध से यह भी पता चला कि विभिन्न जीवों ने गहरे समुद्र में कब शरण ली होगी। मसलन, ईल मछलियां शायद लगभग 10 करोड़ साल पहले गहरे समुद्र में चली गई होंगी जिसकी वजह से वे डायनासौर विलुप्ति वाली घटना से बच गई होंगी। इसी तरह स्नेलफिश लगभग 2 करोड़ साल पहले समुद्र की गहरी खाइयों में पहुंच गई होंगीं। यह वह समय था जब पृथ्वी पर टेक्टोनिक हलचल सबसे अधिक थी यानी धरती के भूखंड तेज़ी से इधर-उधर भटक रहे थे। ये निष्कर्ष इस बात को नुमाया करते हैं कि गहरा समुद्र लंबे समय से जलवायु परिवर्तन और ऑक्सीजन के उतार-चढ़ाव के दौरान कई जीवों को पनाह देता रहा है।

इन रोमांचक खोजों के साथ-साथ वैज्ञानिकों ने गहरे समुद्र में कुछ चिंताजनक चीज़ें भी देखीं, उन्हें मैरियाना और याप ट्रेंच में प्लास्टिक बैग, बीयर की बोतलें, सोडा कैन और एक टोकरी भी मिली है। यह दर्शाता है कि मानव गतिविधियों का असर दूरस्थ और दुगर्म क्षेत्रों तक पहुंच चुका है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने पाया कि कुछ बैक्टीरिया इन प्रदूषकों का इस्तेमाल ऊर्जा स्रोत के रूप में करने में सक्षम हैं। इससे लगता है कि भविष्य में समुद्री बैक्टीरिया पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं। बहरहाल, समुद्र की अधिकांश गहराइयां अब भी अनदेखी हैं। संभव है कि वहां भी असंख्य अनजाने जीव हैं। एमईईआर की योजना आगे भी ऐसे अध्ययन जारी रखने की है।

# नेपाल की राजनीति में योगी का खौफ

## अपना दबदबा मजबूत करने की कोशिश में चीन



यशोदा श्रीवास्तव

**2017 से पहले देश का नक्शा वैसा ही था जैसा अब है, उन्होंने कहा नेपाल अपने हिस्से के भू-क्षेत्र पर दावा कभी नहीं छोड़ेगा, नेपाल का दावा है कि काला पानी लिपुलेख और लिंपियाधुरा सुदूर पश्चिम उसके धारचुला जिले का हिस्सा है, नेपाल ब्रिटिश और भारत के बीच 1815 में हुई सुगौली संधि के अनुसार काला पानी क्षेत्र में होकर बहने वाली महाकाली नदी को दोनों देशों के बीच की सीमा माना गया था**



नेपाल की राजनीति में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का खौफ साफ दिख रहा है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की चिंता यह है उनकी सरकार के प्रमुख समर्थक दल नेपाली कांग्रेस के ही अधिकांश सदस्य न केवल हिंदू राष्ट्र के हिमायती हैं, तराई बेल्ट के ज्यादातर नेपाली कांग्रेस के नेता योगी भक्त भी हैं। पूर्व पीएम और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शेर बहादुर देउबा ने पिछले आम चुनाव में स्वयं कहा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनी तो हिंदू राष्ट्र पर विचार किया जाएगा। संयोग से उनकी पार्टी सत्ता में नहीं लौटी। नेपाल के राजनीतिक गलियारे में इन दिनों देउबा के योगी और मोदी से मधुर रिश्ते की चर्चा भी खूब है। नेपाल में राजशाही के जमाने में नेपाली कांग्रेस ही सत्ता में रही है इसलिए इस पार्टी का राजा के निकट होना स्वाभाविक है। नेपाल में यद्धपि की राजशाही का वापस होना संभव नहीं है लेकिन लोकतंत्र की राह से हिंदुत्ववादी पार्टी का सत्ता में आना असंभव भी नहीं है।

राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी हिंदुत्ववादी पार्टी है जिसकी शिनाख्त राजा वादी पार्टी के रूप में भी है। पिछले दिनों पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के स्वागत में उमड़े जनसैलाब को राजशाही की वापसी की दृष्टि से देखा गया जबकि यहां तख्ता पलट जैसी घटना का दूर दूर तक अंदेशा नहीं है। जहां तक लोकतंत्र के मजबूती का सवाल है तो वह है। भले ही संविधान सभा चुनाव से लेकर आम चुनाव तक, किसी में भी एक दल को बहुमत नहीं मिल पाया। राजनीतिक दलों में बिखराव अथवा कई राजनीतिक दलों की मिली जुली सरकार का अर्थ लोकतंत्र का सफाया होना नहीं होता। इसी के साथ कटु सत्य यह भी है कि राजशाही समाप्त होने का कोई परिवर्तनकारी अनुभूति नेपाली जनता को नहीं हो पाया। इसलिए लोकतांत्रिक सरकारों के प्रति उन्हें गुस्सा है और इसीलिए राजशाही के पक्ष में उनका झुकाव बढ़ रहा है।

काठमांडू में राजा समर्थकों के भारी जुटान के बाद नेपाल की कम्युनिस्ट दलों में घबड़ाहट साफ देखी गई। चाहे प्रचंड के नेतृत्व वाली माओवादी केंद्र हो या ओली के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ एमाले हो। घबड़ाहट का ही नतीजा है कि प्रचंड ने जहां ढाई दशक पूर्व दरबार नरसंहार की जांच के लिए आयोग गठन की मांग उछाल दी तो प्रधान मंत्री ओली ने एक बार फिर लिपुलेख, काला पानी व लिंपियाधुरा का मामला उठा दिया। प्रचंड दरबार नरसंहार की जांच की मांग कर पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र पर कानूनी शिकंजा कसना चाहते हैं। प्रचंड दरबार नरसंहार जिसमें राजा विरेंद्र विक्रम शाह के संपूर्ण परिवार सहित कुछ सैनिकों की हत्या हुई थी, मामले में ज्ञानेंद्र को दोषी मानते हैं। जबकि काला पानी का मुद्दा उठाकर ओली स्वयं को देश भक्त साबित करना चाहते हैं। कहना न होगा नेपाल की राजनीति इन दिनों हिंदू राष्ट्र बनाम राष्ट्र भक्त के बीच उलझी हुई है।

लिंपियाधुरा, लिपुलेख और काला पानी नेपाल से लगी उत्तराखंड की सीमा पर भारतीय भू भाग का हिस्सा है। पिछले वर्ष भारत ने इस हिस्से का इस्तेमाल मानसरोवर मार्ग को सुगम बनाने के लिए किया है। भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह इस मार्ग का उद्घाटन भी कर चुके हैं। इसे लेकर तब भी प्रधानमंत्री रहे ओली ने काफी बवाल काटा था। उन्होंने इस भू क्षेत्र पर अपना दावा ठोंकने के लिए नेपाल का नया मानचित्र तक जारी कर दिया जिसमें इस भू-क्षेत्र को शामिल किया गया है। इसी मुद्दे पर ओली भारत पर तोहमत मढ़कर खुद को राष्ट्र भक्ति का लबादा ओढ़ने की कोशिश करते रहते हैं।

हाल ही नेपाल की प्रतिनिधि सभा में नेपाल के परिवर्तित मानचित्र के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए ओली ने कहा कि 1962 ई. तक जो क्षेत्र नेपाल के अधीन था, उसका वर्तमान मानचित्र ही असली है। 2017 से पहले देश का नक्शा वैसा ही था जैसा अब है। उन्होंने कहा नेपाल अपने हिस्से के भू-क्षेत्र पर दावा कभी नहीं छोड़ेगा। नेपाल का दावा है कि काला पानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा सुदूर पश्चिम उसके धारचुला जिले का हिस्सा है। नेपाल, ब्रिटिश और भारत के बीच 1815 में हुई सुगौली संधि के अनुसार काला पानी क्षेत्र से होकर बहने वाली महाकाली नदी को दोनों देशों के बीच की सीमा माना गया था। यह क्षेत्र चीन (तिब्बत) से लगी भौगोलिक रूप से भारत और नेपाल दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल तैनात हैं। आम तौर पर भारत नेपाल के बीच सौहार्द पूर्ण संबंध रहे हैं। यहां तक की दोनों देशों के बीच रोटी बेटी का रिश्ता है। लेकिन इधर जबसे चीन का नेपाल में प्रभाव बढ़ा है तबसे दोनों देशों के बीच तनाव भी बढ़ा है। जब जब किन्हीं कारणों से भारत चीन के बीच तनाव हुआ है तब तब चीन इसका फायदा उठाने की कोशिश से बाज नहीं आया। अभी नेपाल में राजा वादी और हिंदू संगठनों द्वारा यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ की तस्वीर के साथ जो प्रदर्शन हुआ है, उसे भारत का शह माना गया।

# सूखी या बलगमी खांसी? मुलेठी है रामबाण इलाज

खांसी एक बेहद ही आम समस्या है, लेकिन यह आपको काफी परेशान कर सकती है। अगर आपको भी जिद्दी खांसी ने परेशान कर दिया है तो ऐसे में आप सदियों से इस्तेमाल किया जाने वाला एक प्राकृतिक उपचार आजमा सकते हैं और वह है मुलेठी। यह साधारण जड़ी-बूटी गले की जलन को शांत करने, खांसी को कम करने और बलगम को साफ करने में बहुत कारगर है। चाहे आपको सूखी खांसी हो जो ठीक नहीं होती या गीली खांसी हो और कफ जमा हो, मुलेठी आपकी मदद कर सकती है। दरअसल, इसमें सूजन-रोधी, जीवाणुरोधी और कफ निस्सारक गुण होते हैं जो इसे खांसी को दूर करने में कारगर बनाते हैं। खांसी की छुट्टी करने के लिए आप मुलेठी का इस्तेमाल कई अलग-अलग तरीकों से कर सकते हैं। मसलन, आप इसे चाय की तरह पी सकते हैं, चबा सकते हैं, शहद के साथ मिला सकते हैं या सोने से पहले गर्म दूध के साथ भी ले सकते हैं।

### मुलेठी की चाय...

अगर आपको सूखी खांसी, गले में खराश और गले में जलन की शिकायत है तो ऐसे में आप मुलेठी की चाय पी सकते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच मुलेठी का चूर्ण लें या मुलेठी की जड़ का एक छोटा टुकड़ा पीस लें। इसे 1 कप पानी में 5-10 मिनट तक उबालें। अब इसे छान लें और गर्म-गर्म पिएं। आप चाहें तो इसमें शहद और नींबू मिला सकते हैं।

### मुलेठी काढ़ा...

यह एक हर्बल काढ़ा है, जो बलगम वाली गीली खांसी को दूर करने में सहायक है। काढ़ बनाने के लिए आप मुलेठी, तुलसी के पत्ते, काली मिर्च और अदरक को पानी में उबालें। इसे तब तक उबालें, जब तक कि यह आधा ना रह जाए। अब आप इसे छान लें और थोड़ा शहद डालकर गर्मागर्म पिएं।

### मुलेठी और गर्म दूध...

अगर आपको सूखी खांसी की शिकायत है और इसलिए रात में अच्छी नींद नहीं आती है तो ऐसे में मुलेठी और गर्म दूध का सेवन करें। इसके लिए आप आधा चम्मच मुलेठी पाउडर को एक गिलास गर्म दूध में मिलाएं। रात में खांसी से राहत के लिए सोने से पहले पिएं।

### मुलेठी और शहद का पेस्ट...

अगर आपको लगातार खांसी हो रही है और गले में इंफेक्शन की शिकायत है तो ऐसे में आप मुलेठी व शहद को मिक्स करें। इसके लिए आप आधा चम्मच मुलेठी पाउडर को एक चम्मच शहद के साथ मिलाएं।

# किम जोंग की सेना अब होगी एआई वाले हथियारों से लैस

## उत्तर कोरिया ने नए एआई सक्षम ड्रोन का परीक्षण किया, अमेरिकी धमकियों के बावजूद किया परीक्षण

**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन लगातार अपने देश को सैन्य तौर मजबूत करने में लगे हुए हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ तनाव के बीच किम ने सिर्फ देश में हथियार बढ़ाएं हैं, जबकि देश प्रेस फ्रीडम, अभिव्यक्ति की आजादी और रोजगार में नीचे जाता जा रहा है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी के मुताबिक एक बार फिर उत्तर कोरिया ने नए टोही और हमलावर ड्रोनों का परीक्षण किया है। कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी की ओर से जारी तस्वीरों में किम जोंग को नए टोही और हमलावर ड्रोनों का अवलोकन करते हुए देखा गया है, साथ ही उन्होंने इनके उत्पादन में वृद्धि का भी आह्वान किया है। जारी तस्वीरों में किम जोंग को एक बड़े टोही ड्रोन को देखते हुए दिखाया गया है, जो बोइंग के ई-7 वेजटेल एयरबोर्न वार्निंग और कंट्रोल एयरक्राफ्ट जैसा दिखता है। अन्य तस्वीरों में विस्फोट करने वाले ड्रोन को लक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले सैन्य वाहनों से टकराते हुए दिखाया गया है। एजेंसी के मुताबिक इस परीक्षण ने टोही ड्रोन की कई लक्ष्यों को ट्रैक करने और जमीन और समुद्र पर सैन्य गतिविधियों की निगरानी करने की क्षमता को प्रदर्शित किया, जिससे उत्तर कोरिया के खुफिया जानकारी जुटाने के अभियान और दुश्मन के खतरों को बेअसर करने की क्षमता में खास बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नए विस्फोटक ड्रोन विभिन्न हमले मिशनों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं और इनमें नई एआई क्षमताए हैं। केसीएनए ने कहा कि किम ड्रोनों के प्रदर्शन से खुश हो गए हैं और उत्पादन बढ़ाने की योजनाओं को मंजूरी दी है। किम ने जोर दिया कि उनके सशस्त्र बलों को आगे बढ़ाने और उन्हें आधुनिक युद्ध के अनुकूल बनाने के प्रयासों में ड्रोन और एआई को पहली प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एजेंसी ने कहा कि परीक्षण उस समय हुए जब किम ने मंगलवार और बुधवार को एक ड्रोन प्रौद्योगिकी परिसर और एक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अनुसंधान समूह का दौरा किया था।





**तस्वीरों में किम जोंग को एक बड़े टोही ड्रोन को देखते हुए दिखाया गया है, जो बोइंग के ई-7 वेजटेल एयरबोर्न वार्निंग और कंट्रोल एयरक्राफ्ट जैसा दिखता है।**

# हम पर आधिपत्यवादी सोच न थोपे अमेरिकाः चीन

## अमेरिका पर हर वर्ष गैर जिम्मेदाराना तरीके से रिपोर्ट जारी करने का लगाया आरोप



**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका से अपनी आधिपत्यवादी सोच को उस पर न थोपने का आग्रह किया है और कहा कि चीन-अमेरिका संबंधों को शीत युद्ध की पुरानी मानसिकता से न देखे।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बुधवार को बीजिंग में अमेरिका की एक रिपोर्ट में चीन को अपने शीर्ष सैन्य और साइबर खतरे के रूप में बताए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करने हुए ये बातें कही। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका हर साल इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना और पक्षपाती रिपोर्ट जारी करता है, जिससे चीन खतरा जैसी धारणाएं फैलाई जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका इन रिपोर्ट का इस्तेमाल बड़े देशों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने, चीन को दबाने और अपने वैश्विक वर्चस्व को बनाए रखने के लिए करता है।

चीन ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि ताइवान मुद्दा पूरी तरह से उसका आंतरिक मामला है और इस पर किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि चीन ताइवान स्वतंत्रता का विरोध करने और अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि कोई भी देश इसे हल्के में न ले या गलत अनुमान न लगाए। जियाकुन ने अमेरिका से आग्रह किया कि वह अपनी आधिपत्यवादी सोच को चीन पर न थोपे और चीन-अमेरिका संबंधों को शीत युद्ध की पुरानी मानसिकता से न देखे। उन्होंने कहा कि रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के नाम पर चीन को रोकने और दबाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए।

# इजराइल ने गाजा से दागे गए प्रक्षेपास्त्र को मार गिराया

**यरुशलम।** इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियों ने गाजा पट्टी से दक्षिणी इजरायल में वायु सेना बेस की ओर दागे गए एक प्रक्षेप्य को मार गिराया।

यह जानकारी इजरायल की सेना ने बुधवार को दी। सेना ने कहा, थोड़ी देर पहले उत्तरी गाजा पट्टी से दक्षिणी इजरायल की एक प्रक्षेप्य दागा गया था। उन्होंने कहा कि अवरोधन के परिणाम की अभी भी समीक्षा की जा रही है। प्रक्षेप्य ने नेगेव रेगिस्तान में वायु सेना बेस, हेटजेरिम में सायरन बजाया। पहले के सैन्य आंकड़ों के अनुसार, जब से इजरायल ने गाजा पर अपने हवाई और जमीनी हमले फिर से शुरू किए हैं, हवाई रक्षा प्रणालियों ने गाजा पट्टी से पांच रॉकेटों को रोक दिया है। उधर, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि गत 18 मार्च से कम से कम 830 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 1,787 घायल हुए हैं। किसी भी इजरायली हताहत की सूचना नही मिली है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

रमजान माह की बधाई
राजेन्द्र कुमार
पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौहम्मद असलम कुरैशी
पूर्व प्रधान-कोतवाली देहात
एमएच इलेक्ट्रानिक्स एवं फर्नीचर, कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद अली
संभावित प्रत्याशी
आजाद समाज पार्टी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

कोई तो बात है, जूम इंस्टीट्यूट में
"जो लोगो को व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक विश्वास है
ये उन बच्चों के नाम और पते है जिनके परिवार के दो भाई/बहन जूम इंस्टीट्यूट पर पढ़े है और उनके द्वारा किये गये सतत् विश्वास की वजह से ये दोनों ही कम्पीटीशन में चयनित हुए है। पिछले 20 वर्षो का विश्वास अब व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक हो चुका है।
2014 Md. Arshad KGMC, Lucknow
2023 Md. Shahzaib Govt. Med. Coll. Saharanpur
S/o Mr. Mohd Shahnawaz 122, Laddhawala, MZN.
2013 Sana Praveen KGMC, Lucknow
2015 Sonam Praveen BDS, Jamia, (N.D.)
D/o Dr. Mehboob Hasan 407, South Khalapar, MZN
9th-12th CBSE/UP Board, (सारे विषय एक जगह पर)
NEET-PMT/JEE-IIT/CUET
नये बैच प्रारम्भ
क्रैश कोर्स
2015 Izhar Azeem LLRM Mrt.
2016 Amjad Med. Coll. SRE
S/O DR.SHAHID AHMED S/O MD. ISLAM AHMED MOH. CHODHRAN,AZAD RD,THANABHAWAN,MZN
2010 Huma Jahan LLRM, Meerut
Moh. Devidas, Madrsa Faizal Kuran, Khatauli
2023 Shobi Khan Govt. Med. Coll. Ghazipur
2024 Mohd. Kaif Govt. Med. Coll. Deoria
D/o & S/o Mr. Sadik Khan Shahpur, MZN
2015 Aleena Rehman Kannauj Med.Col.
2015 Nida Rehman GSVM. Kanpur
D/O DR. G. REHMAN DISTT. HOSPITAL CAMPUS, SRE
Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड
मु0नगर, 9368787704, 9837935900

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बहुजन समाज पार्टी
मुरादाबाद

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
इमरान कुरैशी
जिला पंचायत सदस्य
जनपद-बिजनौर
जिला अध्यक्ष
युवा रालोद
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
जिला प्रचार मंत्री
भाकियू टिकैत
जनपद-बिजनौर
कोतवाली देहात